RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 22
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 25 फरवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए
YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत में घूमने लायक सभी सुविधाओं से लैस रॉयल पैलेसेज
पेज- 12

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 50,781 | ▲ 1030 |
| निफ्टी | 14,900 | ▲ 270 |
| सोना | 46,307 | ▼ 148 /10 gm |
| चांदी | 68,676 | ▼ 886 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 32.08°C
न्यूनतम 16.01°C

## क्विक न्यूज

### मशहूर गोल्फर टाइगर वुड्स दुर्घटना में घायल



**लॉस एंजिलिस।** मशहूर गोल्फर टाइगर वुड्स मंगलवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों को उनके दाहिने पैर में लगी गंभीर चोटों के लिए रॉड्स, स्क्रू और पिनें डालनी पड़ी हैं। वुड्स उस समय एक टीवी शूट के लिए जा रहे थे और कार में अकेले थे जब सड़क के बीच डिवाइडर से उनकी कार टकरा गई और दो लेन पार करते हुए कई बार पलट गई। अधिकारियों ने मीडिया को यह जानकारी दी।

● विस्तृत खबर पेज-11

### पंजाबी गायक सार्दूल सिकंदर का निधन



**चंडीगढ़।** पंजाब के लोकप्रिय गायक और अभिनेता सार्दूल सिकंदर की मोहाली के अस्पताल में बुधवार को मौत हो गई। 60 वर्षीय अभिनेता का कोविड-19 का इलाज चल रहा था। फोर्टिस अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि 2016 में गुर्दा प्रतिरोपण करा चुके सिकंदर को 19 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को उनकी मृत्यु हो गई।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पुदुचेरी में राष्ट्रपति शासन को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पुदुचेरी में राष्ट्रपति शासन लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसी सप्ताह विश्वास मत प्रस्ताव पर मतदान से पहले मुख्यमंत्री नारायणसामी ने इस्तीफा दे दिया था और केंद्र शासित प्रदेश की कांग्रेस नीत सरकार गिर गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

### 'कुछ पीएसयू को छोड़कर बाकी का करेंगे निजीकरण'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि बिजनेस करना सरकार का काम नहीं है और उनकी सरकार रणनीतिक क्षेत्र में कुछ सीमित संख्या में सरकारी उपक्रमों (पीएसयू) को छोड़कर बाकी क्षेत्रों के सार्वजनिक उपक्रमों को प्राइवेट करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकारी कंपनियों को केवल इसलिए नहीं चलाया जाना चाहिए कि वे विरासत में मिली हैं। कहा कि खराब सार्वजनिक उपक्रमों को वित्तीय समर्थन देते रहने से इकॉनमी पर बोझ पड़ता है।

### कृषि मंत्री तोमर बोले सरकार बातचीत को तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को कहा कि अगर किसान कृषि कानूनों को डेढ़ साल तक स्थगित रखने और इस दौरान संयुक्त समिति के माध्यम से मतभेद सुलझाने की केंद्र की पेशकश पर विचार करने को तैयार हों तो सरकार आंदोलनरत किसानों के साथ बातचीत को तैयार है। सरकार और किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों के बीच अभी तक 11 दौर की बातचीत हो चुकी है और अंतिम बातचीत 22 जनवरी को हुई थी।

### यूपी विधानसभा में पारित हुआ 'लव जिहाद विधेयक'

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल बजट सत्र के दौरान बुधवार को योगी सरकार ने यूपी विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2021 यानि 'लव जिहाद' विधानसभा में पास करा लिया। बुधवार को यूपी विधान सभा में इस विधेयक का विरोध कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्रा और बसपा के नेता लाल जी वर्मा ने हल्का विरोध किया। हालांकि, इस विधेयक को सदन में ध्वनि मत से पारित कर लिया गया।

# दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट मैदान बना 'नरेंद्र मोदी स्टेडियम'

**एजेंसी। अहमदाबाद**

**दुनिया** का सबसे बड़ा मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम अब 'नरेंद्र मोदी स्टेडियम' के नाम से जाना जाएगा। गुजरात के अहमदाबाद स्थित 1.32 लाख दर्शकों की क्षमता वाले इस क्रिकेट ग्राउंड का बुधवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उद्घाटन किया। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। शाह गांधीनगर से लोकसभा सदस्य हैं। यह स्टेडियम उन्हीं के निर्वाचन क्षेत्र में आता है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिस्सा नहीं लिया। दिलचस्प बात यह है कि मोटेरा स्टेडियम का पहले आधिकारिक नाम सरदार पटेल स्टेडियम था। अब नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का नाम सरदार पटेल के नाम पर होगा।

### नए स्टेडियम की खासियत

- यह स्टेडियम 63 एकड़ में फैला है, जिसमें तीन एंट्री गेट्स हैं।
- स्टेडियम में तीन प्रैक्टिस ग्राउंड्स, क्लब हाउस, ओलंपिक साइज स्विमिंग पूल और एक इनडोर क्रिकेट एकेडमी भी बनाई गई है।
- स्टेडियम का स्ट्रक्चर ऐसा है कि जब भी कोई खिलाड़ी बाउंड्री मारे तो स्टेडियम में बैठने वाला हर क्रिकेट प्रेमी उस बाउंड्री को देख पाए।
- यह दुनिया में एकमात्र स्टेडियम है, जिसमें अभ्यास और सेंटर पिच के लिए एक ही मिट्टी का इस्तेमाल किया गया है। यहां बेहतर दृश्यता और परछाई को दूर करने के लिए पूरी गोलाकर छत पर एलईडी लाइट लगी है।'
- यह दुनिया में एकमात्र स्टेडियम हैं, जिसमें मुख्य मैदान पर 11 सेंटर पिचें हैं।





### मैदान में मैचों का आयोजन

- पुराने स्टेडियम में पांच वर्ल्ड कप मैचों के आयोजन सहित कुल 23 अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन किया जा चुका है।
- यहां पर 2011 वर्ल्ड कप का भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच क्वार्टरफाइनल मुकाबला भी खेला गया था।
- यह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय वनडे मैचों का आयोजन करने वाले भारत का दूसरा स्टेडियम है।

### उपलब्धियां एवं यादगार लम्हें

- दिग्गज सुनील गावस्कर ने अपने 10,000 टेस्ट रन यहीं पूरे किए थे।
- कपिल देव ने अपना 432वां टेस्ट विकेट इसी मैदान पर लिया था।
- सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट का अपना पहला दोहरा शतक इसी मैदान पर जड़ा था।
- सचिन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अपने 20 साल और 30,000 अंतरराष्ट्रीय रन यहीं पर पूरे किए थे।
- एबी डीविलियर्स ने भारत के खिलाफ टेस्ट में अपना पहला दोहरा शतक यहीं जड़ा था।

नए स्टेडियम में बुधवार को ही भारत-इंग्लैंड के बीच पहला अंतरराष्ट्रीय टेस्ट-मैच शुरू हो गया। डे-नाइट इस टेस्ट मैच में एसजी की गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया गया। शाह ने कहा कि अहमदाबाद अब स्पोर्ट्स सिटी के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। मोदी जी जब गुजरात के सीएम थे, तब से उनका यह सपना था। मोटेरा स्टेडियम के नजदीक 251 करोड़ रुपये की लागत से दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी बनेगा। इसका नाम सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होगा।

### इंग्लैंड को 112 रन पर ऑलआउट किया

**अहमदाबाद।** अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन की बलखाती गेंदों के दम पर भारत ने दूधिया रोशनी में खेल जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां इंग्लैंड को पहली पारी में 112 रन पर समेट दिया। अपना दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे पटेल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 38 रन देकर छह विकेट लिए, जबकि अश्विन ने 26 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। एक विकेट इशांत शर्मा को मिला जो अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम 48.4 ओवर तक ही टिक सकी और उसके केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे।

● विस्तृत खबर पेज-11

### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बिगड़े बोल, बोलीं

# जैसा ट्रंप के साथ हुआ मोदी के साथ उससे भी बुरा होगा

**एजेंसी। कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को हुगली में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान दिया। उन्होंने मोदी को देश का सबसे बड़ा दंगाबाज कह दिया। ममता ने कहा, जैसा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुआ, मोदी के साथ उससे भी बुरा होगा। हिंसा से कुछ हासिल नहीं हो सकता।

ममता ने कहा, बंगाल पर बंगाल का शासन होगा। गुजरात का बंगाल पर शासन नहीं होगा। मोदी बंगाल पर राज नहीं करेंगे। गुंडे बंगाल पर शासन नहीं करेंगे। ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी की पत्नी से सीबीआई की पूछताछ पर कहा, यह बंगाल की महिलाओं का अपमान है। ममता ने कहा कि हर बार भाजपा तृणमूल कांग्रेस को टोलाबाज कहकर बुलाती है, लेकिन मैं कहती हूं कि भाजपा दंगाबाज और धंधाबाज है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में मैं गोलकीपर रहूंगी और भाजपा एक भी गोल नहीं कर पाएगी। ममता ने गृहमंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, मोदी के साथ शाह भी देश में झूठ और नफरत फैला रहे हैं।



### टीएमसी और भाजपा में सीधी टक्कर

तृणमूल कांग्रेस लगातार दो बार से बंगाल की सत्ता पर काबिज है। 2011 में तृणमूल ने 184 सीटें जीती थीं, जबकि 2016 में उसके खाते में 211 सीटें आईं। इस बार तृणमूल की बड़ी लड़ाई भाजपा से है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद भाजपा विधानसभा चुनाव में भी उसी प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद कर रही है। चुनावी उठापटक के बीच भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी बुधवार को टीएमसी में शामिल हो गए। मनोज के राजनीतिक पारी शुरू करने के काफी समय से कयास लगाए जा रहे थे। माना जा रहा है कि मनोज को विधानसभा चुनाव में हावड़ा सीट से टिकट दिया जा सकता है। 35 साल के मनोज तिवारी का जन्म हावड़ा में ही हुआ था। 2008 में उन्होंने टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया था।

**हुगली में एक रैली को संबोधित कर रही थीं ममता**

**मोदी सबसे बड़े दंगाबाज बंगाल पर शासन नहीं कर सकते गुंडे : दीदी**

### सिब्बल की राहुल को नसीहत: वोटर कहीं का भी हो, उसे इज्जत देनी चाहिए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी के बयान पर बवाल मचा हुआ है। उत्तर और दक्षिण भारत की राजनीति पर दिए गए राहुल के बयान पर भाजपा ने उन्हें एहसान फरामोश बताया। कई केंद्रीय मंत्रियों ने राहुल पर निशाना साधते हुए उन्हें अवसरवादी बताया और कहा कि उन्होंने उत्तर भारतीयों का अनादर किया है। इस बीच कांग्रेस ने राहुल का बचाव करते हुए कहा कि यह उनकी निजी राय है। वह लोगों से अपना व्यक्तिगत अनुभव शेयर कर रहे थे। वहीं, कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने राहुल को नसीहत दी। उन्होंने भाजपा पर बंटवारे की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि मतदाता चाहे उत्तर भारत का हो या फिर दक्षिण भारत का सभी मतदाताओं को वोट देने की समझ है। मैं कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। मतदाता कहीं का भी हो उसे इज्जत देनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री **स्मृति ईरानी** ने कहा कि इस तरह के व्यक्ति के बारे में लोकप्रिय कहावत है, थोथा चना बाजे घना। स्मृति ने 2019 में पिछले आम चुनाव में राहुल को उनके पारिवारिक गढ़ माने जाने वाले अमेठी में हराया था। हालांकि वे केरल के वायनाड से जीत गए थे।

**भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा** ने कहा, कुछ दिन पहले राहुल पूर्वोत्तर में थे, भारत के पश्चिमी हिस्से के खिलाफ जहर उगल रहे थे। अब वे दक्षिण में उत्तर के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। विभाजन और शासन की राजनीति काम नहीं करेगी राहुल गांधीजी! लोगों ने इस राजनीति को खारिज कर दिया है। देखें गुजरात में क्या हुआ!

**किरेन रिजिजू** ने कहा कि अमेठी के लोगों ने आपके पूरे परिवार को इतने मौके दिए हैं। अगर आप अच्छे हैं तो भारत के हर हिस्से के लोग अच्छे हैं।

● विस्तृत खबर पेज-09

### बड़ा फैसला: अब निजी बैंक भी कर सकेंगे सरकारी लेनदेन

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने निजी क्षेत्र के बैंकों पर सरकार संबंधी बैंक लेनदेन (टैक्स व अन्य राजस्व भुगतान सुविधा, पेंशन भुगतान और छोटी बचत) लगाया गया आधिकारिक प्रतिबंध हटा दिया है। यह जानकारी वित्त सेवाओं के विभाग ने बुधवार को दी। पूर्व में इन सेवाओं के लिए कुछ गिने-चुने निजी क्षेत्र के बैंकों को ही अनुमति थी। इस संबंध में वित्त सेवाओं के विभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि यह कदम ग्राहक सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए व प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए लिया गया है।

### सीएम खट्टर का एक ही संस्थान में केजी से पीजी तक शिक्षा लाने का विचार

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी प्रणाली का विकास चाहते है, जिसके तहत केजी से पीजी तक की शिक्षा एक ही संस्थान में दी जा सके। उन्होंने अधिकारियों को दो ऐसे विश्वविद्यालय चिहिन्त करने को कहा है, जहां शुरू में यह सिस्टम लागू किया जा सके।

### वायरस के नए वैरिएंट्स के हिसाब से वैक्सीन में बदलाव करते रहना होगा : डॉ. गुलेरिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एम्स के डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा है कि कोरोना के नए स्ट्रैन से घबराने की जरूरत नहीं है। हमारी वैक्सीन 70, 80, 90 प्रतिशत कारगर हैं। इनके असर में मामूली कमी आई तब भी वे काम तो करेंगी। यह निश्चित रूप से गंभीर बीमारी और इससे होने वाली मौतों को कम करेंगी। हालांकि, गुलेरिया ने कहा कि हमें कोरोना के नए वैरिएंट के मुताबिक वैक्सीन में बदलाव करते रहना होगा। अब हमें घबराने की नहीं, बल्कि हालात पर करीब से नजर रखने और सभी वैरिएंट्स की तेजी से पहचान करने की जरूरत है। यह भी सुनिश्चित करना है कि इनमें से कोई वैरिएंट पूरी तरह नया न हो जाए और उस पर वैक्सीन नाकाम हो जाए।

**डिवाइडर तोड़ कर कार पर पलटा टैंकर**

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसे में कारोबारी परिवार खत्म

### वृंदावन से लौट रहा था परिवार, साले के दो बच्चों की भी हादसे में मौत

**कासिम खान। मथुरा/जींद**

**उत्तर** प्रदेश में यमुना एक्सप्रेस-वे पर घटी सड़क दुर्घटना में हरियाणा के एक मिल मालिक का परिवार ही खत्म हो गया। यह परिवार जींद जिले के सफीदों से ताल्लुक रखता था और बांकेबिहारी के दर्शन करने वृंदावन धाम गया था। वापसी में हादसे का शिकार हो गया। हादसे में मिल मालिक के साले के दो बच्चे और ड्राइवर की भी मौत हो गई है।

मंगलवार देर रात मथुरा के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक डीजल टैंकर अनियंत्रित होकर इनोवा कार पर पलट गया। हादसे में कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। हादसा नौझझील इलाके के माइल स्टोन 68 के पास हुआ। तेज रफ्तार टैंकर (नंबर एचआर 69-3433) नोएडा की तरफ से आ रहा था, जो अनियंत्रित होकर आगरा से नोएडा की तरफ जाने वाली सड़क पर आ गया और एचआर 33 डी 0961 नंबर की कार पर पलट गया। राहगीरों ने हादसे की खबर पुलिस को दी।



### मृतकों में ये शामिल

मृतकों में जींद जिले के सफीदों कस्बा निवासी मिल मालिक मनोज गर्ग (45), उनकी पत्नी बबीता (40), बेटा अभय (18) और हेमंत (16) शामिल हैं। अन्य मृतकों की पहचान मनोज गर्ग के साले सफीदों निवासी मुकेश की पुत्री हिमांगी (14), मुकेश का पुत्र मनु (10) और चालक राकेश (39) के रूप में हुई है। मनोज गर्ग तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई शिवचरण (52) ने बताया कि उनका संयुक्त परिवार है। मझले भाई सतीश (46) हैं। तीनों की अरुणोदय फीड मिल नाम से पोल्ट्री फीड की फैक्ट्री है।

जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी नवनीत चहल और एसएसपी गौरव ग्रोवर भी मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने सभी शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए हैं।

वहीं हादसे में पलटे टैंकर से निकलकर डीजल सड़क पर फैल गया, लेकिन गनीमत रही कि उससे कोई हादसा नहीं हुआ। क्योंकि रिफाइनरी की टीम और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया था। हादसे के बाद टैंकर चालक फरार हो गया, जिसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### प्रदेश में खनन रोकने को सक्रिय हुई एसईटी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खान एवं भू-विज्ञान मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश में आमजन के लिए उचित दामों पर निर्माण सामग्री सुनिश्चित करने के साथ-साथ अवैध खनन पर भी रोक लगाना है। सरकार अवैध खनन को शून्य स्तर पर लाने के लिए काम कर रही है, ताकि सरकारी खजाने को होने वाली राजस्व की हानि को रोका जा सके। मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अवैध खनन को रोकने के लिए 55 पुलिस अधिकारियों और विभाग के कर्मचारियों को मिलाकर स्पेशल इंफोर्समेंट टीम (एसईटी)का गठन किया गया है। अवैध खनन के दौरान पकड़े गए वाहनों से अब तक 90 करोड़ 60 लाख रुपये जुर्माना वसूल किया गया है।

### यूपीएससी परीक्षा के अतिरिक्त मौके को लेकर याचिका खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के आखिरी प्रयास में शामिल नहीं हो पाने वाले छात्रों की उन्हें एक और मौका दिए जाने के अनुरोध वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति एएम खानविलकर के नेतृत्व वाली पीठ ने यूपीएससी सिविल सेवा के अभ्यर्थियों की ओर से दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने वैश्विक महामारी के कारण अक्टूबर 2020 में सिविल सेवा परीक्षा का आखिरी अवसर गंवाने वाले छात्रों को एक और मौका दिए जाने का अनुरोध किया गया था। इन अभ्यर्थियों ने याचिका में महामारी के कारण परीक्षा की तैयारियों में मुश्किलों का हवाला दिया था। केंद्र ने नौ फरवरी को शीर्ष अदालत से कहा था कि वह अपना आखिरी मौका गंवाने वाले छात्रों समेत अभ्यर्थियों को एक बार उम्र सीमा में छूट के खिलाफ है। ऐसे छात्रों को इस साल एक और मौका देने से दूसरे उम्मीदवारों के साथ भेदभाव होगा।



## प्रदेश में बनी 106 नई पंचायतें संख्या बढ़कर हुई 6311

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**हरियाणा** में पिछले छह वर्षों के भीतर 106 नई पंचायतें अस्तित्व में आ गई हैं। प्रदेश सरकार ने बुधवार शाम नई पंचायतों के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अब इन पंचायतों में भी पहले से गठित पंचायतों के साथ ही चुनाव करवाए जाएंगे। ज्यादातर पंचायतें पुराने गांवों के विस्तार के बाद अस्तित्व में आई हैं।

दरअसल, प्रदेश के कई गांवों की आबादी बढ़कर कस्बों का रूप धारण कर चुकी है, लेकिन वहां अभी जनसंख्या के आधार पर नगर पालिका का गठन नहीं किया जा सकता है। क्योंकि इसके लिए सरकार को नगर पालिका के अनुसार

**सबसे ज्यादा यमुनानगर तो सबसे कम हिसार, जींद और कैथल में बनी**

बुनियादी ढांचा विकसित करना पड़ेगा। जिसके चलते सरकार ने बड़े गावों को तोड़कर नई पंचायतों का गठन कर दिया है। हरियाणा में इस समय 22 जिला परिषद, 6205 ग्राम पंचायत और 142 ब्लाक समितियां हैं। जिनका कार्यकाल 23 फरवरी को पूरा हो चुका है। हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा सात के तहत हरियाणा के राज्यपाल ने प्रदेश सरकार की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए नई पंचायतों के गठन को मंजूरी प्रदान की है।

# हरियाणा रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी 400 नई बसें

### नई वोल्वो, एसी और मिनी बसों की खरीद की तैयारी, एनसीआर में चलेंगी लो-फ्लोर बसें

**शिखा शर्मा। चंडीगढ़**

**हरियाणा** रोडवेज के बेड़े में अगले माह 400 नई बसें शामिल होंगी। मुख्यमंत्री द्वारा बसों की खरीद को लेकर सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान किए जाने के बाद विभागीय अधिकारियों ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार द्वारा अलग-अलग चरणों में कुल 1300 बसों की खरीद की जाएगी। इस योजना को हाईपावर परचेज कमेटी की बैठक में रखा जाएगा।

हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में टेंडर में आने वाली कंपनियों से एक साथ ही 800 बसों की खरीद के लिए बात होगी। वर्तमान में परिवहन विभाग के पास 3329 सामान्य बस हैं। इनमें से वर्तमान में 2323 सड़कों पर हैं। कोरोना और दिल्ली बार्डर पर चल रहे किसानों के आंदोलन की वजह से बाकी बस नहीं चल पाई। किलोमीटर स्कीम वाली 508 बसें भी परिवहन के बेड़े में हैं। वर्तमान में सरकार के पास वोल्वो श्रेणी की बीस बसें हैं। इनमें भी कई बसें ऐसी हैं जो अपने किलोमीटर पूरी कर चुकी हैं। दूसरा कोरोना व किसान आंदोलन के चलते वर्तमान में केवल एक वोल्वो बस सड़क पर है। मुख्यमंत्री द्वारा 800 बसों की खरीद तुरंत करने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। 500 और नई बसों के लिए भी सैद्धांतिक रूप से मंजूरी मिल गई है लेकिन इनके आर्डर 800 बस आने के बाद दिए जाएंगे। इसी तरह से नई एसी बसें, लो-फ्लोर बस और मिनी बसों की भी सरकार खरीद करेगी। इन दोनों शहरों में सिटी बस सेवा भी काफी कामयाब है। इन शहरों में इलेक्ट्रिक बसों को ही चलाया जाएगा। लो-फ्लोर की एसी बस भी इन शहरों के लिए सरकार खरीदेगी। इन दोनों शहरों से नई बसों की डिमांड के बारे में पूछा गया है।

### कॉलेज-विवि के विद्यार्थियों के लिए भी बस सेवा शुरू

सरकार ने कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए भी बस सेवा शुरू की हुई है। राज्य में कई रूट ऐसे हैं, जहां विद्यार्थियों की संख्या कम है। ऐसी जगहों पर मिनी बस चलाई जाएंगी। इसलिए स्कूल शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आईटीआई से विकल्प जाने जाएंगे। ये संस्थान विद्यार्थियों की जरूरत व रूट पर विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से बस की डिमांड सरकार को देंगे।



यात्रियों को सुविधा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बसों की खरीद करने की सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है। 800 नई बस इसी साल परिवहन बेड़े में शामिल हो जाएंगी। इसके बाद 500 और बसों की खरीद की सैद्धांतिक मंजूरी सीएम ने दे दी है। इलैक्ट्रिक, मिनी और लो-फ्लोर बसों की भी खरीद होगी। एनसीआर की डिमांड के हिसाब से बसों के लिए विकल्प मांगे गए हैं।

**मूलचंद शर्मा,** परिवहन मंत्री

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 25 फरवरी, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

# खुद एहतियात बरतकर ही हम अपनों को कोरोना से सुरक्षित रख सकते हैं : मेघना

*देश में बेशक सबकुछ खुल चुका है और वैक्सीन भी बन चुकी है, लेकिन कोरोना वायरस अभी गया नहीं है। आम आदमी तक वैक्सीन पहुंचने में अभी कुछ समय लग सकता है। इसके बावजूद अनलॉक में लोग काफी लापरवाही बरत रहे हैं। यदि लापरवाही से कोरोना फिर से फैल गया तो हम लॉकडाउन होने की स्थिति में भी नहीं हैं। ऐसे में स्थिति काफी खराब हो सकती है। इसलिए अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए गाइडलाइंस का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। यह कहना है स्वावलंबन ट्रस्ट की संचालक, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मेघना श्रीवास्तव का। पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और मेघना श्रीवास्तव की बातचीत के अंश :*



**जीवन परिचय**

**नाम :** मेघना श्रीवास्तव
**जन्मदिन :** 24 नवंबर 1982
**पिता :** अखिलेश श्रीवास्तव
**माता :** शकुंतला श्रीवास्तव
**पति :** विनोद कुमार श्रीवास्तव
**परिवार :** एक बेटी
**स्कूल :** 12वीं - गोवर्नमेंट स्कूल, एमपी बोर्ड
**उच्चशिक्षा :** बीकॉम, एमबीए, एमए
**रुचि :** समाजसेवा

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कब और कैसे की।**

**जवाब :** वर्ष 2005 में हमने दिल्ली में एक मार्केटिंग कंपनी की डिस्ट्ब्यूटरशिप लेकर काम करना शुरू किया था। यह काम हमने करीब पांच साल तक किया। जिसके बाद वर्ष 2011 में फरीदाबाद में अपनी फैक्ट्री स्थापित कर ली थी। वर्तमान में मैं पति के साथ फैक्ट्री का संचालन करती हूं।

**सवाल : समाजसेवा के क्षेत्र में आपने किसकी प्रेरणा से कदम रखा।**

**जबाव :** मेरे परिवार के लोग शुरू से ही जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहते थे। जिन्हें देखकर मुझे भी दूसरों की मदद करने की प्रेरणा मिली।

**सवाल : आपने समाजसेवा की शुरुआत कैसे और कब की।**

**जवाब :** वर्ष 2009 में कुछ पत्रिकाओं के साथ जुड़कर लिखते पढ़ते हुए दूसरों की मदद करने लगी। वर्ष 2010 में मुझे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का हरियाणा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। 2014 में मुझे महामंत्री नियुक्त किया। 2016 से मैं महासभा की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष हूं।

**सवाल : आप किन-किन सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं।**

**जवाब :** मैं आरएसएस के साथ वर्ष 2015 से जुड़ी हुई हूं। इसके अलावा मैं रेडक्रॉस सोसायटी, नेहरू युवा केंद्र, पीएनडीटी कमेटी, वन स्टॉप सेंटर और लीगल सेल के साथ जुड़ी हुई हूं।

**सवाल : अपनी संस्था का गठन कब किया और यह क्या कार्य करती है।**

**जवाब :** वर्ष 2018 में मैंने स्वावलंबन ट्रस्ट का गठन किया था। यह संस्था रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को आगे बढ़ाने, भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार, रोजगार उपलब्ध कराने और जरूरतमंदों की मदद करने, साहित्य के क्षेत्र में कई तरह के काम करती है।

**सवाल : महिलाओं के कल्याण के लिए संस्था क्या काम कर रही है।**

**जवाब :** निकिता हत्याकांड देखते हुए लगा कि बच्चियों के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण जरूरी है। हमारी लक्ष्मी बाई विंग 22 बच्चियों को प्रशिक्षण दे चुकी है। वर्तमान में 51 बच्चियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने जरूरतमंदों की कैसे मदद की।**

**जवाब :** लॉकडाउन में हमने पीएम रिलीफ फंड में दान भेजा था। संस्था का युवा विंग लगातार जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट वितरित कर रहा था। इस दौरान हम रेडक्रॉस की तरफ से और अपने स्तर पर राशन, मास्क और सेनिटाइजर वितरित किए थे।

**सवाल : भाजपा कब ज्वॉइंन की।**

**जवाब :** वैसे तो मैं भाजपा के साथ पिछले कई सालों से जुड़ी हुई हूं, लेकिन हाल ही में पार्टी ने मेरी मेहनत देखते हुए महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियम का पालन करते हुए हमें अपने जरूरी काम करने होंगे।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** सरकार ने काफी सोच समझ कर सही समय पर लॉकडाउन किया था। इस दौरान सरकार ने बीमारी से निपटने की तैयारी भी कर और लोगों को जागरूक भी कर दिया।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 16.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- डीएवी कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-16ए स्थित सामुदायिक भवन में भगवत कथा: दोपहर 3 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना जांच, ओपीडी व वैक्सीनेशन: सुबह 9 बजे
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच का आयोजन: सुबह 9 बजे

### निवेश गुरु

**भारतीयों** के लिए सोना खरीदना परंपरा का हिस्सा रहा है। बहुत बड़ी इमर्जेंसी को छोड़कर इसे कभी नहीं बेचा जाता है। यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के पास जाता रहता है। हालांकि, फाइनेंशियल प्लानिंग के लिहाज से इसे अच्छा नहीं कहा जा सकता है। खासतौर से तब जब हमने 2020 में सोने में जोरदार तेजी का दौर देखा है। इसके पीछे कई कारण रहे. ये शायद आगे जल्दी न दिखें। अगर आप 2021 में सोने में निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो यहां जानते हैं कि आपको इसे लेकर कैसे आगे बढ़ना चाहिए।

### यूटीलिटी न्यूज

#### जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कल

**फरीदाबाद।** 26 फरवरी को जिला मुख्यालयों पर आयोजित प्रदर्शनों में कर्मियों के बकाया वेतन और पीजीटी संस्कृत व टीजीटी अंग्रेजी की भर्ती को रद्द करने के मामले को उठाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री व अभारासकम के कोषाध्यक्ष श्रीपाल सिंह भाटी ने बताया कि सरकार कर्मचारियों की लंबित मांगों का बातचीत से समाधान करने की बजाय बड़े पैमाने पर कर्मियों की छंटनी कर रही है। सरकार ने वर्ष 2015 में विज्ञापित पीजीटी संस्कृत व टीजीटी अंग्रेजी के 1661 पदों की भर्ती को रद्द कर ज्वाइनिंग की प्रतीक्षा कर रहे चयनित अभ्यर्थियों के भविष्य को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के कई महीनों से वेतन न मिलने पर परिवार भूखमरी के कागार पर पहुंच गए हैं।

### क्विक न्यूज

#### स्लोगन प्रतियोगिता व साइकिल रैली से किया जागरूक



**फरीदाबाद।** उपमंडल के ग्रामीण क्षेत्र के गांव शाहपुर कला में बुधवार को सुपरवाइजर राज की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लड़कियों की स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके उपरांत गांव में साइकिल रैली निकालकर लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान बारे जागरूक किया। कार्यक्रम में गांव की महिला पंच सुनीता देवी ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपिका, दूसरे स्थान पर दिया और तृतीय स्थान पर स्नेहा रहीं। जिन्हें स्टेनरी किट देकर पुरस्कृत किया। बाकी की सभी भागीदारों को स्केच पैन पैकेट देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर आशा वर्कर अलका, आंगनबाड़ी वर्कर गीता, भगवती, भूदेवी और सुमन आदि गांव की कई गणमान्य महिलाओं ने भाग लिया।

# कंगाल नगर निगम : हर 100 मीटर पर अवैध निर्माण, अधिकारी बेलगाम

## एसडीओ और जेई के निलंबन के बाद बड़ी मछलियों पर कार्रवाई का इंतजार

राजेश दास। फरीदाबाद




**आम** जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाया गया नगर निगम सरकार के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। नगर निगम के अधिकारियों का भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। करोड़ों के घोटालों के कई मामलों की जांच चल रही है। लेकिन अधिकारियों में किसी बात खौफ नहीं है। अवैध निर्माणों को अभयदान देने, सीलिंग करने और खोलने के नाम पर जमकर अवैध वसूली की जा रही है। जिसके कारण शहर भर में हर 100 मीटर के बाद अवैध निर्माण होते देखा जा सकता है। बिना सीएलयू और सबडिविजन कराए रिहायशी प्लॉटों पर व्यवसायिक इमारतों का निर्माण धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त ने एक निर्माण के मामले में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में आउटसोर्सिंग के एक कनिष्ठ अभियंता को निलंबित किया है। पिछले दिनों विजिलेंस ने एक अनुबंधित क्लर्क को रिश्वत लेते हुए पकड़ा था, लेकिन भ्रष्टाचार पर अकुंश लगाने के लिए इन्हें संरक्षण देने वाली बड़ी मछलियों को पकड़ने की जरूरत है। अधिकारी इतने बेलगाम हो चुके हैं कि प्रथम नागरिक मेयर से भी दुर्व्यवहार करने से नहीं चूक रहे हैं।

### चारों तरफ अवैध निर्माण

**नगर** निगम के अधिकारियों की लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार की वजह से शहर की सूरत लगातार बिगड़ती जा रही है। शहर में हर 100 मीटर के बाद कहीं भी धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण होते हुए आम देखा जा सकता है। सरकार ने हाल में नियम एवं शर्तों के साथ चार मंजिला इमारत बनाने की छूट दी है। जिसका निगम अधिकारी और बिल्डर जमकर नाजायज फायदा उठा रहे हैं। निगम अधिकारियों की शह पर शहर भर में 100 गज तक के छोटे-छोटे प्लॉटों पर चार-चार मंजिला फ्लैट बिल्डरों द्वारा बनाए जा रहे हैं। इन प्लॉटों के छज्जे बाहर सड़क पर निकाल कर उन्हीं पर फ्लैटों का निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह रिहायशी प्लॉटों पर जगह जगह धड़ल्ले के साथ व्यवसायिक इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। बड़े प्लॉटों का सबडिविजन कराए बिना टुकड़ों में बेचा जा रहा है। इन अवैध निर्माणों की वजह से निगम के सीमित संसाधनों पर बोझ बढ़ता जा रहा है, लेकिन इतना सबकुछ होते हुए देखने के बावजूद अधिकारी क्यों अपनी आंखें मूंद कर बैठे हैं, यह किसी से छिपा नहीं हैं।

### सील लगाने व खोलने का खेल

**रिहायशी** इलाकों में अवैध व्यवसायिक इमारतों के निर्माण पर हाईकोर्ट ने पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद निर्माण कार्य जोरों पर है। अदालत का आदेश आने पर नगर निगम अधिकारियों द्वारा सिर्फ दिखावे की कार्रवाई कर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया जाता है। इस दौरान अवैध निर्माणों को तोड़ने की बजाए सीलिंग की कार्रवाई की जाती है। यह कार्रवाई भी निगम द्वारा भेदभाव पूर्ण तरीके से की जाती है। हाल ही में कुछ दिनों पहले निगम ने तिकोना पार्क में रिहायशी प्लॉट पर बने व्यवसायिक भवनों को सील किया गया था, लेकिन इस दौरान कई अवैध इमारतों को छोड़ दिया। एनएच तीन ईएफसीडी चौक पर एक अवैध निर्माण को निगम ने सील किया था, लेकिन ठीक उसके सामने अभी भी अवैध निर्माण हो रहा है। जबकि पास ही में एक अवैध इमारत का निर्माण पूरा हो चुका है। इस जगह पर कार्रवाई को लेकर निगम के दो जेई आपस में बुरी तरह भिड़ भी चुके हैं। इसके अलावा निगम अधिकारियों द्वारा खुद ही सील किए गए अवैध निर्माणों को कुछ दिनों बाद खोल भी दिया जाता है।



### जिम्मेदारी तय होनी चाहिए



**आईटीआर** कार्यकर्ता विष्णु गोयल ने बताया कि अधिकारियों के भ्रष्टाचार की वजह से चारों तरफ हो रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण के कारण शहर स्लम बनता रहा है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर इन पर कार्रवाई करने की जरूरत है। साथ ही अवैध निर्माणों को सील करने की बजाए तोड़ने की जरूरत है।

### बड़ी कार्रवाई की जरूरत

**नगर** निगम में भ्रष्टाचार के कई मामलों की जांच लंबे समय से लंबित पड़ी हुई। जिन अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच लंबित हैं, उनमें से कई अधिकारी या तो सेवानिवृत्त हो चुके हैं या फिर पदोन्नत हो चुके हैं। कार्रवाई के अभाव में अधिकारी भ्रष्टाचार के मामले में बेखौफ और बेलगाम हो चुके हैं। गतदिवस भी निगमायुक्त ने निर्माण करा रहे एक व्यक्ति से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने वाले अनुबंधित जेई पुनीत त्यागी को बर्खास्त किया है। इससे पहले विजिलेंस ने विज्ञान विभाग के अनुबंधित क्लर्क को रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। सूत्रों का कहना है कि सरेआम रिश्वत मांगने वाले इन अनुबंध के कर्मचारियों को भ्रष्ट अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। वहीं पिछले दिनों ओल्ड फरीदाबाद स्थित एक अस्पताल के निर्माण में अनियमिता पाए जाने पर एक एक्सईएन और एसडीओ को निलंबित किया था। बुधवार को मेयर सुमन बाला से दुर्व्यवहार करने वाले एसडीओ सुरेंद्र खट्टर को निलंबित किया गया है। हालांकि पिछले कुछ समय से सरकार की तरफ से सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए लंबित मामलों की जांच जल्दी कर बड़े स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है।

# तनाव और अवसाद दूर करने के लिए मिली नई दिशा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हॉयर** एजुकेशन डिपार्टमेंट की तरफ से छात्रों की परेशानियों को समाप्त करने के उद्देश्य से दो महीने पहले नई दिशा हेल्पलाइन शुरू की थी। जिसके तहत प्रदेशभर में 40 से अधिक मनोवैज्ञानिकों को छात्राओं के समस्याओं के निदान के लिए नियुक्त किया गया है। इसके लिए डिपार्टमेंट की तरफ से 24 घंटे हेल्पलाइन नम्बर 7419864999 जारी किया है। जिसके तहत जिले में अधिकतर कॉल पढ़ाई और परीक्षा से संबधित आ रही है। विद्यार्थी डिप्रेशन, चिंता और तनाव से गुजर रहे है। अभिभावक भी परेशान है। इस बात का खुलासा राजकीय महिला महाविद्यालय फरीदाबाद की मनोविज्ञान प्राध्यापक रीतिका गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि नई दिशा को भविष्य में हरियाणा के अलावा देश के राज्यों के लोगों के लिए भी उपलब्ध कराया जा सकता है। यह उन लोगों के लिए आशा की किरण है जो हताश हो चुके हैं और तनाव उनकी दिनचर्या पर हावी होता जा रहा है।



### आ रही कॉल

**रीतिका** ने बताया कि पढ़ाई के मामलों से अलग कुछ कॉल ऐसी भी आ रही हैं, जिसमें लोग अपनी व्यक्तिगत समस्याएं बताने लगते हैं। किसी को नौकरी करने में कठिनाई आ रही है तो कोई पारिवारिक हालातों के कारण शादी ही नहीं करना चाहता। वहीं अन्य कई तरह की मानसिक परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। तनाव से जूझ रहे पीड़ितों को मेडिटेशन करने की सलाह दी जाती है।

### ऐसे करें तनाव दूर

**मनोवैज्ञानिक** रीतिका गुप्ता बताती हैं कि तनाव दूर करने के लिए अनुलोम-विलोम की तरह सांस लेना और बाहर छोड़ना, गुस्सा आए तो पहले 10 तक गिनती गिनना, आवेश को भगाने के लिए खाली गिलास को दीवार पर मारना, मन में दूषित विचार आएं तो कलाई पर रबड़ बैंड बांधकर उसको खींचना बहुत कारगर उपाय हैं। मन की भड़ास निकालना बहुत जरूरी होता है। पूरा दिन हमने कौन से अच्छे काम किए, उन्हें लिखना चाहिए और खुद से बात करनी चाहिए। इसके अलावा घर में किसी बुजुर्ग और अपने विश्वासपात्र प्रियजन से भी अपने विचार साझा करने चाहिए। अपनी हॉबीज पर ध्यान देना चाहिए और खुद को व्यस्त रखना चाहिए ताकि मन में नकारात्मक विचार ना आएं।

# विपुल गोयल के घर संकल्प समर्पण निधि का कार्यक्रम



**फरीदाबाद।** सेक्टर 17 स्थित अपने आवास पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल द्वारा संकल्प समर्पण निधि अभियान के तहत प्रभु श्री राम मंदिर के लिए विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार जी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की तैयारियां जोर शोर से चल रहीं हैं और देश के अलग अलग हिस्सों से लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। विहिप के कार्यकर्ताओ और राम भक्तो की ओर से मंदिर निर्माण के लिए संकल्प समर्पण निधि कार्यक्रम के जरिये समाज को जागृत करने के लिए खुशी के साथ इस मुहीम को पुरा करने मे सहयोग कर रहे हैं। विपुल गोयल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मे अलोक कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिन्दु परिषद ने बतौर मुख्यातिथि के रूप मे शिरकत की। इससे पहले गोयल और मौजूद लोगों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का बुक्के और फूल मालाओ से जोरदार स्वागत किया और भगवान राम के जयकारो के नारो से कार्यक्रम राममयी हो गया। उपरोक्त कार्यक्रम में शिरकत करने वाले सभी लोगों द्वारा दिल खोलकर संकल्प समर्पण निधि अभियान के तहत हिस्सा लिया और प्रभु श्री राम मंदिर के निर्माण के लिए भरपूर सहयोग दिया। इस मौके पर अनेक उद्यमियों, सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, नरेश नंबरदार पार्षद, सुरजीत अधाना जिला पार्षद, कुलदीप सिंघल, जितेंद्र गर्ग, कपिल पाराशर, सुरेश भोला के साथ साथ अन्य काफी लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार



शुभ दिन ये आये आपके जीवन में हजार बार और हम आपको जन्मदिन मुबारक कहते रहें हर बार। 11 वर्षीय सांत्वना को पायनियर परिवार की तरफ से जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

### स्मार्ट क्रिकेटर्स ने जीता नौ विकेट से मैच




**फरीदाबाद।** छठें रविंद्र फागना-15 क्रिकेट टूर्नामेंट लीग मैच में स्मार्ट क्रिकेटर्स क्रिकेट अकादमी (गुरुग्राम) ने माही क्रिकेट क्लब (भोंडसी) टीम को नौ विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि माही क्रिकेट क्लब (भोंडसी) ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 23.5 ओवर में 10 विकेट पर 80 रन बनाए। प्रिंस डागर ने 19 रन, साहिल राजपूत ने 13 रन, विवेक और चिराग चौधरी ने 11-11 रन बनाए। स्मार्ट क्रिकेटर्स क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज वीर कटारिया ने चार विकेट, चित्रस सिंह ने तीन विकेट और यश कटारिया ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मार्ट क्रिकेटर्स क्रिकेट अकादमी टीम ने 15.5 ओवर में एक विकेट पर 81 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सावन ने 51 रन, अर्नव यादव ने 21 रन बनाए। अभय राजपूत (एंपायर) के द्वारा मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार वीर कटारिया को दिया गया।

### आरसीसी पेंथर ने 129 रन से जीता मैच




**फरीदाबाद।** 18वां रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग मैच में आरसीसी पेंथर, (सोहना) ने पीडी लौटकी टीम को 129 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि पीडी लौटकी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। आरसीसी पेंथर, (सोहना) टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 197 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए नवीन कौशिक ने 45 रन, उल्लास सिंह ढिल्लोंन ने 40 रन और मुकेश ने 39 रन बनाए। पीडी लौटकी की ओर से गेंदबाजी करते हुए रोहित खटाना, गुड्डू, पिंकू और कुलदीप दायमा ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पीडी लौटकी की टीम को 14.1 ओवर में 10 विकेट में 68 रन बना सकी। रंजीत खटाना ने 19 रन, कुलदीप दायमा ने 16 रन और प्रवीण ने 10 रन बनाए। आरसीसी पेंथर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमित कुमार ने पांच विकेट, मुकेश ने दो विकेट, प्रवीण राघव, प्रशांत ओर आदित्य धमान ने 01-01 विकेट लिया। मैन आफ दा मैच अमित कुमार को दिया गया।

### लखमीचंद बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**फरीदाबाद।** पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स फरीदाबाद के चेयरमैन लख्मीचंद भारद्वाज को भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने नियुक्ति पत्र देकर की। भाजपा जिला फरीदाबाद के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष लखमीचंद भारद्वाज ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर जो भरोसा व विश्वास जताया है, मैं उस पर खरा उतरूंगा ओर भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाने का कार्य करूंगा। भविष्य में जो भी संगठन की जिम्मेदारी मिलेगी, मैं पूरी मेहनत व लगन के साथ कार्य करूंगा। लख्मीचंद भरद्वाज ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

**ज्ञान मुद्रा संग हरि नारायण वल्लभं मंत्र अभ्यास से बृहस्पति ग्रह को संतुलित कर मोटापे से बचें!**



**मोटापे से बृहस्पति का संबंध ?**- एक ओर जहां सुदृढ़ देव बृहस्पति महाराज - ज्ञान, प्रतिष्ठा, धन एवं शरीर मोटापे सहित किसी भी चीज को बड़ा और विशाल कर देने में सक्षम कहे गए हैं तो दूसरी ओर गर बृहस्पति पर पाप ग्रहों का प्रभाव हो, तो किसी बीमारी के पनपने से भी मोटापा बढ़ सकता है!

**असंतुलित बृहस्पति के कारण - मोटापे के कुछेक अन्य कारण :**

- लग्न से सम्बंधित बृहस्पति देव में शरीर में वसा को शीघ्रता से इकट्ठा करने की क्षमता होती है!
- दूसरी ओर बृहस्पति कमजोर हो, तो अनापशनाप खाने की गलत आदत से मोटापा बढ़ता है!

**ज्ञान मुद्रा संग HARI NARAYAN VALLABHAM मंत्र जप अभ्यास के उपाय से कैसे दूर होगा मोटापा ?**

कहते हैं कि बीमारियां दिमाग में पैदा होती हैं और पेट में बढ़ती हैं, इसलिए पेट का सही होना बेहद जरूरी है, लेकिन असंतुलित बृहस्पति के कारण अनियमित दिनचर्या होने एवं जल्दबाजी में फास्टफूड जैसे भोजन सेवन करते रहने के कारण हमारी पाचन क्रिया बिगड़ जाती है जिससे पेट और पाचन तंत्र मेटाबॉलिज्म अनियंत्रित हो - एसिडिटी, डायबिटीज जैसी अनेक बीमारियां घर कर लेती हैं!

**ज्ञान मुद्रा एवं हरि नारायण वल्लभं मंत्र से बृहस्पति देव संतुलित रहें - कैसे सुधारें पाचन शक्ति और बचे रहें मोटापे से ?**

**एक तो ज्योतिष अनुसार** - जग पालनहार भगवान विष्णु को गुरु बृहस्पति जी का देवता कहा गया अत: हरि मंत्र जप से गुरु बृहस्पति ग्रह का संतुलित होना संभव है तथा इस मंत्र में पांचों तत्वों को संतुलित करने के बीजमंत्र मौजूद हैं, दूसरे ज्ञान मुद्रा - जो बृहस्पति से संबंधित तर्जनी अंगुलियों एवं अग्निकारक मंगल ग्रह से सम्बंधित अंगुष्ठों की टिप्स को मिला कर रखने से बनती है - उस उपाय से भी बृहस्पति के संतुलित हो जाने के साथ साथ - अंगुष्ठों की टिप्स में स्थित Brain एवं Pituitary Glands के Accupressure से उचित खानपान एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की इच्छाओं सहित अन्य मनोशारीरिक भावनाओं के नियंत्रण में रहने का होने वाले लाभ से हम तो-जीवन स्वस्थ रह सकते हैं!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट:** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने हेतु ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता हैं!

# अस्पताल में स्ट्रीट डॉग हैं, लेकिन एंटी रेबीज के इंजेक्शन नहीं

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल में आवारा कुत्तों और अन्य पशुओं को कहीं भी विचरते आम देखा जा सकता है। यहां मौजूद आवारा पशु यदि किसी को काट लें तो उनके काटने पर होने वाले इंफेक्शन से बचाने के लिए इंजेक्शन ही नहीं हैं। ऐसे में मरीज को स्वयं ही अपनी जान बचाने के लिए इंजेक्शन बाहर से खरीद कर लाना होगा। पिछले ढाई महीने से यहां आने वाले मरीजों को इंजेक्शन न होने की बात कह कर लौटाया जा रहा है।

### दिसंबर से समाप्त इंजेक्शन

### शहरभर में आवारा पशुओं का बढ़ रहा आतंक

शहरभर में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है, लेकिन इनके काटने से बचाव के लिए एंटी रेबीज के इंजेक्शन जिले के सिविल अस्पतालों में नहीं है। शहर के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल की बात करें तो यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगवाने के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें इंजेक्शन न होने की बात कहकर लौटाया जा रहा है। अस्पताल में कुत्तों को तो घूमते देखा जा सकता है, लेकिन यदि यह काट लें, तो




इंफेक्शन से बचाव के लिए लगाए जाने वाला इंजेक्शन लोगों को स्वयं ही बाजार से खरीद कर लाना होगा। अस्पताल में इंजेक्शन 12 दिसंबर से समाप्त हैं। जिसके कारण यहां आने वाले मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है या फिर उन्हें बाहर से महंगे दामों में इंजेक्शन खरीद कर लगवाने पड़ रहे हैं। ऐसे में मरीजों को परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में आए मरीजों ने बताया कि इंजेक्शन समाप्त होने के कारण उन्हें बाहर से मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन खरीदना पड़ रहा है। मरीजों की मानें तो एंटी रेबीज के एक इंजेक्शन के लिए उन्हें सवा तीन सौ से साढ़े तीन सौ रुपये तक देने पड़ रहे हैं।

### हर जगह आवारा पशु

**बीके** अस्पताल परिसर में कुत्तों द्वारा एक बच्चे का हाथ कहीं से लाकर फेंकने का मामला सामने आया था। इसके बाद से यहां आवारा पशुओं को घुसने पर रोक लगा दी थी, लेकिन आज भी अस्पताल परिसर के हर हिस्से में कुत्ते, सुअर, गधे, गाय, बकरी आदि पशुओं को घूमते हुए देखा जा सकता है, लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। गत दिवस अस्पताल के अपातकालीन कक्ष के बाहर गेट पर कुत्ता बैठे हुए देखा गया।

## जेडीयू ने बिजली बिलों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** जनता दल यूनाइटेड द्वारा बिजली बिलों को दो माह में देने की बजाए एक माह में देने के ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जेडीयू के राष्ट्रीय सचिव सचिन तंवर की उपस्थिति में अतिरिक्त जिला उपायुक्त सतवीर मान मार्फत प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय सचिव सचिन तंवर ने बताया कि ज्ञापन में मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर से मांग की गई है कि प्रदेश में जहां बिजली का बिल 2 महीने में भेजा जाता है, सरकार उसे 1 महीने में भेजे। दो महीने में ज्यादा यूनिट इकट्ठे हो जाती हैं और बिजली बिल का स्लैब भी बदल जाता है। इससे उपभोक्ता को ज्यादा राशि का बिल अदा करना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक मार्च से जाएंगे पहली व दूसरी कक्षा के बच्चे स्कूल



**फरीदाबाद।** जहां एक तरफ तीसरी से पांचवीं कक्षा के स्कूल खुल गए। वहीं अब पहली व दूसरी क्लास में भी विद्यार्थी स्कूल जा सकेंगे। शिक्षा निदेशालय ने पहली व दूसरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए एक मार्च से स्कूल खोलने के निर्देश दिए हैं। निदेशालय के निर्देश पर बुधवार से कक्षा तीसरी से पांचवीं कक्षा तक स्कूल खुल भी गए। स्कूलों में बच्चों का स्वागत भव्य तरिके से किया गया। राजकीय प्राथमिक पाठशाला ऐतमादपुर फरीदाबाद में स्कूल खुलने पर बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत किया। कुछ स्कूलों में हवन किया गया। बुधवार शाम को निदेशालय ने पहली व दूसरी कक्षाओं के लिए भी स्कूल एक मार्च से खोलने के निर्देश दिए हैं। स्कूल सुबह 10 बजे से डेढ़ बजे तक खोले जाएंगे। जो विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ना चाहता है तो उन्हें ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा। उनका स्कूल से नहीं काटा जाएगा। विद्यार्थी स्कूल आने से पहले अपने माता-पिता द्वारा लिखित अनुमति लेकर आएगा। क्लास रूम को सैनिटाइज करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गुजरात के सूरत में जीत की खुशी में आप ने लड्डू बांटे



**फरीदाबाद।** गुजरात के सूरत में हुए नगर निगम चुनावों में 27 सीट हासिल करने पर गदगद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पार्टी के जिला कार्यालय पर लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। सूरत में हुए नगर निगम चुनावों में 27 सीट हासिल करने और मुख्य विपक्षी दल बनकर उभरी आम आदमी पार्टी के पार्टी संयोजक अरविन्द केजरीवाल 26 फरवरी को सूरत में रोड शो निकालेंगे। पार्टी की जीत से गदगद आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धरमवीर भड़ाना के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। जिलाध्यक्ष धरमवीर भड़ाना ने कहा कि गुजरात के सूरत में हुए नगर निगम चुनावों में 27 सीट हासिल करना यह साबित करता है कि लोगों का मोह कांग्रेस पार्टी से भंग हो चुका है। देशभर में पार्टी को मुख्य विपक्षी दल के रूप में देखा जा रहा है और अरविंद केजरीवाल को लोग देश के प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे हैं। मौके पर आम आदमी पार्टी के तेजवंत सिंह बिड्ढ, हरेंद्र भाटी, विनोद भाटी, संतोष यादव, राहुल बैंसला, ब्रजेश नागर, वीना वशिष्ठ, हरिदत्त शर्मा, इंदिरा सिंह, नितिन राजपूत, जोगिंदर चावला, डी एस चावला, मनोहर विरमानी, पंकज शुक्ला, विजय गोदारा, लोकेश अग्रवाल एवं राजकुमार आदि ने पार्टी की जीत पर बधाई दी।

### कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय में मदद को आगे आए



**फरीदाबाद।** कोविड 19 महामारी कई लोगों के जीवन में अशांति लाया है, कुछ ने अपनी जान गंवा दी और लॉकडाउन के चलते कई व्यक्तियों ने अपनी नौकरी खो दी। इससे कई अभिभावकों को अपने बच्चों की उच्च शिक्षा जारी रखने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चुनौतीपूर्ण समय में दीक्षा मुस्कान फाउंडेशन ने आगे आकर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद के कुछ छात्रों के अभिभावकों का समर्थन किया। दीक्षा स्माइल फाउंडेशन की ओर से संस्थापक अध्यक्ष एनके भल्ला और जगमोहन शर्मा ने 23 फरवरी 2021 को 51000 रुपये का चेक देकर जरूरतमंद बच्चों की फीस को प्रायोजित किया। मान वेंचर्स से राजदीप मान, जो भारत के प्रमुख प्रसंस्कृत खाद्य निर्माता हैं, प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय निगमों को विनिर्माण और पैकिंग सेवाओं की पेशकश करते हैं, ने 24 फरवरी, 2021 को 100000 रुपये का चेक देकर उन बच्चों की शिक्षा भी प्रायोजित की जिनके माता-पिता को इस महामारी के दौरान नौकरी गंवानी पड़ी और वे अपने बच्चों की फीस का भुगतान नहीं कर सके। इस अवसर पर प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. संजीव शर्मा, वाइस प्रिंसिपल डॉ रितु गांधी अरोड़ा, और अन्य सीनियर स्टाफ मेंबर्स मौजूद रहे और उन्होंने समाज की निस्वार्थ सेवा के लिए दीक्षा स्माइल फाउंडेशन और मान वेंचर्स के परोपकारी भाव के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### एथलेटिक्स कोच जितेंद्र और कुलदीप को मिली बाइक



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के अनुसार 11वीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन नवदीप खेल परिसर नरवाना जींद में जिला एथलेटिक्स संघ ने किया था। अपने समय के बेहतरीन एथलीट खिलाड़ी रहे जितेंद्र बांगर कोच और कुलदीप अहलावत डीपीई का जींद जिले में पहुंचने पर एथलीट खिलाड़ियों ने 350 सीसी रायल इनफील्ड मॉडल की बुलेट बाइक देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों ने बताया कि जींद जिले में कोच जितेंद्र बांगर एथलेटिक्स खेल के क्षेत्र में द्रोणाचार्य के नाम से जाने जाते हैं। जितेंद्र बांगर और कुलदीप अहलावत ने जींद जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ी तैयार किए हैं और विश्व पटल पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। जितेंद्र बांगर और कुलदीप अहलावत द्वारा तैयार एथलीट खिलाड़ी वर्तमान में भारत सरकार के प्रत्येक विभाग में कार्यरत हैं। जिले के सभी एथलीट खिलाड़ियों ने सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। सम्मान करने वाले खिलाड़ियों के नाम सोनू, सतीश, प्रदीप, बलींदर मलिक, नवीन, जोगा दलाल और मंदीप आदि रहे।

### जिले के बच्चे बने राज्य स्तरीय टैलेंट सर्च और रंगोत्सव में विजेता



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य स्तरीय टैलेंट सर्च प्रतियोगिता और रंगोत्सव प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन एच तीन फरीदाबाद का प्रदर्शन बहुत ही प्रशंसनीय रहा। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि राज्य स्तरीय टैलेंट हंट प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई थी जिस का संचालन कूरुक्षेत्र से किया गया था। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की सातवीं कक्षा की छात्रा नेहा ने फोक डांस में प्रदेश भर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने छात्रा नेहा को बधाई देते हुए कहा कि छात्रा की फोक डांस की तैयारी में विद्यालय की संगीत शिक्षिका हेमलता के सतत परिश्रम और लगन को श्रेय दिया।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन





पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा कुमारी सेलजा और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी विवेक बंसल के दिशा निर्देश पर भाजपा सरकार द्वारा पारित किसान विरोधी तीन काले कानूनों और पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल की बढ़ती कीमतों व कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय तक समर्थकों के साथ पैदल मार्च करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न नेताओं ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

जिला उपायुक्त की अनुपस्थिति मे यह ज्ञापन एसडीएम जितेन्द्र कुमार ने लिया। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र

### सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय तक पैदल मार्च करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

स्तरीय प्रदर्शन का पूर्व विधायक आनन्द कौशिक व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने नेतृत्व किया प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैलगाड़ी पर मोटरसाइकिल और गैस के सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में विशेषकर महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं ने भाजपा विरोधी, मोदी और खट्टर विरोधी नारे लगाते हुए लघु सचिवालय पंहुचे। इस अवसर पर पूर्व विधायक आनन्द कौशिक ने कहा कि हम ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति का ध्यान केन्द्र सरकार द्वारा पारित तीन नये कृषि कानूनों की ओर आकर्षिक करना चाहते हैं। भाजपा द्वारा पारित किये गये ये तीनों कृषि बिल देश के अन्नदाता किसानों के हितों की नहीं बल्कि देश के घनाड्य उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाले साबित होने वाले हैं।

इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने कहा कि इसके अलावा हम राष्ट्रपति महोदय का ध्यान देश में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही मंहगाई की ओर भी दिलाना चाहते हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। जिसके कारण देश मे जनता की जेब पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा सब्जियों और खाद्य तेलों की कीमत भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, घरेलू गैस के दाम भी रोज बढ़ रहे हैं, घरेलू गैस पर मिलने वाली सब्सिडी भी खत्म कर दी गई है।

इस अवसर पर एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा, गौरव धींगड़ा, योगेश धींगड़ा, पूर्व पार्षद सुंदर माहौर, राकेश भड़ाना, संजय सोलंकी, अशोक रावल, वेदराम शर्मा, अनिश पाल, अधिवक्ता विनोद कौशिक, अश्वनी कौशिक, एलएन मित्तल, सुरेन्द्र अरोड़ा, सोनू सलूजा, केसी शर्मा, अर्जुन सैनी, गजना लांबा, लाड़ो देवी, अनिल कुमार नेताजी, मोतीलाल शर्मा, कंवर सिंह मलिक, दीपक मलिक, राजेन्द्र जिंदल, सुशांत गुप्ता आदि कार्यकर्ता और कांग्रेसी समर्थक विशेष रूप से मौजूद थे।

## डॉक्टरों ने बचाई 14 वर्षीय अंजली की जान

**फरीदाबाद।** कोरोना में आए बुखार का असर इतना खतरनाक हो गया कि बच्ची की जान पर बन आई, लेकिन एशियन अस्पताल के चिकित्सकों ने 14 साल की बच्ची को इलाज की सुविधाएं देकर नया जीवनदान दिया।

अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि बड़ोली गांव की रहने वाली 14 वर्षीय अंजली कसाना को 17 दिसंबर को तेज सिरदर्द हुआ। दिमागी दौरा पड़ा और बेहोश हो गई। घबराए माता-पिता उसे तुरंत पास ही के एक डॉक्टर के पास लेकर गए लेकिन अंजली को होश नहीं आया। डॉक्टर ने तुरंत उसे किसी बड़े अस्पताल में लेकर जाने की सलाह दी। रात 10 बजे माता-पिता अंजली को एशियन अस्पताल में बेहोश अवस्था में लेकर आये उस समय अंजलि को तेज बुखार था और उसकी सांस भी अनियमित चल रही थी। एशियन अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ और पीआईसीयू इंचार्ज डॉ हरिपाल कश्यप ने अंजली की हालत को देखते हुए उसे तुरंत वेंटीलेटर पर रखने की सलाह दी। एमआरआई जांच से पता चला की अंजलि के दिमाग के दोनों हिस्सों में सूजन थी, जिसके कारण उसके हाथ-पैर काम नहीं कर रहे थे। डॉ. हरिपाल ने बताया कि अंजली का ब्लड प्रेशर लगातार ऊपर नीचे हो रहा था। उसके ब्लड प्रेशर को काबू करने के लिए कई दवा दीं, साथ ही हमने उसका कोविड



एंटीबाडी टेस्ट करवाया, जोकि पॉजिटिव आया जिससे हमें पता चला की बच्चे को पोस्ट कोविड नेक्रोटाइजिंग एंसेफलाइटिस (यानि दिमाग की नसों में गलन व सूजन हुई है) हमने अपने वरिष्ठ मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल बेहरानी और वरिष्ठ बाल मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ विजय शर्मा से अंजली के इलाज के लिए समय-समय पर सलाह ली।

हमारी पीडियाट्रिक आईसीयू टीम की निगरानी में तकरीबन 13 दिन के बाद अंजली की हालत में सुधार हुआ और वह पूरी तरह होश में आई और 18 दिनों के बाद अंजलि को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। बच्चे को समय-समय पर जांच के लिए ओपीडी में बुलाया गया, ताकि बच्चे के इलाज में हो रहे सुधार का विश्लेषण किया जा सके। अंजली के पिता नरेश कुमार ने बताया की बेटी की हालत देखते हुए हम बहुत हताश हो गए थे, लेकिन डॉ हरिपाल और उनकी टीम ने मेरी बच्ची की जान बचायी में बहुत खुश हूं कि मेरी बेटी अब बाकी बच्चों के साथ पहले की तरह खेलती है।

## मंदिर निर्माण को सौंपा एक लाख 11 हजार का चेक



**फरीदाबाद।** अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए मोहयाल सभा फरीदाबाद ने भी आगे आकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संस्था के प्रधान रमेश दत्ता, महासचिव रायजादा केएस बाली, वरिष्ठ उपप्रधान नगिन्दर दत्ता, उपप्रधान प्रमोद दत्ता, मिथलेश दत्ता, विनय बक्शी सभी मिलकर बड़खल विधायिका सीमा त्रिखा के सेक्टर-21बी स्थित निवास पर पहुंचे और 1 लाख 11 हजार 111 रुपये का चेक उन्हें भेंट किया। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि राम मंदिर का बनना पूरे देश खासकर हिन्दू समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस क्षण को देखने के लिए लोगों की आंखे तरस गई थी। आज यह क्षण देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। सीमा त्रिखा ने कहा कि मोहयाल सभा की पूरी बिरादरी ने अपनी नेक जमा से यह चेक दिया है जिसके लिए में पूरी संस्था को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि मोहयाल सभा की जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है क्योकि इस संस्था ने लॉकडाऊन में भी मुझे अपने घर बुलाया था और वहां लाखों रुपये के चेक प्रधानमंत्री राहत कोष के लिए दिए थे।

# कैशबैक का लालच देकर ठगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डॉ.** अर्पित जैन डीसीपी मुख्यालय ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने, आरबीएल बैंक का कर्मचारी बताकर लोगों के साथ आरबीएल बैंक के कार्ड पर कैशबैक का ऑफर दे धोखाधड़ी से पैसा ऐंठने वाले दिल्ली निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो कम समय में अवैध तरीके (साइबर फ्रॉड) से ज्यादा पैसा कमाना चाहते थे। गिरफ्तार आरोपियों में ध्रुव और हिमांशु शामिल है। फरीदाबाद साइबर थाना में इन लोगों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं।

14 फरवरी को साइबर तकनीक की सहायता से आरोपियों को फरीदाबाद से गिरफ्तार करके 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खुद को आरबीएल बैंक का कर्मचारी बताकर लोगों को फोन करके उनके आरबीएल क्रेडिट कार्ड पर कैशबैक ऑफर का लालच देते थे। इन फर्जी बैंक कर्मियों की



बातों में आकर कुछ लोग कैशबैक के लालच में फंस जाते थे। पैसों के लालच में आकर जब कार्डधारक कैशबैक ऑफर लेने की हामी भर लेते थे तो आरोपी क्रेडिट कार्ड की वेरिफिकेशन के नाम पर उनसे क्रेडिट कार्ड का नंबर, सीवीवी और ओटीपी प्राप्त कर लेते थे। इसके बाद वह उस क्रेडिट कार्ड से ईकॉमर्स वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन शौपिंग करते और महंगे सामान मंगवा लेते। जब वह सामान डिलीवरी के लिये आता तो उसे अपने पते पर न लेकर कहीं बीच रास्ते में ही ले लेते थे और बाद में उस सामान को सस्ते रेट पर राह चलते लोगों को बेच दिया जाता था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अब तक 50 से ज्यादा लोगों सहित पूरे देश में एक हजार से ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुके हैं।

धोखाधड़ी करके इन्होने कई लोगों को लाखों का चूना लगाया है। सेक्टर 28 के रहने वाले राजबहादुर के साथ 1 लाख 27 हजार, सेक्टर 15ए के निवासी अमितराज बग्गा के साथ 92 हजार और बल्लबगढ की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी संजय कुमार के साथ 52 हजार का फ्रॉड कर चुके हैं।

## जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य : सलिल

**फरीदाबाद।** सेक्टर 16ए कम्युनिटी सेंटर में नारायण सेवा संस्था उदयपुर के सहयोग से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास डॉ संजय कृष्ण सलिल ने कहा है कि जरूरतमंदों की सेवा सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य यही नर सेवा नारायण सेवा है। सभी ग्रंथों में दान का बड़ा महत्व दिया है। अत: सभी को यथासंभव दान करना चाहिए। भागवत कथा सुनने के लिए भक्तजन आ रहे हैं जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है। आयोजक व मुख्य यजमान संत गोपाल ने कहा है कि श्रीमद भागवत कथा के साथ-साथ 26 व 27 फरवरी को दिव्यांग शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमे दिव्यांग भाई-बहनों का इलाज करके उनके दिव्यांग अंगों के लिए समान दिया जाएगा। यह भागवत कथा 28 फरवरी तक प्रतिदिन सायं 3 से 6 तक आयोजित की जाएगी। बुधवार को कथा सुनने के लिए प्रहलाद गोयल ,टीपी शर्मा, अशोक अग्रवाल, नानक सरपंच, सुषमा गुप्ता, गौरव गोयल, यश गोयल, शिल्पा, रेयांश विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जीवा सीजीएचएस पैनल का पहला आयुर्वेद हॉस्पिटल

### यह आयुर्वेद के अद्वितीय उपचार के दृष्टिकोण पर आधारित है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जीवाग्राम,** सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए जीवा आयुर्वेद का विशेष केंद्र, हरियाणा का पहला सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) पैनल में शामिल होने वाला एनएबीएच मान्यता प्राप्त आयुष हॉस्पिटल बन गया है।

सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित भारत सरकार के मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं देने वाली एक योजना है। पैनल में शामिल होने से केंद्र सरकार के कर्मचारी, पेंशन लेने वाले और उन पर आश्रित रहने वाले नमांकित लोग इस योजना के तहत



स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए जीवाग्राम से आयुर्वेदिक उपचार और सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

यहां आयुर्वेदिक पद्धतियां जैसे पंचकर्म (शोधन) उपचार, योग और ध्यान, राग चिकित्सा, रिफ्लेक्सोलॉजी, मुद्रा उपचार, प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेदिक कुकिंग, जड़ी-बूटियों और तरह-तरह के आहार और जावनशैली से जुड़ी गतिविधियां, ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल के हिस्से के रूप में प्रदान की जाती है। जीवा आयुर्वेद के निर्देशक डॉ. प्रताप चौहान ने कहा, जीवाग्राम की विशेषता यह है कि यह व्यक्तियों को उनकी प्रकृति के अनुसार व्यक्तिगत व विशेष उपचार का अनुभव प्रदान करता है। यहां उपचार, चिकित्सा गतिविधियां या भोजन सब कुछ न केवल रोग के लक्षणों के लिए बल्कि शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से बीमारी के मूल कारण को देखते हुए बहुत बारीकी से तैयार किया जाता है।

बीमारियों के मूल कारणों को दूर करने के प्रमुख आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित, जीवाग्राम व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य कल्याण में विश्वास करता है- जिसमें मन, शरीर और आत्मा शामिल है। इसका आयुर्वेदिक उपचार का दृष्टिकोण, भले ही प्राचीन और पारंपरिक आयुर्वेदिक पद्धतियों से लिया गया है, लेकिन यह आयुनिक जैसे वैज्ञानिक डेटा- संचालित प्रोटोकॉल पर आधारित है। यह आयुर्वेद के अद्वितीय उपचार के दृष्टिकोण पर आधारित है, जो रोगी के देखभाल की उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान डेटा के साथ संयोजन करके उन्हें व्यक्तिगत मूल-कारण के लिए उपचार प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। प्रकृति विश्लेषण परीक्षण के आधार पर, जीवाग्राम हेल्थ केयर सुविधा प्रत्येक व्यक्ति को आहार और जीवनशैली पर मार्गदर्शन के साथ, अनुकूल आयुर्वेदिक दवाओं और उपचार का एक संयोजन प्रदान करती है। 27 साल की उपचार विरासत के अनुभव का लाभ उठाते हुए, जीवाग्राम की परिकल्पना उन रोगियों को ध्यान में रख कर की गई है जो आयुर्वेदिक उपचार की मदद से संपूर्ण संतुलन और अच्छे स्वास्थ्य को पाना चाहते हैं।

# कोरोना: 10 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46462



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बुधवार को 10 नए मामले सामने आए। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 46462 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ 10 पॉजिटिव में बसेवला, एनआईटी, सेक्टर-8, सेक्टर-87 से 1-1 मरीज है और ग्रीन फिल्ड कालोनी से दो और अन्य एरियों से 4 मरीज शामिल है। वहीं दूसरी तरफ राहत की बात यह रही कि जिले में 8 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर पहुंच गया।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांचें - | 535849 |
| अब तक पॉजिटिव - | 46462 |
| अब तक नेगेटिव - | 488632 |
| रिपोर्ट आनी शेष - | 755 |
| ऑक्सीजन पर है - | 1 |
| वैंटिलेटर पर है - | 1 |
| अब तक मौत - | 416 |
| अब तक ठीक - | 45976 |

# निर्माणाधीन बोम्बे हाइवे पर साइड मैनेजर की गोली मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

### हत्यारोपी युवक टी-20 कार से आया था

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**मंगलवार** देर रात निर्माणाधीन बोम्बे हाइवे के साइड मैनेजर की शराब के नशे में युवक ने रंगदारी न देने पर गोली मारकर हत्या कर दी। हत्यारोपी युवक टी-20 कार से आया था। सोहना सदर थाना पुलिस ने एपको इंफ्राटेक कंपनी के कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

मंगलवार देर रात करीब 12 बजे पलवल-सोहना मार्ग के गांव सांचौली के पास निर्माणाधीन बोम्बे हाइवे पर तैनात एपको कंपनी मैनेजर रोहित शर्मा अपने गाड़ी चालक शिवनदन के साथ निरीक्षण कर रहा था। उसी समय एक टी-20 कार वहां आकर रूकी। जिसमें से नौजवान युवक नीचे उतरा और रोहित शर्मा से



पुलिस गिरफ्त में आरोपी युवक।

रंगदारी देने को कहा। रोहित शर्मा द्वारा रंगदारी न देने पर उसकी साइड से सामान चोरी कराने की धमकी दी। इस दौरान रोहित शर्मा और आरोपी युवक से तू- तड़ाक हो गई। युवक ने रिवाल्वर निकालते हुए एक गोली सामने खड़े होकर रोहित शर्मा के सीने पर मार दी। गोली मारने के बाद युवक कार से फरार हो गया।

रोहित शर्मा को लहूलुहान हालत में गुरुग्राम के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोहित शर्मा पंजाब जिला जालंधर के गांव तुलशासिंह नगर का निवासी था। सोहना सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने एपको इंफ्राटेक कंपनी के अधिकारी अजय विक्रम सिंह की शिकायत पर अज्ञात हत्यारोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अज्ञात बदमाश की पहचान व तलाश में जुट गई है।

### हत्यारोपी गिरफ्तार

**क्राइम** एसीपी केके राव ने बताया कि



रोहित शर्मा का फाइल फोटो।

रोहित शर्मा की हत्या करने वाला युवक जिला नूंह के गांव हिलालपुर निवासी भीम सिंह राघव पुत्र डूंगर सिंह है। हाल में वह सोहना की फ्रेंड्स कॉलोनी में रहता है। रोहित बोम्बे हाइवे पर तैनात कुछ गार्ड से मिलीभगत करके सामान चोरी कराता रहा है। इसके खिलाफ पहले से कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम ने मात्र 12 घंटे में हत्यारोपी भीम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। भीमसिंह को गुरुवार दोपहर बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप हरियाणा के ट्रायल 28 को गुरुग्राम में : दीपा मलिक

### व्हील चेयर कैटेगरी का ट्रायल होगा चार मार्च को



भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष पदमश्री दीपा मलिक।

**गुरुग्राम।** हरियाणा पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पैरालंपिक कमेटी द्वारा 28 फरवरी 2021 को गुरुग्राम में ट्रायल होगा। यह ट्रायल यहां सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगा। वहीं सभी व्हील चेयर कैटेगरी का ट्रायल 4 मार्च को एक्सेलर वर्ल्ड स्कूल में होगा। पैरालंपिक कमेटी ने कोविड19 के चलते खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर यह निर्णय लिया है। इसे 2 चरणों में पूरा किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की अध्यक्ष पदमश्री दीपा मलिक ने बताया कि इसके लिए एक ऑनलाइन फार्म भरना होगा। जिसका लिंक पैरालंपिक कमेटी की साइट ओर सभी पैरालंपिक कमेटी के ऑफिशियल फेसबुक पेज पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जो खिलाड़ी टोक्यो 2020 के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं या इंडियन कैंप में हैं। उन्हें भी यह फार्म भरना होगा। इसके बाद उसे सीधे राष्ट्रीय टीम के लिए चयन कर लिया जाएगा। ईमेल के जरिए यह चयन पत्र दे दिया जाएगा। उन्हें हरियाणा में ट्रायल देने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन उन्हें यह फार्म भरना अति आवश्यक है। अन्य खिलाड़ी जो पहले किसी भी नेशनल सत्र के टूर्नामेंट में भाग ले चुके हैं और क्वालिफाई कर चुके हैं, वही खिलाड़ी इस ट्रायल का हिस्सा बन सकते हैं। क्योंकि कोविड-19 के चलते नए खिलाड़ियों की क्लासिफिकेशन नहीं की जा सकती। इसलिए इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जो पहले नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप खेले हुए हों।

## संक्षिप्त-समाचार

### पहले दिन कम संख्या में स्कूल पहुंचे बच्चे

**पलवल।** कोरोना महामारी में बीते 11 महीनों से बंद पड़ी तीसरी से पांचवीं तक की कक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई। पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि पहले दिन बच्चों की संख्या काफी कम रही। स्कूलों में बच्चों के हाथ सैनिटाइज कराकर और मास्क लगवाकर बैठाया गया। राजकीय उच्च विद्यालय जवाहर नगर कैंप की प्रधानाचार्य पूनम रावत और जेसीबी स्कूल के प्रबंधक एसके शर्मा ने बताया कि उन्हें तीसरे से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को स्कूल बुलवाने की जो भी हिदायतें दी गई थी, उसका उन्होंने पालन किया है। जो बच्चे आज स्कूल नहीं पंहुचे उनके अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है ताकि सभी बच्चे स्कूल पहुंचें। सभी विद्यार्थियों को कक्षाओं में सोशल डिस्टेंस के साथ बैठाया गया है। आपको बता दें कि आज से हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सभी निजी व सरकारी स्कूलों में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने आना शुरू कर दिया है तथा आने वाले 2-4 दिनों में इन बच्चों की संख्या में भी इजाफा होने की संभावना है।

### एटीएम कार्ड बदलकर छात्रा के खाते से निकाले 25 हजार

**पलवल।**धोखाधड़ी से एटीएम कार्ड बदल कर छात्रा के खाते से 25 हजार रुपये निकालने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी यादराम ने बताया कि नया गांव निवासी नीतु ने दी अपनी शिकायत में कहा है कि वह एक्सिस बैंक के अलावलपुर चौक स्थित एटीएम से पैसे निकालने के लिए गई थी। उस समय एटीएम बूथ के पास एक अनजान व्यक्ति खड़ा था। पीड़िता पैसे निकालकर वापस आने लगी तभी वह व्यक्ति उससे टकरा गया। जिससे पीड़िता का एटीएम कार्ड जमीन पर गिर पड़ा तो अनजान व्यक्ति ने उठाकर दिया। जिसको लेकर पीड़िता अपने कॉलेज पहुंच गई, उसी समय मोबाइल पर मैसिज आया कि आपके एटीएम कार्ड से आपके खाते से 25 हजार रुपये निकाले गए हैं। उस समय पता चला कि उसका एटीएम कार्ड उस व्यक्ति ने बदल दिया है। पीड़िता ने अपने कार्ड को बैंक फोन कर तुरंत बंद करा दिया।

### जेसीबी चालक को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने जेसीबी चालक को गोली मारने वाले आरोपी को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी और उसके भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भोंडसी की डिफेंस कॉलोनी में मंगलवार को जेसीबी चालक सरजीत पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव कादरपुर सेक्टर-65 निवासी को स्थानीय निवासी मंजीत ने तीन राउंड गोली चलाते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने सरजीत की शिकायत पर मंजीत व उसके भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मंजीत को मंगलवार देर रात उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया है। उसके भाई को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### पंडित सुभाष चंद की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन

**होडल।** घारम पट्टी स्थित श्री बालाजी मंदिर के संस्थापक पंडित सुभाष चंद की पुण्यतिथि के अवसर पर मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के संस्थापक पंडित राजेश गुरू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित सुभाष चंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और हनुमान जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भंडारे में आसपास की पट्टियों के साथ-साथ शहर के लोगों ने भी हिस्सा लेकर पंडित सुभाष चंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। संस्थापक राजेश गुरु ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों के सम्मान से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान श्याम सुन्दर मंगला, लाडली सैनी, शिवकुमार गर्ग, कुक्कन मंगला, मोनू गोयल, योगेश मंगला, दिलबाग आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### फर्रूखनगर में 2, सोहना में 2 नई पंचायतों के गठन को मंजूरी

**फर्रूखनगर।** हरियाणा सरकार ने पंचायतों के चुनावों से पूर्व 23 फरवरी को जारी नोटिफिकेशन में जिला गुरुग्राम के फर्रूखनगर ब्लॉक में 2 सोहना ब्लॉक में 2 सहित प्रदेश में 106 नई पंचायतों के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर का आभार प्रकट किया है। यह जानकारी पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने दी। लम्बे समय से ग्रामीण अलग पंचायतों के बनाने को लेकर सरकार से अपील करते आ रहे थे। सरकार ने ग्रामीणों की समस्याओं के निदान और आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नई पंचायतों को अमलीजामा पहनाते हुए उन्हें अलग पंचायतों का दर्जा प्रदान कर दिया है। इससे ग्रामीण विकास को गति मिलेगी और बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराये जा सकेंगे। बताया कि नई पंचायतों के चुनाव भी पुरानी पंचायतों के साथ ही कराये जाएंगे। उन्होंने बताया कि फर्रूखनगर खंड के गांव गुगाना और राजूपुर दोनों में काफी फांसला था। वहीं वोट के हिसाब से भी अंतर था। जिसके कारण ग्रामीण अलग पंचायत की मांग कर रहे थे। सरकार ने फर्रूखनगर खंड में राजूपुर व सिवाड़ी की ढाणी तथा सोहना ब्लॉक में चमनपुरा व रानी का सिंगोला को नई पंचायत बनाया है।

### वाटर बिल संबंधी कार्य बीसीआईटीएस प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में आने वाले सभी अधिकृत एवं अनाधिकृत कॉलोनियों, प्राइवेट बिल्डर एरिया और सेक्टरों में बीसीआईटीएस प्राईवेट लिमिटेड कंपनी को पानी के मीटर की रीडिंग लेने व रीडिंग अनुसार मौके पर बिल बनाकर व वितरित करने का कार्य नगर निगम गुरुग्राम द्वारा वर्ष 2024 तक सौंपा है। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि पानी के बिल वितरण का कार्य मकान मालिकों के संपत्तिकर के डाटा के आधार पर किया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं के घर पर पानी की सप्लाई का मीटर नहीं है, उनको नियत दर के अनुसार बिल वितरित किया जाना है। ऐसे उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे न्यू कॉलोनी स्थित वाटर बिल ब्रांच कार्यलय में मनीष कुमार के मोबाइल नंबर- 8700059964 तथा रविन्द्र कुमार के मोबाइल नंबर -9268442415 पर संपर्क करें। नगर निगम द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपने पानी से संबंधित बिल की अदायगी निर्धारित तिथि से पूर्व करवाएं। यदि किसी उपभोक्ता के बिल में कोई त्रुटि है, तो इसके समाधान के लिए हेल्पलाईन नंबर 1800-180-1817 पर संपर्क करें अथवा न्यू कॉलोनी स्थित वाटर बिल ब्रांच में संपर्क करें। सभी उपभोक्ता पानी के बिल का भुगतान सेक्टर-34, सिविल अस्पताल के सामने व सेक्टर-42 स्थित नगर निगम के कार्यालयों में स्थित नागरिक सुविधा केन्द्रों में करें।

### हसला की नई कार्यकारिणी घोषित, बलबीर बने प्रधान



**पलवल।** हसला जिला पलवल की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पूर्व प्रधान अशोक बाल्यान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हसला के नवनियुक्त प्रधान बलबीर सिंह सभी कार्यकारिणी के सदस्यों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए बलबीर सिंह ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी साथियों ने दी है उनका पूरी निष्ठा से निर्वाह करेंगे और हसला को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य किया जाएगा। बैठक को मुख्य रूप से पलवल के अध्यक्ष अजय गौतम, होडल के प्रताप सिंह, हसनपुर के नंद किशोर, डॉ. अनुपम पाण्डेय, यशपाल पारासर, नरेश डागर, पीताम्बर तेवतिया, राकेश बघेल, राजेंद्र सिंह, हारुन खान, नादर सिंह, लाल सिंह व ओम प्रकाश ने संबोधित किया। बैठक में प्राध्यापकों से जुड़े विभिन्न मसलों जैसे पुरानी पेंशन योजना, प्रोमोशन, एलटीसी व एसीपी आदि पर भी चर्चा की और प्रस्ताव पास किया कि हसला कार्यकारिणी और हसला परिवार सभी प्राध्यापक एवं अध्यापक साथियों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्परता एवं मजबूती से संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। बैठक में जिले के दर्जनों प्राध्यापक व अध्यापक मौजूद रहे।

# सर्वे करने वाले कर्मचारी को किसी प्रकार का शुल्क न दें

### गुरुग्राम व मानेसर निगम क्षेत्र में याशी कंसलटिंग एजेंसी कर रही है प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे का काम

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम तथा नगर निगम मानेसर क्षेत्र में याशी कंसल्टिंग सर्विसिज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे करवाया जा रहा है। इसके तहत कंपनी के प्रतिनिधि घर-घर जाकर मौके पर ही संपत्ति की जानकारी ऑनलाईन फीड कर रहे हैं। बुधवार को नगर निगम गुरुग्राम के जोनल टैक्सेशन ऑफिसर (मुख्यालय) दिनेश कुमार ने जनता से कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे के लिए कार्य करने वाले कर्मचारियों को किसी भी तरह का शुल्क न दें।

उन्होंने बताया कि अधिकृत सर्वेयर को आप बिजली के बिल की कॉपी, पानी के बिल की कॉपी, फोटो आईडी प्रूफ एवं पूर्व में जमा करवाए गए संपत्तिकर बिल के नोटिस व रसीद की प्रति उपलब्ध कराएं। सर्वे कार्य के उपरान्त आपकी संपत्ति से संबंधित सूचनाओं का संकलन ऑनलाइन प्रणाली द्वारा किया जाएगा। इसके फलस्वरूप आपको अपने संपत्तिकर व केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को जानने, समझने के साथ-साथ योजनाओं का लाभ भी प्राप्त होगा। आपको आपकी संपत्ति का एक आईडी नंबर दिया जाएगा, जो कि भविष्य में आपके लिए काफी उपयोगी होगा। यदि आप द्वारा सूचना आधी-अधूरी दी जाती है, तो भविष्य में अपना संपत्तिकर जमा करवाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# तस्करी के लिए लाई जा रही गायों को कराया मुक्त

**पलवल।** गायों से भरी पिकअप गाड़ी को सदर थाना पुलिस ने गोरक्षकों की मदद से गांव पिंगौड़ के समीप काबू कर लिया। आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी विरेंद्र के अनुसार उन्हें मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि आरिफ निवासी उटावड़, तस्लीम, वसीम, अलताफ, सज्जा निवासी आलीमेव, सद्दाम निवासी जेवर यूपी व अजरुद्दीन निवासी मालूका एक पिकअप गाड़ी गायों को भरकर तस्करी के लिए मेवात की तरफ ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही नाकाबंदी की तो अपने आप को घिरता देख सभी व्यक्ति मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पिकअप गाड़ी से सात गायों को बरामद किया। सभी गायों को गोशाला में छुड़वा दिया।

# 4.5 एकड़ पंचायती जमीन पर दबंगों ने बोया गेहूं

### जांच अधिकारी ने गेहूं फसल को बताया चारा ग्रामीणों ने लगाया मिलीभगत का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** फर्रूखनगर

**खण्ड** फर्रूखनगर के गांव अलीमुद्दीन (अलमदी) की करीब साढ़े चार एकड़ पंचायती जमीन पर गांव के ही दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करके गेहूं बोने और अवैध बोरवेल करने का मामला सामने आया है। गांव के सरपंच द्वारा इस मामले की शिकायत खण्ड विकास एवं पंचायत आधिकारी को दी। कब्जाधारियों ने सरपंच के परिवार को जान से मारने एवं अपहरण की धमकी दी।

सरपंच की शिकायत पर बीडीपीओ द्वारा थाने में कब्जाधारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की गई है। पुलिस द्वारा इस मामले में



फर्रूखनगर खंड के गांव अलीमुद्दीनपुर की पंचायती जमीन पर खड़ी गेहूं की फसल।

नियुक्त जांच अधिकारी द्वारा मौके पर पुराना बोरवेल दर्शाया और गेहूं की फसल खड़ी की जगह चारा दर्शाया जो कि सरासर मिलीभगत को दर्शाता है। अब यह मामला जब ठण्डे बस्तों में डलता देख गांव के ही कुछ लोगों ने पंचायती भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए अदालत की शरण ली है। चूंकि सरपंच अनुसूचित जाति की महिला जो कि दबंग लोगों के खिलाफ खुलकर नहीं बोल पाती है। इसलिए दबंगों ने गांव की पंचायती भूमि बीडीपीओ कार्यालय और पुलिस जांच आधिकारी द्वारा मिलीभत करके पंचायत की जमीन कब्जा ली है।

बता दें कि गांव अलमदी में पंचायत के पास काफी जमीन है जो कृषि योग्य है, अधिकांश जमीन को ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे पर दी हुई है। कुल जमीन का दस प्रतिशत हिस्सा पशु चारागाह के लिए छोड़ रखा है। जिसमें दबंगों ने कब्जा कर गेहूं बो दिए और अवैध बोरवैल कर दिया।

# 41 पीड़ित महिलाओं ने लिया वन स्टॉप सेंटर का लाभ

**गुरुग्राम।** सिविल लाइन्स में स्थापित वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर घरेलू हिंसा व दुष्कर्म की शिकार महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। पीड़ित महिलाओं की मदद करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए इस सेंटर को लेकर महिलाओं में जागरुकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, इस बात का अंदाजा यहां से लगाया जा सकता है कि जनवरी माह में 41 महिलाओं ने इस सेंटर में दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाया, जबकि फरवरी माह में यह आंकड़ा 42 तक पहुंच गया।

हाल ही में सामने आए मामले में केन्द्र द्वारा एक पीड़ित महिला की मदद की गई। महिला हैल्पलाइन नंबर पर प्राप्त हुई शिकायत उपरांत सेंटर में कार्यरत स्टॉफ द्वारा महिला से संपर्क किया गया। शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति बहुत शराब पीता है और उसके साथ मारपीट करता है।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने जुलूस निकाला

### जुलूस के बाद एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**कैलाश मंगला।** होडल

**मोदी** सरकार में कृषि कानूनों, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में की जा रही अप्रत्याशित वृद्धि के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में विरोध जुलूस निकाला। विरोध प्रदर्शन का आयोजन कांग्रेस के पूर्व विधायक उदयभान ने किया। प्रभारी जगदेव मलिक, कांग्रेसी नेता इसराइल, महेंद्र सिंह चौहान, जयनारायण भारद्वाज, उदय सिंह सौरोत, युवा नेता देवेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। विरोध जुलूस के बाद कांग्रेसियों ने एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।



होडल में सरकार के विरोध में जुलूस निकालने के बाद कांग्रेसी नेता व दूसरी ओर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते।

बीजेपी सरकार के विरोध में बुधवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक उदयभान की अध्यक्षता में निकाले गए विरोध जुलूस में पूर्व विधायक करण सिंह दलाल व उदयभान ने कहा कि बीजेपी सरकार में खासकर खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का नतीजा है। डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में आए दिन इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर देश स्वास्थ्य व आर्थिक महामारी से जूझ रहा है वहीं मोदी सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर रसोई गैस के मूल्यों में वृद्धि कर जनता की कमर तोड़ने का काम किया है।

मोदी सरकार ने तीन कृषि कानून बनाकर किसान भाइयों के साथ बहुत बड़ा छलावा किया है। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानूनों से साफ प्रतीत होता है कि मोदी सरकार कुछ पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों को पूरी तरह से बर्बाद करना चाहती है। पिछले 90 दिनों में हमारे देश के लगभग 250 किसान अपना बलिदान दे चुके हैं और सरकार है कि किसानों की मांगों की ओर देखती तक नहीं।

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन अनाज मंडी से शुरू होकर जगजीवन राम चौक, चरण सिंह चौक, पुन्हाना मोड होता हुआ लघुसचिवालय में पहुंचा जहां कांग्रेसी विधायकों और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम संदीप अग्रवाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर पूर्व सरपंच राजू गुप्ता, अनिल सिंगला, सुनील मित्तल, हेतराम पहलवान, जिला पार्षद महेंद्र बंचारी, होशियार सिंह, हुसैन खान, टेकचंद, बबलू पहलवान के अलावा पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मजदूर की 18 फीट ऊंचाई से गिरने पर मौत

**सोहना।** सोहना के वार्ड-21 में हिल टोन सोसायटी में 19 वर्षीय मजदूर की 18 फीट की ऊंचाई से गिरने पर मौत हो गई। मजदूर के चाचा ने सोसायटी अधिकारियों पर सुरक्षा के प्रबंध न करने का आरोप लगाया है। सिटी थाना पुलिस ने सोसायटी के खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जिला पलवल के गांव हथीन निवासी साहीर पुत्र सत्तार ने पुलिस को बताया कि वह बिजली फिटिंग का काम करता है। उसके साथ उसका भतीजा 19 वर्षीय जहीर पुत्र मुबीन भी करता है। वह 20 दिन पहले सोहना के वार्ड-21 में स्थित हिलटोन सोसायटी में काम करने के लिए आए थे। 17 फरवरी को काम करने के दौरान उसका भतीजा जहीर सुरक्षा के प्रबंध न होने के कारण करीब 18 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया था। जहीर को दिल्ली के सफदरजग अस्पताल में दाखिल कराया था।

# बिजली कर्मचारियों से मारपीट के विरोध में प्रदर्शन

### पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से कर्मचारियों में आक्रोश

**पायनियर समाचार सेवा।** होडल

**बिजली** चोरी पकड़ने गई टीम के साथ हुई मारपीट मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने से गुस्साए बिजली कर्मचारियों ने ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन व हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में बिजली कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सब यूनिट प्रधान विनोद कुमार और लख्मी चंद रावत ने की और मंच संचालन पूर्व ब्लॉक प्रधान लक्ष्मण सिंह ने किया।

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के प्रधान नरेंद्र सौरौत व हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला सचिव सत्यनारायण ने बताया कि 20 फरवरी शनिवार को कनिष्ठ अभियंता दीपचंद के नेतृत्व में आला अधिकारियों के आदेश पर एक टीम



बिजली कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट के विरोध में प्रदर्शन करते कर्मचारी।

बिजली चोरी पकड़ने के लिए गई थी। बिजली टीम ने गौडोता चौक के निकट स्थित नीटू ढाबे के बराबर में शराब के ठेके पर बिजली चोरी की चेकिंग की और पाया कि वहां बिजली चोरी हो रही है, परंतु तभी वहां मौजूद ठेका कर्मियों ने बिजली की टीम पर हमला कर दिया और बिजली कर्मचारियों को बंधक बना लिया।

मौके पर पुलिस टीम ने पहुंचकर बिजली कर्मियों को मुक्त कराया। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं होने से बिजली कर्मियों में रोष बढ़ गया और उन्होंने आज बिजली निगम का कार्य बंद कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। मामले की सूचना मिलते ही होडल थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठी व होडल डीएसपी दिनेश कुमार मौके पर पहुंच गए और उन्होंने बताया कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अगले एक-दो दिन में कार्रवाई करने का भरोसा यूनियन पदाधिकारियों को दिया। विरोध प्रदर्शन को प्रधान सुरेश रावत, भगवान सिंह, मुरलीधर, धीरेंद्र, कुंज बिहारी, प्रदीप सैनी, महिपाल, हरिसिंह, नरेश, पवन कुमार, राजवीर रावत, मनी रावत, भूपेंद्र आदि ने भी संबोधित किया।

### कनिष्ठ अभियंता सहित कर्मचारियों से मारपीट मामले में तीन नामजद

**होडल।** मुंडकटी थाना पुलिस ने बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दीघोट फीडर में तैनात कनिष्ठ अभियंता रवींद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह निगम के कनिष्ठ अभियंता संजय बंसल और टीम के अन्य सदस्यों के साथ गांव सीहा में बिजली चोरी पकड़ने गए थे। उन्होंने बताया कि जब वह एक मकान में बिजली चोरी की वीडियो फोन से बनाने का प्रयास किया तो कुछ युवकों ने उनसे मारपीट शुरू की। बताया कि युवकों ने वह फोन भी उनसे लूट लिया जिससे वीडियोग्राफी कर रहे थे। कनिष्ठ अभियंता ने पुलिस को बताया कि वह सभी युवक हथियारों से लैस थे। किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। युवकों के द्वारा किए गए इस हमले में कनिष्ठ अभियंता व कर्मचारियों को गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने कन्ष्ठि अभियंता की शिकायत पर गांव सीहा निवासी अशोक, मन्नू व सारदा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# वन विभाग अधिकारी ने फार्म हाउस मालिक पर दर्ज कराया मुकदमा

**सोहना।** रायसीना से लगती से अरावली पहाड़ी के अंसल क्षेत्र में फार्म हाउस की पैमाइश करने गई वन विभाग की टीम के साथ कर्मचारियों ने धक्का-मुक्की करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। वन विभाग की टीम ने फार्म हाउस में अवैध खनन कार्य होने का खुलासा किया है। फार्म हाउस मालिक समेत अन्य कर्मचारियों के खिलाफ भोंडसी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

एनजीटी के आदेश पर वन विभाग की टीम रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी क्षेत्र में बने फार्म हाउस ए-338 में पैमाइश करने के लिए गई थी। वन विभाग के खंड अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उसकी टीम पैमाइश करने के लिए फार्म हाउस के गेट पर पहुंची। फार्म हाउस मालिक सुधीर अग्रवाल निवासी निरवाना कंट्री सेक्टर-50, साउथ सिटी-2, इशलामपुर (97) गुरुग्राम ने अपने अन्य साथियों के साथ टीम को अंदर जाने से रोका। कहासुनी के बाद उनकी टीम फार्म हाउस में अंदर घुस गई। अंदर घुसने के दौरान सुधीर अग्रवाल के कर्मचारियों ने उनकी टीम में मौजूद वन रक्षक लक्ष्मण और वन खंड अधिकारी राशीद अहमद समेत अन्य के साथ धक्का मुक्की की। रेंज अधिकारी ने बताया कि जब उनकी टीम फार्म हाउस के अंदर पहुंची तो वहां पर अवैध खनन कार्य करने का खुलासा हुआ। उनकी टीम ने जैसे-तैसे फार्म हाउस की पैमाइश करते हुए अपना कार्य पूरा किया।

**फार्म हाउस मालिक समेत अन्य पर केस :** भोंडसी थाना पुलिस ने वन विभाग के रेंज अधिकारी अनिल कुमार की शिकायत पर फार्म हाउस मालिक व उसके कर्मचारियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है।

मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में क्रिकेट लीग-5 का उद्घाटन कर बोले डीसी

## प्रतिभा प्रोत्साहन को गांव-गांव बनेंगे अच्छे खेल स्टेडियम

**रिजवान कासिम।** मेवात

**उपायुक्त** धीरेन्द्र खड़गटा ने बुधवार को आज मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला में मेवात क्रिकेट लीग-5 का उद्घाटन रिबन काटकर व टॉस उछाल कर किया। उपायुक्त ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात जिले के कई गांवों में खिलाड़ियों के लिए अच्छे खेल स्टेडियमों का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने आम लोगों से अपील की वो आगे इन खेल स्टेडियमों को गोद ले सकते हैं। स्टेडियम की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का सारा खर्चा जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जाएगा। इस मौके पर उपायुक्त ने जिला में चल रहें विकास कार्यो व भविष्य में होने वाले विकास कार्यो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिसम्बर माह में हमने चौथी प्रो कबड्डी लीग का समापन किया है। हमें बड़ी खुशी होती है, जब मेवात के बच्चे हरियाणा स्तर पर सेलेक्ट होते हैं। इस बार हमारी कबड्डी लीग से दो बच्चों का सिलेक्शन हुआ है। जिसमें से एक बच्चा मुस्तकीम फिरोजपुर नमक से है व दूसरा बच्चा मोंटी पुन्हाना से है। जो अप्रैल माह में पंचकूला में होने वाली नेशनल लेवल के टूर्नामेंट में आपको खेलते दिखाई देंगे। वहीं अगर हम क्रिकेट की बात करें तो पिछले आईपीएल में शाहबाज़ शिकरावा को जब हमने पहली बार टीवी पर खेलते देखा तो, वह हम सब के लिए बहुत ही खुशी का पल था।


मेवात किक्रेट लीग का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा, साथ खड़े हैं अन्य अधिकारी और आयोजक।

### जिला में खेल प्रतिभाओं को निखारने को दी जाएंगी सभी सुविधाएं: डीसी

ओपी अरोड़ा एओबी एग्रो फूडस प्राईवेट लिमिटेड ने बताया कि इस क्रिकेट लीग से हम मेवात के बच्चों को एक अच्छा प्लेटफार्म दे रहे है। हम आशा करते है कि इस टूर्नामेंट में से नई-नई प्रतिभाएं निकल कर सामने आएंगी। जो आगे चलकर इलाके का नाम रोशन करेंगे एओवी पिछले कई वर्षों से मेवात में खेलो को आगे बढ़ाने के लिए कार्यरत है। इस मौके पर एबीएस फाउडेशन से एसएस सन्धू, मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला निदेशक खब्वाजा मौ. रफी, किक्रेट एसोसिएन नूंह के अध्यक्ष आबिद दानीबास, तौफिक अहमद, उपाध्यक्ष डा. हनीफ फिरोजपुर-नमक ,टेकचंद बंसल, अनिल सैनी, अब्बास आकेड़ा, धमेन्द्र कसाना जिला सूचना सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी आर.बी. चौपड़ा, कमलेश शास्त्री अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### तावडू नगर के नूंह रोड पर मकान से चोरी

**तावडू।** नगर के नूंह रोड पर एक मकान में चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। साजिद निवासी तावडू ने बताया कि नूंह रोड पर होज वाली मस्जिद के नजदीक उन्होंने जीआरसी का काम किया हुआ है। जिसमें उनकी लैबर काम करती है। उन्होंने बताया कि लेबर के लिए वहीं पर मकान बने हुए हैं जिनमें बीती 9 फरवरी को चोरी हो गई। साजिद के मुताबिक लैबर के सोनू कुमार निवासी दिल्ली का एक सैमसंग का मोबाइल, नितेश निवासी बिहार सुपौल का आधार कार्ड,पैन कार्ड, एटीएम कार्ड 15 हजार रुपये नगद, राकेश जिला बेतिया बिहार का पासपोर्ट और 15 सो रुपए नगद ,संजय निवासी जिला समस्तीपुर बिहार का 8 हजार रुपये नगद, आधार कार्ड पहचान पत्र चार जोड़ी कपड़े आदि जरूरी सामान चोरी हो गया। जिसकी उन्होंने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने पीड़ित साजिद की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज लोभी ने पांच बच्चों की मां को दिया तीन तलाक

**फरोजपुर पुर झिरका।** मारपीट कर दहेज प्रताड़ना ओर अंत मे तीन तलाक देकर विवाहिताओं का जबरन घर से निकालने का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। फिरोजपुर झिरका अंतर्गत दोहा गांव की विवाहिता पांच बच्चों की मां को पति व उसके परिजनों ने तीन तलाक देकर घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री हरियाणा को शिकायत भेज कर ससुराल पक्ष के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। असमीना पुत्री हसन मोहम्मद निवासी दोहा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भेजी शिकायत में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2006 को आलम पुत्र मेहताब के साथ की थी। दहेज में उसके पिता हसन मोहम्मद ने अन्य दहेज के समान के अलावा एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर, दो तोला सोना, दो किलो चांदी व 61 हजार रुपये नकद दिए थे। लेकिन पति आलम सहित ससुराल पक्ष के लोग शादी में दहेज से संतुष्ट नहीं हुए, पति के इशारे पर ननद मीना, रुब्बा उर्फ रुबीना पत्नी मुस्तुफा आदि दहेज में पैसे की मांग पूरी करने के लिए मेरे साथ मारपीट करने लगे। असमीना ने बताया कि पिछले 14 सालों में अनेक बार ससुराल पक्ष की नकदी की पिता से मांग पूरी करा चुकी है, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग मांग पूरी होने के बाद भी संतुष्ट नहीं हुए।

### नल्हड़ मेडिकल कालेज से ट्रैक्टर-पानी टैंकर सहित चोरी

**मेवात।** राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ की सुरक्षा में चोरों ने सेंध लगा दी। लाखों रुपये कीमत के ट्रैक्टर को पानी के टैंकर सहित चोर उड़ा ले गए। हद तो तब हो गई जब नल्हड़ मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में ही ना केवल पुलिस चौकी है, बल्कि सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे एसआईएस कंपनी के सैकड़ों सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही एसआईएस कंपनी की यह कोई पहली बड़ी लापरवाही नहीं है। इससे पहले भी कंपनी पर सुरक्षा के एंगल से कई बार सवाल उठ चुके हैं, लेकिन नल्हड़ मेडिकल कॉलेज प्रशासन सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही एसआईएस कंपनी को बाहर का रास्ता दिखाने के बजाय उसी पर एक बार नहीं बल्कि बिना टेंडर हुए बार-बार भरोसा कर रही है। मेवात के लोग अब यह सवाल मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से पूछने लगे हैं कि आखिर एसआईएस कंपनी का कर्ताधर्ता कौन है। जिस पर मेडिकल कालेज प्रशासन के अधिकारी इतने मेहरबान हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज में सोमवार की रात्रि को ट्रैक्टर व पानी का टैंकर चोर उड़ा ले गए।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का दिया प्रशिक्षण

**नूंह।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी फिरोजपुर झिरका के तत्वावधान में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में आंगनवाडी वर्करों व लाभ प्राप्तकर्ताओं ने हिस्सा लिया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सबिता मलिक ने प्रशिक्षण दौरान सभी आंगनवाडी वर्कर्स से उनके सामने आने वाली समस्याओं बारे में बातचीत की। उनके निदान बारे में बताया। वर्कर्स को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का टारगेट पूरा करने के लिए भी बोला व वर्करों ने अपनी समस्याएं रखते हुए बताया कि एरिया की महिलाएं टीकाकरण करवाने में संकोच करती हैं। उनके घरवाले बार-बार कहने पर भी कागजी कार्यवाही समय पर पूरा नहीं करवा पातें। इस पर परियोजना अधिकारी ने बताया कि सभी आंगनवाडी वर्कर होम विजिट के दौरान व माताओं की मीटिग करके टीकाकरण बारें माताओं को समझाएं। महिला एवं बाल विकास परियोजना सबिता मलिक ने बताया है कि हमें महिलाओं की परम्परागत छवि को बदलना होगा। आज महिलाऐं किसी भी सूरत में पुरूषों से कम नही है वो सभी प्रकार के कार्य कर सकती है। और ऐसा उन्होने हर रोज में आगे आकर करके भी दिखाया गया।

## लॉकडाउन बढ़ा गया बाल मजदूरी और भिक्षावृत्ति

जनपद में बड़ी संख्या में बच्चे होटलों-ढाबों पर काम करते और भीख मांगते दिखाई दिए

**रिजवान कासिम।** मेवात

**कोरोना** काल में बाल मजदूरी बढ़ी है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी से लेकर बच्चों के लिए काम करने वाली एनजीओ ही नहीं बल्कि आमजन इस बात से इत्तेफाक रखता है की कोरोना काल में मेवात जिले में गरीबी के साथ-साथ बच्चों को बुराइयों से बचाने एवं उनका समय बिताने के लिए माता-पिता ने उनसे बाल मजदूरी करवाई। वैसे तो आर्थिक स्थिति से मेवात हरियाणा का सबसे पिछड़ा जिला है, जिसकी वजह से पहले भी राज्य के दूसरे जिलों के मुकाबले यहां बाल मजदूरों की संख्या अधिक थी। लेकिन रही सही कसर कोरोना काल ने पूरी कर दी।

ऐसे बड़ी संख्या में बच्चे होटलों-ढाबों के अलावा भीख मांगते दिखाई दिए जिनकी आर्थिक तंगी की वजह से ऐसा करना मजबूरी बन गई थी। कुल मिलाकर सबसे ज्यादा मार स्कूल बंद होने की वजह से उन बच्चों पर पड़ी है, जो देश का भविष्य हैं। लेकिन धीरे-धीरे कोविड-19 के केस कम हुए हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं एनजीओ सभी मिलकर इस बुराई को मिटाने का दम भर रहे हैं।



जब इस बारे में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत पिछले कई सालों से काम कर रही चेतनालय एनजीओ की पदाधिकारी एनी सिस्टर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोरोना काल में उनकी संस्था ने मेवात जिले के पुनहाना, पिनगवां, नूह इत्यादि शहरों-कस्बों में बाल मजदूरी करने वाले बच्चों के लिए रेस्क्यू चलाया था। उन्होंने कहा कि 10-15 बच्चे महीने में उनकी टीम ने रेस्क्यू किए और उनको कार्रवाई के लिए सीडब्ल्यूसी के हवाले कर दिया। एनी सिस्टर मानती हैं कि जब इसकी पड़ताल की गई तो बाल मजदूरी के पीछे गरीबी सबसे बड़ी वजह मिली। इसके अलावा स्कूल बंद थे। अभिभावकों ने कहा कि बुराइयों से बच्चे बच सकें और इनका समय बीत हो सके इसलिए बाल मजदूरी कराई गई। उन्होंने कहा कि बाल हेल्पलाइन स्कीम में उनकी संस्था 2015 से मेवात जिले में काम कर रही है। साथ ही जिले के विकास को गति देने के लिए उनकी संस्था अन्य क्षेत्रों में 1998 से मेवात में काम कर रही है।

एनी सिस्टर मानती हैं कि लॉकडाउन में बेरोजगारी बढ़ी है। बच्चों को माता-पिता का रोजगार छिन जाने की वजह से काम करने को मजबूर होना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि जब उनकी संस्था पुलिस विभाग की टीम के साथ रेस्क्यू करने के लिए जाती थी तो कोविड-19 का पूरी तरह से पालन किया जाता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी आबिद हुसैन से जब इस बारे में खास बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि कोरोना काल में ड्रॉप आउट बढ़ा है। आंकड़े उनके पास नहीं है, लेकिन बाल मजदूरी ज्यादा देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि जिले में बाल मजदूरी पहले से ही थी जिसे लेकर श्रम विभाग तथा क्राइम ब्रांच गुरुग्राम के साथ उन्होंने कोविड काल से पहले काम किया। आबिद हुसैन ने कहा की वह कई विभागों के साथ मिलकर जिले में रेस्क्यू चलाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे भीख भी मांग रहे हैं।

### स्पॉन्सरशिप एवं पोस्टर केयर योजना से जोड़े दो सौ बच्चे

जिला बाल संरक्षण अधिकारी आबिद हुसैन ने कहा कि ऐसे बच्चों को चिन्हित कर स्पॉन्सरशिप एवं पोस्टर केयर योजना से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में इस योजना से तकरीबन 200 बच्चों को जोड़ा जा चुका है। आबिद हुसैन कहते हैं कि बच्चों की परवरिश अच्छे ढंग से हो सके, इसलिए बच्चों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है। आबिद कहते हैं जो 200 बच्चे उन्होंने इस योजना से जोड़े हैं, उनमें अधिकतर बच्चे ऐसे हैं। जिनके माता-पिता नहीं हैं या फिर वह बाल मजदूरी कर रहे हैं।

## पुलिस ने चार मांस तस्करों से पकड़े 20 ऊंट और 220 किलो मांस

**सेनायत खां।** फिरोजपुर झिरका

पुलिस की सख्ती से विचलित हो कर कुछ लोग गायों की तस्करी छोड़ ऊंटों के मांस की तश्करी कर लोगों से मोटी रकम कमा रहे हैं। पुलिस लगातार ऐसे लोगों को पशुक्रूरता अधिनियम के अंतर्गत दबोच कर कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है। शहर के वार्ड नम्बर-15 से पुलिस ने मंगलवार को दबिश देकर 20 ऊंट व 220 किलो ऊंट का मांस के साथ 4 मांस तस्करों को दबोच कर मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

शहर पुलिस चौकी के कर्मचारी बलवान सिंह के अनुसार किसी मुखबिर ने सूचना पर शहर के वार्ड नम्बर-15 में मंगलवार दिन में दबिश दी गई थी। पुलिस की टीम ने मौके से 20 ऊंट 220 किलो मांस के साथ पुलिस को देखकर इकबाल, सिराज, बाबू, खालिद पुत्र गूंगा को दबोचने में कामयाबी हासिल की है।

### हरियाणा पशु क्रूरता अधिनियम और मांस तस्करी के आरोपियों को अदालत में पेश किया

पुलिस ने बताया कि मांस तस्करों की चुंगल से छुड़ाए 20 ऊंटों की स्थानीय गोशाला के हवाले किया गया है।

220 किलो ऊंट के मांस जमीन में दबा दिया है। पुलिस की पूछताछ में मांस तस्करों ने बताया कि वह ऊंटो व मांस को हरियाणा से दिल्ली सप्लाई के लिए ले जा रहे थे। बलवान सिंह ने बताया कि पकड़े गए मांस तस्करों के खिलाफ हरियाणा पशुक्रूरता अधिनियम व मांस तस्करी का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को बुधवार को स्थानीय अदालत में पेश किया गया है।

## पुलिस ने गो तस्करों से मुक्त कराया बैल, एक आरोपी गिरफ्तार

**पुन्हाना।** सीएस स्टाफ पुलिस ने गौतस्करों के चंगुल से गोकशी के लिए ले जा रहे एक बैल को मुक्त कराने के साथ ही एक गोतस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। जबकि एक अन्य आरोपित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी सुखबीर ने बताया कि 23 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली कि पैमाखेडा गांव में दो गो तस्कर एक बैल को टाटा ऐस में लादकर नई व हथनगांव के रास्ते गोकशी के लिए राजस्थान ले जा रहे हैं। जिस पर तुरंत एक टीम तैयार कर मौके पर छापेमरी की तो टाटा ऐस में लदे हुए बैल को बरामद करने के साथ ही एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** के अंतर्गत सीलखो अतीतका सड़क मार्ग पर गांव मसीत के नजदीक बुधवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मौके पर मौजूद सिराजुद्दीन, जाकिर ,आबिद आदि ने बताया कि बुधवार को दोपहर करीब 1:30 बजे अब्बास पुत्र नसीम निवासी बावला व मोहम्मद तारीफ पुत्र मोहम्मद यूनुस निवासी चुहड़पर राजस्थान सीलखो-अतीत का सड़क मार्ग पर गांव मशीन व चिलवाली के बीच सड़क के एक और अपनी मोटरसाइकलों के साथ खड़े हुए थे। तभी वहां पर बड़ी तेज गति और लापरवाही से एक ट्रक आया जिसने दोनों को उनकी मोटरसाइकिल समेत अपनी चपेट में ले लिया।

### सीलखो-अतीतका सड़क मार्ग पर हुई दुघर्टना, पुलिस कार्रवाई में जुटी

## विभाग स्वच्छता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से करवाएं पूरा: उपायुक्त

**सिरसा।** उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)का उद्देश्य देश को स्वच्छ व साफ बनाना है। स्वच्छता के इस मिशन को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। जिस भी विभाग को स्वच्छता कार्यों से संबंधी जो लक्ष्य दिया गया है, उसे वह प्राथमिकता से पूरा करवाएं। स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए जिला के लक्ष्य को हासिल करें। उपायुक्त बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण को लेकर पंचायत भवन में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

## अवैध खनन कर पत्थर ले जाते डम्पर को पुलिस पकड़ने में नाकाम

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**नगर** में देर रात अवैध खनन कर पत्थरों को ले जा रहे एक डम्पर का पुलिस ने पीछा करना शुरू किया। इसके डम्फर चालक पुलिस के दबाव में पत्थरों को सड़क पर ही फेंक कर फरार होने में सफल हो गया। पुलिस फरार डम्पर की तलाश में जुटी है।

तावडू नगरवासी बंटी, मुकेश अशोक, सहरून, जुबेर आदि ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की रात पत्थरों से भरा हुआ एक डम्पर पर बड़ी तेज गति और लापरवाही के साथ आया। जिसका पुलिस द्वारा पीछा किया जा रहा था। पुलिस से बचने के लिए चालक ने पत्थरों से भरे हुए डंपर का जैक उठा दिया। जिसके कारण डंपर से पत्थर सड़क पर गिरने लगे। नगर पालिका कार्यालय के सामने से लेकर जीसी मॉडल स्कूल के नजदीक तक सड़क पर पत्थरों को गिरा कर फरार हो गया।


नगर के पटौदी रोड पर फेंके गए अवैध खनन के पत्थर

## पटवारी घर बैठकर नहीं खेतों में जाकर करें गिरदावरी

**नूंह।** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर ने बुधवार को जिलों के साथ वीडियो कांफ्रेंस कर कहा कि प्रदेश के उन जिलों में शामिल है, जहां मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अधिक से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने इस विषय को लेकर 4-5 बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन सबसे महत्वपूर्ण है, रजिस्ट्रेशन होने के बाद ही किसान की फसल खरीदी जाएगी। सही-सही रजिस्ट्रेशन से जिला में कितने एरिया में कौन सी फसल है, उसका डाटा भी सरकार के पास आएगा, जिससे फसलों की खरीद के उचित प्रबंध सुनिश्चित होंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसके साथ-साथ मेरी फसल-मेरा ब्यौरा रजिस्ट्रेशन को लेकर जिलों में जितनी भी शिकायतें लंबित हैं उनको निपटाएं। उन्होंने कहा कि गिरदावरी का काम भी सही-सही होना चाहिए।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

मैं, पूनम रानी पत्नी श्री उमेश कुमार निवासी मकान न. 2846/ए, गली न. 5 सारन स्कूल, जवाहर कालोनी फरीदाबाद बयान करती हूं कि पूनम रानी व पूनम दोनों नाम मेरे ही हैं जबकि उमेश कुमार व विनोद दोनों नाम मेरे पति के हैं।

मैं, अमिता पत्नी श्री श्याम सिंह निवासी मकान न.-567, नियर सरकारी अस्पताल, गांव संच, जिला कैथल ने अपना नाम अमिता से बदलकर अमिता रानी रख लिया हैं भविष्य में मुझे अमिता के नाम से जाना जाएं।

मैं, नितिन पुत्र श्री अशोक अरोड़ा निवासी मकान न.-19, न्यू राजेंद्र डीसी कॉलोनी जिला कैथल ने अपना नाम नितिन से बदलकर नितिन अरोड़ा रख लिया हैं भविष्य में मुझे नितिन के नाम से जाना जाएं।

◆ खोया-पाया ◆

I, Vishnu pandey S/O Vimal pandey lost my original Property agreement. Agreement with Gurjeet Singh and BPTP Company R/O H No P3-45 Second floor, sec-75 BPTP, faridabad haryana 121001 Cont : 9654352350

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे मुवक्किल सुरेश पुत्र श्री अमीचन्द निवासी मकान न. 18, गॉव टिकावली, फरीदाबाद, हरियाणा ने अपने पुत्र रविन्द्र व पुत्रवधू धर्मवती को उनके गलत व्यवहार, आचरण के कारण अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं व अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। जो भी व्यक्ति पुत्र रविन्द्र व पुत्रवधू धर्मवती के साथ लेनदेन/संबंध करेगा या व्यवहार रखेगा वह उसका स्वयं जिम्मेवार होगा। रविन्द्र व धर्मवती के द्वारा किये गये किसी भी कानूनी व गैरकानूनी कार्यवाही के लिए मेरे मुवक्किल श्री सुरेश पुत्र श्री अमीचन्द व उसके परिवारजनों की इसमे कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ध्रुव कुमार अधिवक्ता, फरीदाबाद

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




कुहासा छँट ही जायेगा हो कितना भी घना प्यारे
तू खुद भी मान अब तो साथ औरों को मना प्यारे
करोड़ों पेट जूठन को तरसते देश में अपने
फ़सल औलाद जैसी है फ़सल मत रौंदना प्यारे

## शहीद हसनखान की शहादत पर 15 मार्च को महापंचायत

### किसानों ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार, नूंह को सौंपा ज्ञापन

#### अनाज मंडी की होने वाली महापंचायत में टिकैत समेत आएंगे कई किसान नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**आगामी** 15 मार्च को शहीद राजा हसन खान मेवाती की शहादत दिवस के अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले जिले के फिरोजपुर झिरका शहर की अनाज मंडी में किसानों की महापंचायत होने पर कई मुद्दों पर मुहर लग सकती है। इस महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत सहित कई बड़े नेता शिरकत करेंगे। अभी तारीख का औपचारिक ऐलान होना बाकी है, लेकिन संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान नेता इस पर अंदर खाने पूरी रणनीति बना चुके हैं।


*किसानों नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम डीसी के मार्फत भेजा ज्ञापन, लघु सचिवालय में किसान दमन दिवस मानते हुए।*

ये जानकारी किसान नेता समय सिंह एडवोकेट सलंबा ने पत्रकार से खास बातचीत के दौरान कहीं किसान नेताओं ने बुधवार को उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा नूह के मार्फत राष्ट्रपति भारत सरकार को ज्ञापन भेजकर मांग की है की सरकार जल्द से जल्द तीनों कृषि कानूनों को रद्द करें। जिन किसानों पर मुकदमे दर्ज हुए हैं, उन मुकदमों को वापस लिया जाए। इसके अलावा जिन किसानों को नोटिस भेजे जा चुके हैं या फिर नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। उस पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। किसान नेताओं ने कहा कि दिल्ली की सीमा के इर्द-गिर्द लाखों की संख्या में किसान पिछले लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है। 200 से अधिक किसान अब तक शहीद हो चुके हैं, लेकिन सरकार किसानों की बात सुनने को तैयार नहीं है। इसीलिए बुधवार को दमन विरोधी दिवस मनाया गया है। दमन विरोधी दिवस के मौके पर मेवात जिले के किसान नेताओं ने लघु सचिवालय नूह पहुंचकर ज्ञापन भेजा। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से तो किसान नेताओं की मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन तहसीलदार नूह को उन्होंने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं ने कहा की धरतीपुत्र की मांग जायज है। अगर यह तीनों कृषि कानून रद्द नहीं होते हैं, तो किसान के सामने भूखों मरने की नौबत खड़ी हो सकती है। लिहाजा देश भर का किसान इन कानूनों को रद्द कराने के लिए अपने-अपने तरीके से संघर्ष कर रहा है। सरकार को हठधर्मिता छोड़कर किसानों की बात माननी चाहिए। दूसरी तरफ राजस्थान - हरियाणा संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सुनहेड़ा बॉर्डर पर चल रहे धरना - प्रदर्शन को लेकर किसानों ने दो टूक कहा कि जब तक केंद्र सरकार इन तीनों कानूनों को वापस लेने का ऐलान नहीं करती।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कांग्रेस की समस्या

## अस्थिर नेतृत्व

**कांग्रेस** कई राज्यों में चुनाव जीतने या अपनी पकड़ बनाए रखने में विफल रही है। देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' को भाजपा से न केवल यह सीखने की जरूरत है कि चुनाव कैसे जीते जाते हैं, बल्कि सरकार कैसे बनाई जाती है। वह यह भी सीख सकती है कि पालाबदल करवा कर कैसे विरोधी शिविर में दरार डाल कर विरोधियों को परास्त किया जाता है। पुडुचेरी में मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी के सदन में बहुमत परीक्षण के पहले इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस दक्षिण भारत में अपनी एकमात्र सरकार खो चुकी है। वह भी ऐसे समय हुआ है जब पांच राज्यों-असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने ही वाले हैं। पार्टी की विफलता न केवल चुनाव हारने, बल्कि उन स्थानों पर अपना कब्जा बनाए रखने से स्पष्ट होती है जहां वह सरकार बना चुकी थी। इन सबसे कमजोर और हताश नेतृत्व व कार्यकर्ताओं का पता चलता है जहां नियोजन व समन्वय की कमी है तथा गुटबाजी हावी है। इसके उलट भाजपा में अनेक नेता हैं तथा उसके अपने कार्यकर्ताओं के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता चुनाव से पहले विभिन्न समुदायों में रणनीतिक रूप से व सुनियोजित ढंग से काम करते हैं। कांग्रेस में ऐसे 'मजबूत कार्यकर्ताओं' का अभाव है और उसके जमीनी कार्यकर्ताओं में चुनाव जीतने के लिए आवश्यक विश्वास का अभाव है। पार्टी अब भी चुनावी विजय के लिए गांधी-नेहरू परिवार पर निर्भरता के सदियों पुराने फार्मूले पर चल रही है। यह योजना अब निरर्थक हो गई है और कांग्रेस को अपनी स्थिति मजबूत कर मतदाताओं में अपनी छवि बदलने की जरूरत है।



हालांकि, पार्टी अनेक पराजयों से उबरने का प्रयास कर रही है और राहुल गांधी आक्रामक रूप से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान चला रहे हैं, पर पार्टी के पास चुनाव संचालन के लिए निर्वाचित अध्यक्ष नहीं है। पिछले महीने इसने घोषणा की थी कि एक निर्वाचित अध्यक्ष जून, 2021 तक सामने आ जाएगा। इसमें एक संदेश छिपा था कि या तो पार्टी चुनावों के पहले आंतरिक चुनाव करवा कर महत्वपूर्ण समय खराब नहीं करना चाहती है अथवा वह अपने 'युवराज' का चुनावों में संभावित पराजय के दाग से बचाव करना चाहती है। इसके साथ ही अधिकांश कांग्रेस नेता अब भी गांधी परिवार के इशारे पर चलते हैं और पार्टी में लिए जाने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों में लोकतंत्र का अभाव साफ-साफ दिखता है। हाल ही में पार्टी में सर्वोच्च निर्णय लेने वाली कांग्रेस कार्यसमिति ने सोनिया गांधी को पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद आंतरिक चुनाव कराने का अधिकार दिया था। पुडुचेरी में नवीनतम धक्के के बाद पार्टी की राजनीतिक छाप और छोटी हो गई है। वह अब केवल तीन राज्यों-पंजाब, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सत्ता में है। कांग्रेस के लिए भावी संघर्ष आसान नहीं है। यदि वह स्वयं को मुकाबले में बनाए रखना चाहती है तो उसे पार्टी के भीतर व्यवस्थागत परिवर्तन करने होंगे। इसके साथ ही उसे जनता तक पहुंचने की रणनीति बदलनी होगी। कांग्रेस को भाजपा से सीखना होगा कि चुनाव जीतने के लिए समय पर वादे पूरे करने के बजाय लंबे-चौड़े वादे करना जरूरी है, भले ही वे झूठे हों। ऐसा न होने पर उसे केवल पंजाब के नगर निकाय चुनावों से संतुष्ट रहना होगा क्योंकि फिलहाल भाजपा कांग्रेस पर बहुत भारी पड़ रही है।

# भारत-चीन सीमा पर मौजूदा स्थिति

भारत ने फिंगर्स क्षेत्र में स्थिति बहाल करने के लिए अपने ट्रंप कार्ड का प्रयोग किया। इस दौर में भारत व चीन, दोनों को तनाव घटाने में सफलता मिली है।



**अशोक के मेहता**
लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर तनाव घटाने के बारे में कुछ सवाल पुनः पूछने की जरूरत है। सवाल है कि भारत ने कैलाश पर्वत श्रृंखला की चोटियों से सेना क्यों वापस बुला ली और इसके लिए अप्रैल, 2020 की स्थिति बहाली की शर्त नहीं लगाई। इसका सबंध सीधे डेपसांग से सैनिकों की वापसी से है और इसे केवल पैगांग सो के उत्तरी-दक्षिणी किनारों से वापसी तक सीमित नहीं किया जा सकता है। इसका जवाब उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टीनेंट जनरल वाई.के.जोशी के पिछले सप्ताह दिए साक्षात्कार से स्पष्ट है। लगभग एक साल से भारत दावा कर रहा है कि वह सियाचिन समेत ऊंचे स्थानों पर युद्ध के कौशल और दृढ़ता से पूरी तरह लैस है, जबकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए ने शायद 1962 के बाद पहली बार कैलाश पर्वत श्रृंखला में अपनी चौकियां बनाई थीं और उसके पास ऐसी प्रतिभा नहीं है। चीन के कारण सैनिकों की तैनाती के लिए 1,000 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े तथा आपातकालीन आवश्यकताओं पर 20,000 करोड़ खर्च हुए। सामान्य स्थिति में ऐसा खर्च नहीं होता है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी की छाया में चीन ने पीएलए को जिनजियांग में प्रशिक्षण देने के बजाय उसे लद्दाख के 300 किलोमीटर पूरब में स्थित डेपसांग व डेमचोक में घुसपैठ के लिए तैयार किया। भारत संभवतः घुसपैठ की ऐसी स्थितियों के लिए तैयार नहीं था ओर चीन ने 1959 की अपनी दावा रेखा पर एलएसी के पश्चिम में कब्जे का प्रयास किया। उसने गलवान बफर क्षेत्र मानने तथा डेपसांग में चर्चा से इनकार किया। गलवान में झड़प के बाद भारतीय सेनाओं ने यथास्थिति बनाए रखने के बाद सीमा पर तनाव घटाने के प्रयास शुरू किए। इसमें चीन के मोल्डो व स्पांगुर झील के निकट तैनात गैरिज़नों के सामने कैलाश पर्वत श्रृंखलाओं की चोटियों से उतरना शामिल है। कुछ विश्लेषकों की राय में इस प्रकार तनाव घटाने से चीन लाभ की स्थिति में है। बीजिंग ने एलएसी को एलओसी में बदल कर भारत पर आर्थिक बोझ डाला है। भारत ने राजनीतिक रूप से चीनी आक्रामकता का डट कर मुकाबला जरूर किया है, लेकिन पड़ोस में मजबूत सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की क्षमता पर संदेह पैदा हो गए हैं।

सरकार को इस बात के लिए धन्यवाद दिया जाना चाहिए कि उसने पहली बार तीन डी-डिसइन्गेजमेंट, डी-एस्कैलेशन व डी-इंडक्शन, यानी दूसरे शब्दों में पुनः मुकाबले, तनाव घटाने व पुनः तैनाती के बारे में महत्वपूर्ण आपरेशनल सूचनाओं का साझा किया। अतीत में सरकार और सैनिक अधिकारियों द्वारा परस्पर विरोधी सूचनायें आती रही हैं तथा स्वतंत्र पत्रकारों द्वारा अपने सूत्रों के दावे से पेश खबरों से और भ्रम बढ़ता रहा है। पिछले वर्ष घुसपैठ के अनेक प्रयासों का मुकाबला करने वाले लेफ्टीनेंट जनरल जोशी ने पिछले सप्ताह बताया कि तनाव घटाने का समझौता अगस्त 29-30 को फिंगर 4 व कैलाश पर्वत श्रृंखला की रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जे की उल्लेखनीय टैक्टिकल कार्रवाई के बाद हुआ जिसने पीएलए को मजबूर कर दिया था। एलएसी के भारतीय पक्ष में की गई यह कार्रवाई अत्यन्त महत्वपूर्ण थी। ले.जन. जोशी ने विस्तार से बताया था कि कैलाश पर्वत श्रृखला के रोजंजीला व रेचिन्ला में टैंक तैनात करना गेम-चेंजर साबित हुआ। इससे न केवल वार्ता बहाल हुई, बल्कि पीएलए को फिंगर 4 से फिंगर 8 के पीछे तक हटना पड़ा। उन्होंने बताया कि पहली बार पीछे हटने की प्रक्रिया लिखित रूप से निर्धारित हुई तथा वार्ता जारी रहेगी। स्पष्ट रूप से कहा जाए तो दक्षिणी किनारे पर पीछे हटने का मामला उत्तरी किनारे जैसा नहीं है। लिखित समझौते में आरएसक्यूए अप्रैल 2020 का कोई उल्लेख नहीं है, हालांकि अन्य टकराव बिंदुओं को चर्चा में शामिल किया गया है। यदि यह मान लिया जाए कि जनरल जोशी की बातों का सही संदर्भ लिया गया है तो फिंगर्स क्षेत्र के लिए कैलाश पर्वत श्रृंखला के ट्रंप कार्ड का प्रयोग हो चुका है। उन्होंने कहा कि चीन को कोई जमीन नहीं खोई गई। संभवतः उनके कहने का अर्थ पैगांग झील के क्षेत्र से था और इसमें घुसपैठ के प्रयास वाले सभी स्थल शामिल नहीं थे। दोनों देशों के बीच टकराव का क्षेत्र बहुत व्यापक है जिसमें गलवान और डेपसांग में मुख्य सरोकार शामिल हैं। शायद कैलाश पर्वत श्रृंखला में मजबूत स्थिति का लेनदेन में प्रयोग इन क्षेत्रों के लिए नहीं हुआ। इस दौर में फिंगर्स क्षेत्र को खाली करना भारत और चीन, दोनों के लिए विजय वाली स्थिति है जिसमें कैलाश पर्वत श्रृंखला से टैंकों व सेनाओं की वापसी शामिल है।

> **भारत चीन को 1959 की दावा रेखा की अनुमति नहीं दे सकता। वर्तमान स्थिति में बफर क्षेत्र मुख्यतः भारतीय इलाके में है, डेपसांग में गतिरोध से अप्रैल 2020 वाली आरएसक्यूए नहीं बन सकी है जिससे सीमा पर परस्पर विश्वास, शांति और सद्भावना को खतरा पैदा हो सकता है। दोनों देशों के बीच स्थाई व गंभीर द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमा पर शांति और सद्भावना जरूरी है।**

हालांकि, ले. जन. जोशी ने इसे स्थाई लाभ की तरह नहीं पेश किया है, पर रणनीतिक दृष्टिकोण से पहला कदम महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा है कि पूरे प्रकरण ने चीनियों को परेशान कर दिया है और चीन की स्थिति कमजोर हुई है। इसमें भारतीय सेनाओं द्वारा कैलाश पर्वत श्रृंखलाओं पर कब्जे के साथ ही फिंगर्स क्षेत्र से चीनी सैनिकों की वापसी शामिल है।

शनिवार को दोनों पक्षों के बीच संवाद बहाली का नतीजा लिखित समझौते में नहीं हुआ, पर एक संयुक्त बयान जारी किया गया कि 'सीमा क्षेत्रों में शांति और सद्भावना बनाए रखने के लिए बाकी मुद्दों का परस्पर स्वीकार्य समाधान तेजी से किया जाएगा।' ऐसे में मुख्य सवाल यह बना हुआ है कि गलवान, गोगरा हाट स्प्रिंग, डेमचोक व डेपसांग में सेनाओं के बीच अलगाव का अंतिम स्वरूप क्या होगा। गलवान में भारतीय सैनिकों को अपने परंपरागत गश्ती बिंदु 14 से ढाई किलोमीटर पीछे रख कर एक बफर क्षेत्र बनाया गया है। चीन डेपसांग को विरासत से मिला विवाद मानता है और दोनों सेनाओं के बीच सीधा टकराव न होने से उसे राहत मिलेगी। लेकिन कराकोरम पर्वत श्रृंखला और अक्साईचिन के संबंध में यह भारतीय रक्षा का सर्वोच्च रणनीतिक रूप से संवेदनशील बिंदु है। इसी कारण यह चीन के लिए भी महत्वपूर्ण है। भारत चीन को 1959 की दावा रेखा की अनुमति नहीं दे सकता है। वर्तमान स्थिति में बफर क्षेत्र मुख्यतः भारतीय इलाके में है, डेपसांग में गतिरोध से अप्रैल 2020 वाली आरएसक्यूए नहीं बन सकी है जिससे सीमा पर परस्पर विश्वास, शांति और सद्भावना को खतरा पैदा हो सकता है। दोनों देशों के बीच स्थाई व गंभीर द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमा पर शांति और सद्भावना जरूरी है। लेकिन चीन सीमा विवाद को द्विपक्षीय संबंधों से अलग रखना चाहता है। ऐसे में डेपसांग रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

# राजनीति में धन-बल प्रयोग पर अंकुश जरूरी

> **राजनीतिक दल रैलियों, राहत निधियों, कूपन की बिक्री और अन्य विविध आवंटन के दौरान दान के माध्यम से धन प्राप्त कर सकते हैं।**

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार



वित्त पोषण एक राजनीतिक पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर वह जो सत्ता में नहीं है। कांग्रेस पार्टी एक गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रही है और उसने अपने मुख्यमंत्रियों और पदाधिकारियों से मदद मांगी है। केरल, असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के आगामी विधानसभा चुनावों ने पार्टी पर दबाव बढ़ा दिया है, जो केवल पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में सत्ता में है। ग्रैंड ओल्ड पार्टी' में नकदी की कमी, जो 56 वर्षों से सत्ता में थी, विभिन्न कारणों से है। इसे पिछले छह वर्षों से कम धनराशि प्राप्त हो रही है क्योंकि एक धारणा है कि कांग्रेस के प्रधानता की स्थिति में फिर से वापस आने की संभावना नहीं है। दूसरा, भाजपा 2014 से कांग्रेस से आगे निकल गई है। तीसरा, वह नेतृत्व संकट का सामना कर रही है और चौथे, क्षेत्रीय दल भी दान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पांचवां, निजी दानकर्ताओं से किसी भी पार्टी का धन सार्वजनिक विश्वास पर निर्भर करता है। पहले कांग्रेस के पास प्रत्येक राज्य में फंड मैनेजर थे, लेकिन केंद्रीय नियंत्रण के कारण यह प्रणाली अब ध्वस्त हो गई है।

पार्टी को राज्य इकाइयों, मुख्यालयों को चलाने, कर्मचारियों को वेतन देने, चुनाव अभियानों के लिए, नए पार्टी कार्यालय के निर्माण आदि के लिए धन की आवश्यकता होती है। 2018 में, यह निम्नतम स्तर पर पहुंच गई और अक्टूबर में धन के लिए अपील करने के लिए एक 40-दिवसीय बूथ समिति शिलान्यास कार्यक्रम शुरू किया। वास्तव में, कांग्रेस को भीड़ से वित्तपोषण का सहारा लेना पड़ा।



राजनीतिक दलों के लिए सबसे लोकप्रिय धन उगाहने वाले तरीकों में से कुछ व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट फंडिंग हैं। कॉरपोरेट दान के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने की भाजपा की अभूतपूर्व क्षमता कांग्रेस के तेज मंदी और वित्तीय संकट से जुड़ी हुई है। कांग्रेस के सत्ता में रहते हुए भी, जब वह दो कार्यकालों से सत्ता में थी, तब भी भगवाधारी दल ने 90 प्रतिशत फंडिंग पर कब्जा कर रखा था। हाल के वर्षों में, मोदी सरकार ने राजनीतिक फंडिंग में तीन महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं और पार्टियां अब विदेशी दान प्राप्त कर सकती हैं। कोई भी कम्पनी किसी भी राशि को एक राजनीतिक पार्टी को दे सकती है और तीसरा, कोई भी व्यक्ति, लोगों का समूह या फर्म चुनावी बांड के माध्यम से किसी पार्टी को गुमनाम रूप से धन दान कर सकता है। ये बांड जनवरी 2018 से उपलब्ध हैं और भाजपा और कांग्रेस के बीच कॉर्पोरेट दान में अंतर व्यापक रूप से बढ़ रहा है। जो भी कारण हो, सत्तारूढ़ और मुख्य विपक्षी दल के बीच राजनीतिक योगदान में इतना बड़ा अंतर लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस को 2019-2020 के दौरान दान के रूप में 139 करोड़ मिले। यह अभी भी दूसरी सबसे समृद्ध पार्टी है लेकिन भाजपा से बहुत पीछे है। कांग्रेस के संविधान के अनुसार, कानून बनाने वालों और श्रमिकों को अपनी आय का एक प्रतिशत पार्टी को देना होता है, लेकिन ऐसा नहीं होता है। ऐसी स्थिति में इसे अपने सदस्यों को अधिक दान करने और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल का अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जो 2020 में सर्वोच्च व्यक्तिगत दाता थे और उन्होंने पार्टी फंड में करोड़ दिए थे। एक राजनीतिक दल रैलियों, राहत निधियों, कूपन की बिक्री और अन्य विविध आवंटन के दौरान दान के माध्यम से धन प्राप्त कर सकता है। हालांकि, अगर चुनाव खर्च में कटौती की जाती है, तो बड़ी धनराशि इकट्ठा करने के लिए किसी पार्टी की आवश्यकता नहीं है।

चुनाव आयोग के पास राजनीतिक दलों के सुधार, खातों की ऑडिटिंग, काले धन की जांच करने और 20 प्रतिशत तक गुमनाम दान की कैपिंग सहित सुझावों की एक लंबी सूची है। कई पैनलों ने चुनाव सुधारों की सिफारिश की है। इसमें गोस्वामी समिति (1990), वोहरा समिति (1993) और विधि आयोग शामिल थे। सुझावों में से एक राज्य वित्त पोषण था। समय की आवश्यकता चुनावी सुधार है और चुनावी प्रणाली का परिष्करण करने के लिए इन सुधारों को आगे बढ़ाने का समय है ताकि धनबल कम हो। जरूरत है राजनीतिक इच्छाशक्ति की और सुधारों पर आम सहमति की।

## आप की बात

### शराब के लिए जनजागृति जरूरी

**देश** में शराब खोरी और इससे जुड़ी घटनाओं में बेइंतेहा वृद्धि के मद्देनजर जनमानस में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। अब राजनेता, संत और सामाजिक संगठन इसके खिलाफ मैदान में उतरते नजर आ रहे हैं।आर्थिक कमजोरी के बंधन में जकड़ी सरकार चाह कर भी इसको बंद नहीं कर पा रही है ।अब सामाजिक विरोध के माध्यम से ही इसे रोका जा सकता है। लोगों को इसके नफा नुकसान खुद ही समझना चाहिए। शराबखोरी ने व्यक्ति और समाज को पतन की राह किया है। नशेबाज लोग घर, संपत्ति आदि बेचकर कंगाल हो रहे हैं तो उनका स्वास्थ्य भी सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है। समाज में हो रही विषम घटनाओं ने आंदोलन का रास्ता तैयार किया है। शराब खोरी के कारण पारिवारिक विघटन और हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है यही वजह है कि लोग चिंतित हैं। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती द्वारा नशा बंदी के खिलाफ जिस तरह से माहौल बनाया गया है उससे शराब बाजी के खिलाफ विरोध स्वर मुखरित हुए हैं। इस बीच शराब खोरी को लेकर छिड़ी बहस में संत हरी गिरी महाराज ने ठेके बंद कराने के लिए पदयात्रा निकालने और पंचायत करने की घोषणा की है।

– **अमतलाल मारू**, दसई, मप्र

### पेट्रोल की शतकीय पारी

**पेट्रोल** डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी, कोई नई बात नहीं है। लेकिन, जिस सरकार ने प्रतिपक्ष में रहकर, पक्ष को ललकारा था, आज वो भी उसी जाल में फंसे नजर आ रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि सत्ता बदलती है, चेहरे बदलते हैं लेकिन चरित्र नहीं। लॉक डाउन के दौरान, इन्हीं पेट्रोल की कीमत लगभग बीस डॉलर प्रति बैरल थी, जो कि अब बढ़कर लगभग तिरसठ डॉलर प्रति बैरल हो गई है। जब कच्चे तेल की कीमत प्रति बैरल कम थी, बावजूद इसके सरकार ने छूट नहीं दी, लेकिन जब प्रति बैरल तेल में वृद्धि हुई तो इसको बढ़ाया जा रहा। सरकार की मंशा है कि किस तरीके से मौके का फायदा उठाकर, आम आदमी की जेब पर प्रहार किया जाए। आम आदमी सरकार से उसके वादे पर लिए गए वोट को ध्यान में रखते हैं, ना कि वैश्विक स्तर पर हो रहे उथल पुथल। अन्यथा जनता के पास मतदान का शांतिप्रिय रास्ता है। दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति तेल निर्यातक समूह (ओपेक) से होती है। सऊदी और ईरान जैसे देश, कच्चे तेल के वितरण और विनिमय को कम करके, दामों को मनमाने तरीके से बढ़ा रहे हैं, जिसका विपरीत असर तेल खरीदने वाले देशों पर पड़ रहा है।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### कोरोना के बढ़ते मामले

**यह** पत्र, कोरोना की वापसी, मामले बढ़ने से चिंता, लेख के संदर्भ मे है। जिस प्रकार से केरल और महाराष्ट्र मे पिछले 8-10 दिनों मे अचानक से कोरोना के मामले बढ़े हैं वह निस्संदेह चिंता का विषय है और इन दोनों सरकारों को बड़े ठोस कदम उठाने की ज़रूरत है. यह समय राजनैतिक दूरियां मिटाकर साथ काम करने का भी है, केंद्र सरकार को भी ज़्यादा से ज़्यादा मात्रा मे वैक्सीन इन दोनो राज्यों मे उपलब्ध करनी चाहिए और वहां स्थानीय लोगों को अभी भी मास्क का इस्तेमाल जारी रखना है और सोशियल डिस्टेन्सिंग को बनाए रखना है। साल 2021 की शुरुआत से ही कोरोना की मामले कम होने शुरू हुए और उसके साथ ही वैक्सीन भी आ गयी और लोगों ने सोचा अब सब सामान्य हो गया है। मगर ऐसा नही है और सावधानी हटी और दुर्घटना घटी की कहावत बिल्कुल चरितार्थ हो रही है। अब हमारी सुरक्षा हमारे खुद के हाथ मे भी है और सरकारें केवल एक सीमा तक ही हमारी मदद कर सकती हैं और हमे यह समझने की जरूरत है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**कोई** भी समुदाय आरक्षण की मांग कर सकता है लेकिन मुझे लगता है कि केवल उसे आरक्षण मिलना चाहिए जो इसका सर्वाधिक पात्र हो।

– **कांग्रेस नेता**
सिद्धारमैया

**जो** लोग सामाजिक दूरी के प्रतिबंधों का पालन नहीं करेंगे वे आगामी आपातकालीन आर्थिक सहायता के पात्र नहीं रह जाएंगे।

– **चुग सील क्यून**
दक्षिण कोरिया के पीएम





**हम** जुलाई-अगस्त 2021 में स्कूल खोलने की स्थिति में आ जाएंगे, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती विद्यार्जन में हुए नुकसान से निबटना है।

– **अतिशी मार्लेना**
आप विधायक

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार 25 फरवरी, 2021



# जिला व्यापार मंडल ने दुकानदार को सौंपा 31 हजार का चेक

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत।

**जिला** व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आईटीआई चौक पर अक्टूबर माह में कंफेक्शनरी की दुकान में हुई आगजनी से पीड़ित दुकानदार अशोक बत्रा को बुधवार को 31 हजार रुपए की सहायता राशि का चैक सौंप कर नई मुहिम शुरु की।

जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला व संयोजक संजय वर्मा ने बताया कि आगजनी पीड़ित जीएसटी के अनरजिस्टर्ड छोटे दुकानदारों को आर्थिक सहायता प्रदान कराने के उद्देश्य से जिला व्यापार मंडल ने नई परम्परा की शुरुआत की है। व्यापार मंडल की अपील पर जिले के व्यापारियों ने 100 रुपए से लेकर 11 हजार रुपये तक की सहायता राशि एकत्रित करके आगजनी पीड़ित दुकानदार के लिए 31 हजार रुपये अर्जित किए हैं। पवन तनेजा व रामनारायण गोयल ने बताया कि सरकार व व्यापारी कल्याण कोष में अनरजिस्टर्ड जीएसटी दुकानदारों को आर्थिक मदद देने का प्रावधान नहीं है, जिस कारण छोटे व मंझले दुकानदारों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। जिला व्यापार मंडल ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आगजनी पीड़ित दुकानदारों की मदद का बीड़ा उठाया है। पदाधिकारियों ने कहा कि मौजूदा सरकार ने जीएसटी दुकानदारों की 2019 में की गई बीमा पॉलिसियों को अक्टूबर 2020 में रिन्यू नहीं करवाया है।

# विधान सभा क्षेत्र के हर घर में पहुंचेगा नल से जल

## जिला सलाहकार ने विधायक ईश्वर सिंह को जल जीवन मिशन के बारे में दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**प्रत्येक** घर में नल से जल उपलब्ध करवाने के लिए शुरू की गई हरियाणा सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन की गुहला विधानसभा क्षेत्र की प्रगति के बारे में गुहला के विधायक ईश्वर सिंह के साथ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता महेंद्र सिंह राणा व जिला सलाहकार दीपक कुमार ने विधायक को जल जीवन मिशन के बारे में विधानसभा की प्रगति रिपोर्ट देते हुए बताया कि गुहला विधानसभा के 112 गांवों में हर घर में नल से जल देने के लिए विभाग प्रयास कर रहा है।



कार्यकारी अभियंता महेंद्र सिंह राणा सिंह ने गुहला के विधायक ईश्वर सिंह को जानकारी देते हुए बताया कि गुहला विधानसभा क्षेत्र में पांच करोड़ रुपये की लागत से हर घर को नल से जल दिया जा रहा है, जिसके तहत 10796 घरों को फंक्शन हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन दिए जाएंगे।

उन्होंने विधायक को विभाग की वेबसाइट पर जल जीवन मिशन डैशबोर्ड के बारे में भी अवगत करवाया। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने विधायक को ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के गठन, उसके कार्य और उसकी जिम्मेदारी के बारे में बताया और विभाग के टोल फ्री नंबर 1800180 5678 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पानी जांच करने की फील्ड टेस्टिंग किट व पानी की गुणवत्ता को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक के बाद विधायक से जल जीवन मिशन पर अधारित एक फीडबैक प्रोफार्मा भी भरवाया गया।

### योजना के तहत दिए जाएंगे 10796 घरों को फंक्शन हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीगुरु रविदास जयंती पर शोभायात्रा 26 को



**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु रविदास जयंती 27 फरवरी के उपलक्ष में श्रीगुरु रविदास मंदिर सभा एवं धर्मशाला कुरुक्षेत्र की ओर से 26 फरवरी को शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के लिए जिला प्रशासन से मंजूरी मिल गई है। यह जानकारी देते हुए प्रधान रणपत माथुर ने बताया कि यह शोभायात्रा गुरु रविदास मंदिर परिसर से 26 फरवरी को 11 बजे रवाना होगी। जिसमें गुरु रविदास, कबीर साहेब, भगवान बाल्मीकि, मीरांबाई, बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की मनमोहक झांकियां सुशोभित होंगी। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर गुरु रविदास नगर झांसा, पुराना बस स्टैंड,रेलवे पुल से होते हुए मोहन नगर, सेक्टर - 5 व 7 के डिवाइडर से सेक्टर -7, सेक्टर -13 से महाराजा अग्रसैन चौक से वापिस रेलवे पुल से होते हुए अहिल्याबाई चौक, गुरुद्वारा चौक से वापिस गुरु रविदास मंदिर में समापन होगा। इस अवसर पर प्रधान रणपत माथुर, उप प्रधान एडवोकेट जरनैल सिंह रंगा, सचिव तारा चन्द, सयुंक्त सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश, कार्यकारणी सदस्य जसमेर सिंह, सुरजीत पठानिया, गुरप्रीत कोबरा, अशोक चौहान, धर्मबीर लांग्यान, सतपाल मौजूद रहे।

### पौधारोपण के साथ पौधों को गोद लेने का लिया निर्णय

**कुरुक्षेत्र।** निरंकारी सतगुरु माता सुदिक्षा के आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल ट्रस्ट व सेवादल के सदस्यों ने निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज के 67वें जन्मदिन पर सेक्टर-4 में मिशन के जोनल इंचार्ज सुरिन्दर पाल सिंह ने जामुन का पौधा लगाकर पौधारोपण की शुरूआत की। इस मौके पर 12 पौधे लगाये गये जिनमें जामुन, सिल्वर औक, नीम, अशोका, अर्जुन, आम, अमरूद सहित कई छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन ने पौधों को लगाने के साथ-साथ उन्हें गोद लेने का भी निर्णय लिया है ताकि हम पौधे को परिवार का हिस्सा मानकर उसकी देखभाल करें। हर संत जो पौधा लगा रहा है या जहां पौधारोपण हुआ है, उसमें से किसी एक पौधे को जरुर गोद लें और उन्हें फोटो के साथ अपने मित्रजनों को शेयर करें, इससे दूसरे भी पौधों को लगाने में आगे आएंगे व पौधों की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि मिशन का प्रत्येक सदस्य अपने नजदीक पार्क मे या आंगन में एक पौधा जरुर लगाए व उसको निरंतर खाद व पानी अवश्य दे और उसकी रक्षा करना परिवार का नेतिक कर्तव्य होना चाहिए।

### सरदूल सिकन्दर जिंदादिली का दूसरा नाम : चन्द्र



**कुरुक्षेत्र।** फ्रेंडस स्टार फिल्म कंपनी के कार्यालय में पंजाबी लोक व सूफी गायक सरदूल सिकंदर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर प्रख्यात फिल्म अभिनेता निर्देशक चंद्र अग्रवाल ने कहा कि सरदूल सिकंदर पंजाब के बेहतरीन सूफी गायक रहे। जिन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत सन 1980 में रोडवेज दी लारी गीत गाकर की थी। आगे चलकर उन्होंने अपनी बेहतरीन गायकी से पंजाब इंडस्ट्री ही नहीं बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी आवाज के जादू से दर्शकों और श्रोताओं के बीच एक आयाम स्थापित किया। सरदूल सिकंदर द्वारा गाए गीत रोडवेज दी लारी तेरी याद गमा दी नी अड़िये एक कुड़ी, दे चरणा दा प्यार दातिए आदि हजारों गीत सदियों तक दर्शकों व श्रोताओं के बीच अमर रहेंगे। चंद्र अग्रवाल ने सरदूल सिकंदर से हुई अपनी मुलाकातों की याद साझा करते हुए कहा कि सरदूल सिकंदर जिंदादिली का दूसरा नाम तो थे ही साथ ही वह संगीत से जुड़े लोगों के लिए एक चलता फिरता स्कूल भी थे। जो कि हर उभरते कलाकार को हमेशा आगे बढने् के लिए प्रेरित करते रहे उनके निधन से संगीत प्रेमियों को भारी क्षति पहुंची है जो कभी पूर्ण नहीं हो सकती इस मौके पर चंद्र अग्रवाल के साथ फिल्म निर्माता रोशन वत्स, तरुण सहगल, एस के बंटी, प्रवीण गुप्ता राहुल गुप्ता, रोहित आदि मौजूद रहे।

### इंडिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज हुए बेचैन



**भिवानी।** कहते हैं निष्ठा और समर्पण भाव में भर यदि कोई कार्य किया जाए तो वह कार्य न केवल अंजाम तक पहुंचता है बल्कि उसका सुखद परिणाम भी निकलकर सामने आता है। जी हां, हम बात कर रहे हैं भिवानी निवासी हरियाणवी कवि एवं साहित्यकार वी.एम.बेचैन की। जिन्होंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी कवियों को हरियाणवी में अनुवाद कर दिया है। इस अभूतपूर्व कार्य के लिए उनका नाम 2021 इंडिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज हो गया है। इसके लिए इंडिया बुक आफ रिकार्ड वालों ने उनको एक सर्टीफिकेट, वर्ष 2021 की एक प्रति इंडिया बुक आफ रिकार्ड की, एक पैन जिस पर इंडिया बुक आफ रिकार्ड अंकित है, एक बैज, एक मैडल, दो वाहन स्टीकर एवं इंडिया बुक आफ रिकार्ड रिकार्ड होल्डर 2021 के नाम का एक पहचान पत्र दिया है। अपनी इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए बेचैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत-नया भारत के निर्माण के संकल्प के साथ नई शिक्षा नीति की जैसे ही घोषणा की गई थी। वैसे ही उन्होंने मां बोली हरियाणवी के लिए कुछ नया एवं विशेष करने का मन बना लिया था। बेचैन ने यह पुस्तक खामोश भाषाई आंदोलन को समर्पित करते हुए बताया कि हरियाणा की तरफ से नई शिक्षा नीति को उनकी अनुवादित पुस्तक एक तोहफा है। प्रधानमंत्री द्वारा जिस प्रकार नई शिक्षा नीति में पांचवी कक्षा तक मातृ भाषा पढ़ाने का प्रावधान रखा गया है।

# महंगाई और कृषि कानूनों के खिलाफ जनता उतरी सड़कों पर

## पेट्रोल-डीजल की कीमत और काले कृषि कानूनों के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार: कांग्रेस



बढ़ती महंगाई के खिलाफ पदयात्रा निकालते कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता।



### अंबेडकर पार्क से सुभाष चौक तक तख्तियां व झंडे लेकर पैदल चले कांग्रेसी

**रणबीर रोहिल्ला।** सोनीपत

**कांग्रेस** कार्यकर्ताओं ने कहा कि पेट्रोल व डीजल की कीमत में बढ़ती रफ्तार के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। काले कृषि कानून बनाकर भाजपा सरकार ने एक षडयंत्र के तहत देश के भोले भाले अन्नदाताओं को फंसाने की योजना बनाई है।

यदि खट्टर व मोदी सरकार ने काले कानून, पेट्रोल व डीजल की बढ़ती कीमतों पर रोक नहीं लगाई तो देश की जनता सड़कों पर उतरने से गुरेज नहीं करेगी। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों व तीन काले कृषि कानूनों के विरोध में अंबेडकर पार्क से सुभाष चौक तक पदयात्रा निकाली। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। पदयात्रा का नेतृत्व कांग्रेसी विधायक सुरेन्द्र पंवार व नगर निगम मेयर निखिल मदान ने किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि कहा कि देश में बढ़ रही महंगाई को रोकने के लिए सरकार द्वारा उचित कदम उठाना चाहिए। पूरे देश में मंहगाई चरम सीमा पर है, पेट्रोल-डीजल, सब्जियों व खाद्य सामग्री के दाम आसामन छू रहे, बावजूद केंद्र व प्रदेश सरकार तमाशबीन बनी हुई है। 2014 से पहले जब दाम बढ़ते थे तो भाजपा नेता सडकों पर नौटंकी करने उतर जाते थे, अब पेट्रोल-डीजल रसोई गैस व सब्जियों के दाम बेतहाशा बढ़े है, तो भाजपा मौन है।

### महंगाई ने आम आदमी का जीना किया मुहाल : जवाहर गोयल



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक एडवोकेट जवाहर लाल गोयल ने कहा कि एलपीजी गैस-पेट्रोल-डीजल की रोजाना बढ़ रही कीमतों और महंगाई ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। बढ़ती महंगाई को काबू करने में नाकाम भाजपा प्रत्येक स्तर पर फ्लाप साबित हुई है। पेट्रोलियम पदार्थ ही नहीं, अन्य वस्तुओं की महंगाई से जनता हलाकान है और भाजपा सरकारों से मुक्ति पाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जीवनावश्यक वस्तुओं की कीमतों ने सभी रिकार्ड तोड़ते हुए गरीबों की कमर भी तोड़ दी है।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में प्रतिदिन वृद्धि से जनता बेहाल: मधुसूदन बवेजा



**कुरुक्षेत्र।** कैथल जिला के आबजर्वर व कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के जिला प्रधान एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में रोजाना होती वृद्धि से आम आदमी का जीना दुश्वार हो चुका है। एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि रोज पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों से आम आदमी बेहाल हो गया है। इससे आम आदमी का बजट गड़बड़ा रहा है। हर रोज वृद्धि की जा रही है। इस तरह के हथकंडे अपनाकर भाजपा सरकार अब लोगों को ज्यादा दिनों तक मूर्ख नहीं बना सकती है। तेल के दाम बढने् से माल की आवाजाही का किराया बढ़ेगा, जिससे फल और सब्जियां भी महंगी हो जाएंगी। केंद्र की भाजपा सरकार ने जल्द इस पर लगाम नहीं लगाई तो आम आदमी तबाह हो जाएगा। इससे महंगाई इतनी बढ़ जाएगी कि गरीब आदमी को खाने के लाले पड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिन से लगातार डीजल और पेट्रोल के दाम बढना् तथा 10 दिन में 3 बार गैस के दाम बढने् से साबित हो चुका है कि केंद्र सरकार की नीति और नियत दोनों में खोट है। जो लोग 2014 तक कांग्रेस के शासन में नंगे बदन हो कर प्रदर्शन करते थे।

### पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस महंगी होने पर माकपा ने दिया धरना

**भिवानी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) भिवानी ने केंद्र सरकार द्वारा लगातार पेट्रोल डीजल व रसोई गैस के दामों में की गई बढ़ोत्तरी को वापस करवाने, बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी पर रोक लगाने की मांग को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय भिवानी पर धरना दिया व उपायुक्त के मार्फत राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

धरने व सभा की अध्यक्षता जिला कमेटी सदस्य सन्तोष देशवाल ने की व संचालन जिला सचिव मण्डल सदस्य अनिल कुमार ने किया। विरोध प्रदर्शन व सभा को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव मण्डल सदस्य सज्जन कुमार सिंगला ने कहा कि भाजपा सरकार कोरोना महामारी को भी पूंजीपतियों को और ज्यादा लुटने देने की छूट के अवसर के रूप देख रही हैं। अतंराष्ट्रीय मार्किट में कच्चे तेल के रेट लगातार कम हो रहे हैं।

### ऑनलाइन परीक्षा की मांग को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला के मार्गदर्शन में इनसो भिवानी ने जिला अध्यक्ष के माध्यम से छात्रों द्वारा की जा रही ऑनलाइन परीक्षा की मांग का समर्थन करते हुए चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके मित्तल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की कि बिना कोरोना वैक्सीन लगाए छात्रों को एक साथ शैक्षणिक परिसरों में बुलाना सुरक्षित नहीं है, इसलिए छात्रों को ऑफलाइन परीक्षाओं के साथ-साथ ऑनलाइन परीक्षा देने का भी विकल्प दिया जाए। उन्होंने कहा कि इनसो छात्रों की मांग का समर्थन करती है और ऑनलाइन परीक्षा देने का विकल्प छात्रों के स्वास्थ्य व शिक्षा के हित में है। जिला अध्यक्ष सेठी धनाना ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि कोरोना संकट कि वजह से छात्रों की शिक्षा पूरी तरह प्रभावित रही और शैक्षणिक गतिविधियों को पटरी पर लाना जरूरी है। लेकिन इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता कि प्रदेश के छात्र पिछले करीब 11 महीने में अपने विश्वविद्यालय व महाविद्यालय परिसर में नहीं गए हैं और कक्षाएं भी ऑनलाइन माध्यम से हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षाएं पूरी तरह ऑफलाइन कराई गई तो पूरी संख्या में छात्रों को विश्वविद्यालय व कॉलेजों में बुलाया जाएगा।

# हॉकी खिलाड़ियों ने स्टेट चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



स्कूल पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत करते स्कूल स्टाफ।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**शहर** में आयोजित हरियाणा हॉकी स्टेट चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स की हॉकी खिलाड़ियों ने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा कर अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। सब जूनियर खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में कैथल की टीम को 6-0 के गोल स्कोर से हराकर फाईनल मैच में कुरुक्षेत्र की टीम को 5-0 के गोल स्कोर से हराकर शानदार जीत हासिल की।

वहीं जूनियर बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में कुरूक्षेत्र को 7-1 के गोल स्कोर से हराकर फाईनल मैच में हिसार की टीम से कड़े संघर्ष में शूट आऊट 2-3 के साथ सिल्वर पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों में नंदिनी, कनिका, ईशा, दिशा, कनिका, तनु, साक्षी, इशिका, इशिका मान, सेजल, मनीषा, भाविका, भूमिका, साक्षी राणा, तमन्ना, वंशिका, ज्योति, पलक, रितिका, शिवांगी, दिनिका, रिया, रितिका मान, खुशी, भव्य ने अपने खेल प्रदर्शन का लोहा मनवाया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग व सेक्रेटरी विशाल गर्ग ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं भेजी। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने विजयी खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के खेल डायरेक्टर नरेन्द्र नेगी ने बताया कि स्कूल प्रशासन द्वारा प्रदान की गई खेल सुविधाओं के कारण ही विद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### कुरुक्षेत्र की टीम को 5-0 के गोल स्कोर से हराकर शानदार जीत हासिल की

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते भाकियू कार्यकर्ता।

**भारतीय** किसान यूनियन से संबंधित किसानों ने बुधवार को लघु सचिवालय समक्ष प्रदर्शन किया। अपनी मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने मांग की कि किसान आंदोलन के दौरान जेलों में बंद निर्दोष किसानों को बिना शर्त रिहाई और झूठे केसों व जारी किए जा रहे नोटिस रद्द किए जाएं।

किसान नेता अक्षय हथीरा व संजीव आलमपुर ने कहा कि पिछले छह महीनों से देश के किसान तीन कृषि कानूनों के खिलाफ और एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित कुछ अन्य मांगों को लिए विभिन्न तरीकों से और विभिन्न स्तरों पर लड़ रहे है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में पिछले तीन महीनों से किसान दिल्ली के आसपास धरना देकर बैठे हैं।

भाकियू के ब्लॉक बाबैन के प्रधान लाल सिंह ने कहा कि उनकी मांग है कि किसानों और उनके संघर्ष के समर्थक व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ दर्ज झूठे पुलिस मामलों को खारिज कर दिया जाना चाहिए। दिल्ली की सीमाओं पर किसान मोर्चों की पुलिस घेराबंदी के नाम पर आम आदमी की बंद सड़कों को खोला जाना चाहिए।

# कोटक प्राइम ने पुलिसकर्मियों को निः शुल्क रक्षात्मक एवं हाइजीन किट्स प्रदान कीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा।

कोविड-19 से मुकाबले में अग्रिम मोर्चे पर बहादुरी से काम कर रहे पुलिस कर्मियों की सुरक्षा व सेहत हेतु सहयोग देने के लिए कोटक महिन्द्रा प्राइम लिमिटेड (कोटक प्राइम) ने 'प्रोटेक्ट द प्रोटेक्टर' प्रोग्राम शुरु करने की घोषणा की है। कोटक महिन्द्रा प्राइम, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड की सहायक कंपनी है जो कार एवं दोपहिया वाहन फाइनेंस का कारोबार करती है। कोविड-19 रिलीफ प्रोग्राम के तहत कोटक प्राइम पुलिस कर्मियों की सुरक्षा एवं सेहत के लिए पूरे भारत में रक्षात्मक व हाइजीन किट्स प्रदान कर रही है।

कोटक प्राइम पीपीई किट्स, मास्क, दस्ताने, सैनिटाइज़र, फेस शील्ड, स्नीज़ शील्ड/ पैनल व अन्य प्रोटेक्टिव गियर/उपकरण प्रदान कर रही है जो अग्रिम मोर्चे पर कार्यरत पुलिसकर्मियों और पुलिस स्टेशनों पर कार्यरत अन्य स्टाफ को सुरक्षित रखने में सहायक होंगे। कोटक प्राइम कोविड-19 संक्रमण का पता लगाने वाले ज़रूरी टूल्स व किट भी पुलिसकर्मियों को मुहैया करा रही है।

कोटक प्राइम के प्रबंध निदेशक व्योमेश कपासी ने कहा,'पूरे देश में पुलिसकर्मी लॉकडाउन के समय से ही जनता की सुरक्षा व कल्याण के लिए अथक कार्य करते आ रहे हैं। कानून-व्यवस्था कायम रखने के अलावा वे लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग प्रोटोकॉल, मास्क पहनने आदि जैसे नियमों के पालन के लिए प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।

टैस्टिंग व क्वारनटाईन सुविधाओं के संचालन में भी उनकी सेवाओं की जरूरत पड़ती है। अपने काम की वजह से उन्हें वायरस संक्रमण का जोखिम ज़्यादा रहता है। हमारे प्रोटेक्ट द प्रोटेक्टर प्रोग्राम के जरिए हमारा प्रयास है देश भर के लाखों पुलिसकर्मियों को सुरक्षा देना और उनके कर्तव्य पालन में उनकी मदद करना।'

# स्विस एंबेसडर डॉ. रैल्फ हेकनर ने किया भारत में रिफाइनरी का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**एमएमटीसी-पीएएमपी** भारत सरकार के एक उपक्रम एमएमटीसी लिमिटेड और स्विट्जरलैण्ड के पीएएमपी एस.ए. के बीच एक संयुक्त उपक्रम है, जो मूल्यवान धातुओं के लिये विश्व का सबसे प्रमाणित रिफाइनर और फेब्रिकेटर है। एमएमटीसी-पीएएमपी भारत की पहली और एकमात्र गोल्ड एंड सिल्वर रिफाइनरी है, जो लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन से प्रमाणित है। मेवात की एमएमटीसी-पीएएमपी सुविधा में सोने और चांदी को 999.9+ शुद्धता तक रिफाइन करने की टेक्नोलॉजी है, ताकि यह धातुएं विश्व की उच्चतम तकनीकी और गुणवत्ता सम्बंधी जरूरतें पूरी कर सकें।

डॉ. रैल्फ हेकनर ने रिफाइनरी के दौरे पर कहा, 'स्विट्जरलैण्ड के पीएएमपी एसए और भारत के एमएमटीसी के बीच भागीदारी ने जो महत्व निर्मित किया है, उसे देखकर मैं खुश हूं। एमएमटीसी-पीएएमपी नवाचारों में निहित स्विस-भारतीय सहयोग की सफलता का उदाहरण है। यह इसका प्रमाण है कि दोनों पक्षों की कंपनियां कैसे एक-दूसरे की शक्तियों से फायदा ले सकती हैं, ग्राहकों के लिये महत्व निर्मित कर सकती हैं और दोनों देशों के बीच आर्थिक सम्बंधों को मजबूत करने में योगदान दे सकती हैं।

स्विस विदेशी आर्थिक नीति के लिये भारत उच्च महत्व वाला देश है। स्विट्जरलैण्ड भारत का 12वां सबसे बड़ा निवेशक है। स्विस कंपनियों ने भारत में अब तक 135,000 से ज्यादा रोजगार निर्मित किये हैं। विगत वर्षों में भारत में सक्रिय स्विस कंपनियों की संख्या भी बढ़ी है और अभी 300 से ज्यादा सब्सिडियरीज, संयुक्त उपक्रम, शाखाएं या संपर्क कार्यालय मौजूद हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपनी खोजपरक सोच और भविष्यगामी दृष्टिकोण के साथ स्विस कंपनियां भारत में आती रहेंगी।''

डॉ. रैल्फ हेकनर ने मेवात, हरियाणा की एमएमटीसी-पीएएमपी रिफाइनरी में ग्रीन ड्राइव पहल के हिस्से के तौर पर पौधारोपण भी किया।

### डॉ. रैल्फ हेकनर ने ग्रीन ड्राइव पहल के हिस्से के तौर पर पौधारोपण भी किया

# सरकारी बीमा कंपनियों के कर्मचारियों ने किया निजीकरण का विरोध

**भिवानी।** सरकारी बीमा कंपनियों के कर्मचारियों ने सरकार की निजीकरण की नीति का प्रदर्शन संयुक्त मोर्चा के आहवान पर जमकर विरोध किया और सरकार को चेतया कि यदि सरकारी बीमा कपनियों का निजीकरण नीति को वापस नहीं लिया तो विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा। यूनाइटेड इंडिया ऑफिसर इंश्योरेंस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष उदय सिंह ने बताया कि सरकार लंबित मांगों पर ध्यान नहीं दे रही। 42 महीने से उनके वेतन में वृद्धि की मांग नहीं मानी जा रही।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

जो राहों में है उन्हें मकाम मिल जाए,
तड़पते दिल को आराम मिल जाए,
सपने देखने हैं तो बड़े देखिएगा ,
ताकि खुदा को भी कुछ काम मिल जाए।

# डिप्टी सीएम चौटाला फिर बने टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष

## टीटीएफआई की सालाना बैठक में हुआ चुनाव, दुष्यंत को फिर से चुना अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

एक बार फिर से हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) का अध्यक्ष चुना गया हैं। बुधवार को पंचकूला में हुई टीटीएफआई की 84वीं सालाना बैठक में यह चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से दुष्यंत चौटाला को इस फेडरेशन का दोबारा अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में चार वर्ष के लिए फेडरेशन की पूरी बॉडी का चुनाव




हुआ, जिसमें डॉ. प्रेम वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, धनराज चौधरी को सीईओ, एमपी सिंह को सलाहकार, अरुण बनर्जी को सेक्रेटरी जनरल तथा गुरप्रीत सिंह को फेडरेशन का कोषाध्यक्ष चुना गया। टीटीएफआई अध्यक्ष की दोबारा जिम्मेदारी मिलने के बाद दुष्यंत चौटाला ने कहा कि देश में ज्यादा से ज्यादा बच्चों व युवाओं

### राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा युवाओं को मिलेगा नाम रोशन करने का अवसर: डिप्टी सीएम

को टेबल टेनिस खेल से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने का अवसर प्रदान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी ओलंपिक में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करें, इसकी पूरी तैयारी की जाएगी।

देश के टेबल टेनिस खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रहे है। कॉमनवेल्थ-2018 में भारत ने टेबल टेनिस में ऐतिहासिक आठ मेडल जीते तो वहीं एशियन गेम्स में भी बेहतरीन प्रदर्शन के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने तीन मेडल अपने नाम किए। भारत में टेबल टेनिस को नई पहचान दिलाने के लिए आईपीएल की तर्ज पर यूटीटी लीग का आयोजन होता है।

## रोजगार मेले में 19 प्रार्थियों का मौके पर ही किया चयन

सिरसा। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में पांच नियोजकों व 100 से अधिक प्रार्थियों ने भाग लिया। जिला रोजगार अधिकारी विनय सिंधु ने बताया कि नियोजकों द्वारा मौके पर 19 प्रार्थियों का चयन किया गया। इस रोजगार मेले में रिलायंस निपो लाइफ इंश्योरेंस, नव भारत फर्टिलाइजर्स, जी4एस सिक्योरिटियस, पुनिया व संजीवनी हॉस्पिटल से अधिकारी मौजूद थे। रोजगार मेले में आए उपस्थित प्रार्थियों को स्वरोजगार शुरु करने के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध कालोनी पर चला पीला पंजा

असन्ध। नगर के करनाल रोड पर निर्माणाधीन अवैध कालोनी पर प्रशासन का पीला पंजा चला और अवैध निर्माण गिराया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अमला व पुलिस बल तैनात रहा। जिला टाउन प्लानर विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवैध निर्माण को एक बार पहले भी गिराया जा चुका है व कॉलोनाइजरों को चेतावनी दी थी कि कोई भी अवैध निर्माण न करे। इसके बावजूद भी इन्होंने कुछ दिनों से अवैध निर्माण कर रखा था। जिससे लेकर आज नायब तहसीलदार रमेश कुमार व पुलिस बल की सहायता से अवैध निर्माण को गिराने का काम किया। इस अवैध निर्माण में 6 लोगों को करनाल में गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नगर में लगभग 8 अवैध निर्माण को चिह्नित किया जा चुका है। आने वाले दिनों में उन पर भी पीला पंजा चलाकर अवैध निर्माण गिराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध निर्माण को लेकर शक्ति से काम कर रही है। पिछले दिनों सीएम सीटी में भी अवैध कॉलोनाइजरों को बख्शा नहीं गया।

### छोटे बच्चों की चहचाहट से गूंजे स्कूल प्रांगण



सोनीपत। शहर में कोरोना के बाद एक बार फिर से स्कूलों में छोटे बच्चों की रौनक लौट आई। शिक्षा विभाग द्वारा छठी से बारहवीं तक के सभी स्कूल पहले ही खोलने के निर्देश दिए थे। वहीं 24 फरवरी से तीसरी से पांचवी तक के सभी स्कूल खोलने के निर्देश जारी किए गए। बुधवार को निजी और सरकारी स्कूलों में तीसरी से लेकर पांचवी तक कक्षाएं लगीं। ये निर्णय शिक्षा विभाग ने बच्चों की शिक्षा की महत्वता को समझते हुए लिया। प्राइमरी स्कूलों में छोटे बच्चे लंबे समय बाद शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंचें। शिक्षा विभाग ने इससे पहले छठी से 12वीं तक की कक्षाएं सुचारू करने के निर्देश जारी किए थे। शिक्षा विभाग ने गंभीरता से कदम उठाते हुए प्रदेश में सभी निजी और सरकारी स्कूलों की तीसरी से पांचवी तक की कक्षाएं शुरू करने के निर्देश जारी किए थे। जिसमें सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1.30 बजे तक बच्चों को पढ़ाई करवानी है। इसके अतिरिक्त विद्यालय में पहुंचने से पहले अभिभावकों को स्कूल भेजने की सहमति भी जरूरी है।

### ऊंट गाड़ी चलाकर बढ़ते पेट्रो पदार्थों का किया विरोध

सिरसा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता होशियारी लाल शर्मा ने पेट्रो पदार्थों में की गई वृद्धि का अनोखे ढंग से विरोध किया। उन्होंने गांव नारायणखेड़ा में ऊंट गाड़ी चलाकर संदेश दिया कि आम आदमी के लिए अब वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। शर्मा ऊंट गाड़ी लेकर आसपास के गांवों में गए और तेल-गैस के दामों को लेकर सरकार के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने आम आदमी की चुप्पी को उसकी कमजोरी समझ लिया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई और सरकार की मनमानियों को लेकर जनता का आक्रोश निरंतर बढ़ता जा रहा है। अगर सरकार इसी प्रकार तानाशाही पूर्ण तरीके से काम करती रही तो जनाक्रोश कभी भी लावा बनकर फूट सकता है। शर्मा ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि जिसने भी जनता को पैर की जूती समझ उसका शोषण किया है उसका बुरा अंत हुआ है। मोदी सरकार के साथ भी ऐसा ही होगा। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण शर्मा के साथ थे।

### यूनिवर्सिटी कॉलेज का विद्यार्थी दल भ्रमण पर

सिरसा। चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कॉलेज में छात्रों को एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत अमृतसर ले जाया गया। छात्रों के समूह को रवाना करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सुल्तान सिंह ढांडा ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण के कार्यक्रम छात्रों के लिए न केवल अपने देश को भली प्रकार से जानने में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें भ्रमण का एक अच्छा अनुभव भी प्रदान करते हैं। उन्होंने भविष्य में ऐसे और ऐतिहासिक स्थलों पर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करवाते रहने के लिए प्राध्यापकों को प्रोत्साहित किया। कॉलेज प्राध्यापकों के संरक्षण में 43 छात्रों का दल अमृतसर के लिए रवाना हुआ जहां उन्हें श्री हरमिंदर साहिब गुरुद्वारा एवं अन्य दर्शनीय स्थानों पर ले जाया गया।

# अहीरवाल क्षेत्र में सिंचाई को नहर में छोड़ें पानी

## पानी की मांग को लेकर नरेश यादव ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। चण्डीगढ़

हरियाणा युवा किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष व अटेली से पूर्व विधायक नरेश यादव ने बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से यहां उनके निवास पर मुलाकात करके दक्षिणी हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र में नहर का पानी दिलाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। यादव ने मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री के समक्ष एसवाईएल व हासी भुटाना लिंक नहर के मुद्दे को उठाने के लिए धन्यवाद भी दिया।



यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि दक्षिणी हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र का किसान पानी की कमी के कारण बदहाली की हालत में है। क्षेत्र के नाले व ट्यूबवैल पूरी तरह से सूख चुके हैं। पानी के लिए नए ट्यूबवैल खोदने पड़ रहे हैं जिस पर भी दो से लेकर आठ लाख तक का खर्चा आ रहा है। इस क्षेत्र का किसान पहले ही पानी की कमी के कारण वित्तीय रूप से अक्षम है इस पर ट्यूबवेल खोदने के लिए अतिरिक्त बोझ किसान के लिए किसी भारी मुसीबत से कम नहीं है। यादव ने अनुरोध किया कि जबतक एसवाईएल लिंक नहर के निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक किसी अन्य नहर का पानी अहीरवाल क्षेत्र की ओर भेजा जाये ताकि इस क्षेत्र की उपजाऊ शक्ति खत्म ना हो जाये।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा युवा किसान संघर्ष समिति द्वारा उठाये गये मुद्दों का समर्थन करते हुए कहा कि अहीरवाल क्षेत्र में पानी की कमी नहीं होने दी जायेगी। भिन्न भिन्न माइक्रो इरीगेशन सिस्टम के जरिये भी खेतों में पानी उपलब्ध करवाया जायेगा। डीप इरीगेशन स्कीम के तहत 95 फीसदी सब्सिडी का प्रावधान भी किसानों के लए सरकार द्वारा घोषित किया गया है।

यादव ने सभी दलों से अपील की कि वह हरियाणा खास तौर से अहीरवाल क्षेत्र की धरती को बचाने के लिए एकजुट होकर सर्वसम्मति से हरियाणा की विधानसभा में एसवाईएल और हांसी भुटाना लिंक नहर में पानी पहुंचाने के लिए हल निकालें।

यादव ने कहा कि किसान तो बिना पानी के किसान ही नहीं रहेगा। मजबूरी में वह खेती छोड़ कर पलायन कर जायेगा तथा बिना किसान के देश भूखमरी की गर्त में चला जायेगा इसीलिए किसान तथा भूमि को बचाना जरूरी है। मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के लिए नरेश यादव के अलावा कैप्टन सतप्रकाश मंदोला, किसान नेता मीर सिंह नंदगांव भिवानी, हिमानी यादव तथा युवा नेता अमरिंदर भी शामिल हुए।

## कन्या महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता नीतू रानी रही प्रथम

सिरसा। राजकीय कन्या महाविद्यालय कालांवाली में कार्यकारी प्राचार्य सोनू राम के संरक्षण व प्राध्यापिका सुषमा देवी के संयोजन में कोविड-19 के बचाव, नारी के अधिकार व पर्यावरण सुरक्षा विषयों पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

एनएसएस प्रभारी सुषमा देवी ने पर्यावरण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई से वातावरण दिनोंदिन प्रदूषित होता जा रहा है। पौधों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। उन्होंने सभी छात्राओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाने और पौधों को अपने परिवार का सदस्य बनाकर उनकी हमेशा देखभाल कर हरित हरियाणा अभियान को सफल बनाने की अपील की। निबंध प्रतियोगिता में नीतू रानी ने प्रथम, अक्को कौर ने द्वितीय व अंजली रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो जितेंद्र, प्रो पूजा व प्रो सुषमा देवी ने निभाई। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

# हरियाणा में एक मार्च से लगेंगी पहली और दूसरी की कक्षाएं

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

### शिक्षा निदेशालय ने बैठक में लिया फैसला, जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किए निर्देश

हरियाणा सरकार ने तीसरी से पांचवीं तक की कक्षाओं के बाद अब पहले व दूसरी कक्षाओं को भी शुरू करने का फैसला किया है। इस संबंध में बुधवार को विभाग द्वारा एसओपी जारी कर दी गई है।

हरियाणा सरकार द्वारा हालही में प्राइमरी विंग की तीसरी से पांचवीं तक की कक्षाएं शुरू की गई थी। हालांकि ज्यादातर जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा पहली व दूसरी कक्षाओं को अभी शुरू नहीं करने को लेकर फीडबैक दिया गया था। इसके बावजूद बुधवार को शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीसरी से पांचवीं कक्षाओं के संचालन को लेकर रिपोर्ट ली गई। हरियाणा के किसी भी जिले से छोटे बच्चों में अभी तक कोरोना को लेकर कोई रिपोर्ट नहीं आई है। जिसके बाद एक मार्च से पहली व दूसरी कक्षाओं को शुरू करने का फैसला लिया गया है। सरकार द्वारा जारी एसओपी में साफ कर दिया गया है कि जो विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं उनके लिए ऑनलाइन सुविधा जारी रहेगी। ऐसे विद्यार्थियों को विद्यालय में उपस्थित होने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा, न ही उनका नाम काटा जाएगा। छोटे विद्यार्थियों के विद्यालय में प्रवेश तथा बाहर जाने को लेकर पहले से जारी गाइडलाइन को लागू किया गया है। जिन विद्यार्थियों में किसी तरह के बुखार आदि के लक्षण मिलते हैं उन्हें स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

सरकार ने यह भी साफ किया है कि अगर कोई विद्यार्थी कोरोना पॉजिटिव पाया जाता है तो पूरे स्कूल को दस दिन के लिए बंद कर दिया जाएगा। स्कूल प्रबंधक यह सुनिश्चित करेंगे कि अन्य कक्षाओं की तरह छोटे बच्चों की कक्षाओं को नियमित सैनिटाइज किया जाए।

# पुरानी रंजिश में युवक की तेज धारदार हथियारों से निर्मम हत्या

## पुलिस ने छह नामजद सहित 11 अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। रादौर

पुरानी रंजिश को लेकर हुए हमले में गांव पोटली निवासी अंकित की मौत हो गई। घायल युवक ने यमुनानगर के एक निजी अस्पताल में बुधवार देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

मामले को लेकर पुलिस ने आरोपित हमलावर भारतभूषण रादौर, राजेश पोटली, कमल जन्धेड़ा, प्रदीप सांगीपुर, नरेश व सत्री के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि हमलावरों ने न केवल लाठियों डंडों व तेजधार हथियार से हमला किया बल्कि हवाई फायर भी किए। बुधवार की सुबह डीएसपी रादौर रजत गुलिया, थाना प्रभारी जठलाना धर्मपाल व सीन



पुलिस हमलावरों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपी उनकी गिरफ्त में होंगे। जिनसे पूछताछ कर मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी।
रजत गुलिया, डीएसपी रादौर

आफ क्राइम की टीम जिसमें डा. चन्द्रशेखर, राजेन्द्र, व रामेश्वरदास शामिल थे, ने घटना स्थल का दौरा किया और साक्ष्य जुटाए।

### परिजनों ने पुलिस को दी ये शिकायत

जठलाना पुलिस को मृतक अंकित के चचेरे भाई ने शिकायत दी है। इसमें कहा गया है कि बुधवार की शाम करीब 7 बजे अंकित अमित व विक्रम के साथ खेतों की ओर गया था। तभी पीछे से कार में सवार होकर कुछ युवक मौके पर पहुंचे और उन्होंने अंकित को टक्कर मार दी। जिससे अंकित गेंहू के खेत में जा गिरा। तभी कुछ बाइक पर भी युवक हथियारों से लैस वहां पहुंचे। जिन्होंने अंकित के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। अंकित के सिर व टांगों पर गंभीर चोटें आई। जिसे ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे यमुननगर रेफर किया गया।

## गोदाम से 75 बैग सरसों चोरी

सिरसा। डबवाली की जेजे कॉलोनी क्षेत्र में स्थित गणेश धर्मकांटा से चोर रात को 75 बैग सरसों के चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में ई ब्लॉक निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि वह फसलों की खरीद बेच का काम करता है। उसने बताया कि जेजे कॉलोनी में स्थित उसके गोदाम में सरसों के काफी बैग पड़े हैं। बीती 23 फरवरी की रात को चोरों ने गोदाम के ताले तोड़कर 75 बैग सरसों के चोरी कर लिए। सुबह उन्हें घटना के बारे में पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गुरु रविदास ने दुनिया को दिया था भाईचारे का संदेश: मांगेराम

पायनियर समाचार सेवा। रादौर

संत गुरू रविदास के प्रकाशोत्सव पर गांव अलाहर में गुरु रविदास की मूर्ति स्थापना की गई। कार्यक्रम में कांग्रेसी नेता मांगेराम मारूपुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में माथा टेका और गुरु का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व यहां हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। यहां पहुंचने पर मंदिर कमेटी सदस्यों की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह् भेंट कर सम्मानित किया गया। मांगेराम मारूपुर ने कहा



कि भारत संतों की भूमि है। यहां समय-समय पर संतों व ज्ञानियों ने अपने ज्ञान से समाज में विकास की रफ्तार मजबूत किया व एकता का प्रकार किया। संतों की अगर बात करें तो भगवान रविदास का नाम बड़े ही आदर व प्यार के साथ लिया जाता है। जिन्होंने समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया।

# बेटियों की सुरक्षा को मिलेगी मजबूती, असामाजिक तत्वों पर कसेगा शिकंजा : कविता



सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण करते पूर्व मंत्री कविता जैन।

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत।

हरियाणा की पूर्व केबिनेट मंत्री कविता जैन ने अपने स्वैच्छिक कोष से मुरथल अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सीसीटीवी लगवाये हैं, जिन पर करीब साढ़े तीन लाख रुपये की लागत आई। इसका लाभ राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं को भी मिलेगी। इस दौरान पूर्व मंत्री ने सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण करते हुए कहा कि बेटियों की सुरक्षा व संरक्षण में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी।

पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि नारी सुरक्षा उनकी प्राथमिकता रही है। इसी के चलते उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से राजकीय कन्या वमावि. में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की घोषणा की थी, जिसे पूरा किया गया है। विद्यालय प्रशासन तथा बेटियों की मांग पर विद्यालय परिसर में तथा बाहर की ओर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे स्थापित करवाये गये हैं। इससे चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा सकेगी। निश्चित तौर पर इससे बेटियों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। कविता जैन ने कहा कि बेटियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने बेटियों की सुरक्षा एवं संरक्षण में कोई कसर नहीं छोड़ी। बेटियों को तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध करवाने के लिए भी दुर्गा शक्ति वाहिनी की गठन किया गया। महिला हैल्पलाईन की बेहतरीन सुविधा दी गई। बेटियों व महिलाओं के संरक्षण के लिए अनुकरणीय योजनाएं लागू की गई हैं।

# सफाई व्यवस्था में परिवर्तन से परेशान हैं निवासी और पार्षद

पायनियर समाचार सेवा। रादौर

नगर पालिका रादौर की सफाई व्यवस्था अब पटरी से उतरती नजर आ रही है। कारण सफाई व्यवस्था में परिवर्तन को माना जा रहा है। जिसके तहत नया ठी ओर से किए गए सफाई के दो टेंडर हैं। जिसमें एक ठेकेदार के पास साफ सफाई का जिम्मा है तो दूसरे के पास कूड़ा उठाने का। इसी व्यवस्था परिवर्तन ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ पार्षद भी परेशान है। हर दिन पार्षदों के पास लोगों को



परेशानी हो रही है। जिसको लेकर पार्षदों ने अधिकारियों से जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार की मांग की है। रादौर शहर सफाई व्यवस्था के मामले में अव्वल है। स्वच्छता सर्वेक्षण में भी बेहतर स्थान प्राप्त कर चुका है, लेकिन सरकार की जारी नई हिदायतों के अनुसार इस बार सफाई व्यवस्था के लिए दो ठेके किए गए हैं। एक ठेकेदार को कूड़ा उठाने का जिम्मा मिला है तो दूसरे को सफाई व्यवस्था का। लेकिन जब से ठेका हुआ है तब से सफाई व्यवस्था गड़बड़ा गई है। पार्षद राजन पासी, अमनदीप, देवेन्द्र लक्की व विनीश राणा ने बताया कि कूड़ा उठाने की व्यवस्था में बदलाव होने से उनके लिए समस्या बढ़ गई है।

# प्रवेश पत्र के कलर प्रिंट पर फोटो लगाकर प्रमाणन जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

### शिक्षा बोर्ड ने किए डी.एड./डीएलएड परीक्षा को प्रवेश-पत्र जारी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा डी.एड./डी.एल.एड. प्रवेश-वर्ष 2015-17 (चतुर्थ सेमेस्टर), 2016-18, 2017-19, 2018-20 व प्रवेश वर्ष 2019-21 रि-अपीयर व विशेष अवसर परीक्षा मार्च-2021 की परीक्षाएं 2 मार्च, 2021 से संचालित करवाई जा रही हैं। पात्र छात्र-अध्यापकों के प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) संस्था की लॉग-इन आईडी पर 24 फरवरी से लाइव कर दिए गए हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष प्रो. जगबीर सिंह ने बताया कि सभी छात्र-अध्यापकों के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक से सम्बन्धित संस्था अपना यूजर आईडी पासवर्ड प्रयोग कर डाउनलोड कर सकते हैं। संस्था के मुखिया व छात्र-अध्यापक इस बारे विशेष ध्यान रखें कि प्रवेश-पत्र का रंगीन प्रिंट लिया जाना है।

## दुकान से 98 हजार की नकदी व सामान चोरी

सिरसा। गांव फग्गीवाला मोरिका में एक दुकान के ताले तोड़कर चोर गल्ले में पड़ी 98 हजार रुपए की नकदी व करीब 50 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए।

पुलिस को दी शिकायत में दुकान संचालक विरेंद्र कुमार ने बताया कि वह गांव में ही दुकान करता है। उसने बताया कि 98 हजार रुपये की राशि वृद्धावस्था पेंशन की आई थी जो बांटने से पहले ही चोरी हो गया। उसने बताया कि बीती 22 फरवरी की रात को दुकान बंद कर घर चला गया। देर रात को चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर गल्ले में पड़ी 98 हजार रुपए की नकदी व करीब 50 हजार रुपए का सामान भी चोरी कर लिया।

# श्रमिक कार्यकर्ता नौदीप कौर की रिहाई पर फिर लगी ब्रेक

## पुलिस का हाईकोर्ट में दावा, फुटेज में लोगों को भड़का रही नौदीप

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस द्वारा किसान आंदोलन के दौरान कुंडली पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई पंजाब की श्रमिक कार्यकर्ता नौदीप कौर को बुधवार को भी हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। हरियाणा सरकार ने आज कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। अब इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को दोबारा होगी।

नौदीप ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर नियमित जमानत की मांग की है। याचिका में आरोप है कि

### अदालत में पेश नहीं हो सकी मेडिकल रिपोर्ट, कल फिर होगी मामले की सुनवाई

राज्य पुलिस ने उसको फर्जी केस में फंसाया है, इसलिए उसे नियमित जमानत दी जाए। पंजाब के मुक्तसर साहिब के तहत गांव ग्यानंदर की रहने वाली नौदीप कौर को हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। नौदीप



कौर को सोनीपत पुलिस ने 12 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

उन पर कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया में हत्या का प्रयास और अवैध वसूली के आरोप हैं। नौदीप कौर हरियाणा के कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया में उन मजदूरों के साथ मिलकर विरोध-प्रदर्शन कर रही थीं जिनके वेतन लंबित थे। पुलिस ने उन्हें वहीं से गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए। उन पर हत्या की कोशिश के लिए के तहत मामला दर्ज किए गया।

आरोप है कि नौदीप कौर ने पुलिस वालों पर लाठियों से हमला किया। इन दिनों वह करनाल जेल में बंद है। यह मामला तब गंभीर हो गया था, जब यह खबरें आईं थी कि नौदीप कौर का शोषण किया जा रहा है। इसके बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौदीप को न्याय दिलाने को लेकर मुहिम शुरू हुई है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस ने अदालत को बताया कि उनके पास फुटेज हैं जिसमें कौर पुलिस के खिलाफ लोगों को भड़का रही थी। वह पुलिस को सबक सिखाने की बात कर रही थी। आज हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से अदालत में नौदीप कौर की मेडिकल रिपोर्ट पेश नहीं की गई।

# कृषि कानून और महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

बढ़ती महंगाई और तीन काले कृषि कानूनों को रद्द करने और एमएसपी पर गारंटी का कानून की मांग को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और जमकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस भवन पर एकत्रित हुए और वहां से सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय पर पहुंचे। जहां जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर मांग की गई कि वे अपना हस्तक्षेप कर तीन कृषि कानूनों को रद्द करवाएं और फसलों पर एमएसपी का कानून बनाकर खरीद सुनिश्चित करवाएं।



सिर पर सिलेंडर रखकर रोष जाहिर करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

नासा के रोवर को मंगल पर उतारने वाले विशाल पैराशूट में

# बाइनरी कोड में छुपाया था ये संदेशः ... डेयर माइटी थिंग्स

**अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति की इस पंक्ति का अर्थ है, नामुमकिन को मुमकिन की कोशिश करना**



**केप केनवरल** /अमेरिका

**नासा** के परसिवरेंस रोवर को मंगल ग्रह पर उतारने के लिए इस्तेमाल किए गए पैराशूट में एक संदेश छुपा था। सिस्टम इंजीनियर इआन क्लार्क ने पैराशूट की नारंगी और सफेद रंग की 21 मीटर की पट्टियों पर बाइनरी कोड का इस्तेमाल कर डेयर माइटी थिंग्स लिखा था। इस पहेली को अंतरिक्ष प्रेमियों ने पैराशूट की तस्वीरें सामने आने के कुछ घंटे बाद ही हल कर लिया।

उन्होंने कैलिफोर्निया के पासाडेना में नासा की जेट प्रोपल्सन प्रयोगशाला में मिशन के मुख्यालय के लिए जीपीएस निर्देशांक भी इसमें शामिल किए थे।

क्रॉसवर्ड खेल खेलने के शौकीन क्लॉर्क को दो साल पहले यह विचार आया था। क्लॉर्क के अनुसार शुक्रवार को रोवर के मंगल ग्रह पर उतरने से पहले सिर्फ छह लोगों को इस कोड के बारे में पता था। उन्होंने बताया कि पैराशूट की तस्वीरें आने के बाद उन्होंने संवाददाता सम्मेलन के दौरान सोमवार को कुछ संकेत दिए थे। अंतरिक्ष प्रेमियों ने कुछ घंटों में ही इस पहेली को हल कर लिया। उन्होंने कहा, मुझे आगे और अधिक रचनात्मक होना होगा।

डेयर माइटी थिंग्स अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट द्वारा दी गए एक मशहूर पंक्ति है। यह जेपीएल और केन्द्र की कई दीवारों पर भी लिखी नजर आती है। इसका मतलब, नामुमकिन को मुमकिन करने की कोशिश करना है। गौरतलब है कि नासा का रोवर परसिवरेंस शुक्रवार तड़के मंगल ग्रह की सतह पर उतरा था। यह जेजोरो क्रेटर (महाखड्ड) में उतरा है। यह नासा द्वारा अब तक भेजा गया सबसे बड़ा और सर्वाधिक उन्नत रोवर है। नासा के अब तक के सबसे जोखिम भरे और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण इस अभियान का उद्देश्य यह पता लगाना है कि मंगल ग्रह पर क्या कभी जीवन था। अभियान के तहत ग्रह से चट्टानों के टुकड़े भी लाने का प्रयास किया जाएगा जो इस सवाल का जवाब खोजने में अहम साबित हो सकते हैं।

## अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करना महत्वपूर्ण : जावड़ेकर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मंगलवार को कहा कि जलवायु के संबंध में कार्रवाई का विचार जलवायु महत्वाकांक्षा लक्ष्य को वर्ष 2050 से आगे खिसकना नहीं चाहिए।

देशों के लिए वर्ष 2020 से पहले की अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करना अहम है।जावड़ेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा से जुड़े जलवायु संबंधी जोखिम पर एक खुली चर्चा में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा संधि (यूएनएफसीसीसी) और इसकी रूपरेखा के तहत हुआ पेरिस समझौता जलवायु संबंधी कार्रवाई के लिए केंद्रीय तंत्र है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक ट्वीट में कहा, विभाजन की राजनीति काम नहीं करेगी

# राहुल गांधी ने उत्तर भारतीयों का किया अनादर : भाजपाई नेता

**राहुल ने कहा था, मैं उत्तर (भारत) से सांसद था, मुझे एक अलग प्रकार की राजनीति की आदत हो गई थी**



**नई दिल्ली**/तिरुवनंतपुरम।

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष समेत कई नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अवसरवादी होने के साथ ही यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने दक्षिणी राज्य केरल में दिए अपने भाषण से उत्तर भारतीयों का अनादर किया है। तिरुवनंतपुरम में एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा, पहले 15 वर्षों के लिए मैं उत्तर (भारत) से एक सांसद था। मुझे एक अलग प्रकार की राजनीति की आदत हो गई थी। केरल आने पर मुझे अलग तरह का अनुभव हुआ क्योंकि मैंने अचानक पाया कि लोग मुद्दों में रुचि रखते हैं और न केवल सतही तौर पर बल्कि मुद्दों में विस्तार से जाते हैं।

भाजपा ने इन टिप्पणियों को उत्तर भारतीयों के खिलाफ बताया और भाजपा के कई नेताओं ने गांधी पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि वह अवसरवादी हैं जबकि उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश में अमेठी से कई चुनाव जीते हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक ट्वीट में कहा, कुछ दिन पहले वह (गांधी) पूर्वोत्तर में थे, भारत के पश्चिमी हिस्से के खिलाफ जहर उगल रहे थे। आज वह दक्षिण में उत्तर के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। विभाजन और शासन की राजनीति काम नहीं करेगी। राहुल गांधीजी की लोगों ने इस राजनीति को खारिज कर दिया है। देखें गुजरात में आज क्या हुआ। वह परोक्ष तौर पर गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की जीत की ओर इशारा कर रहे थे।

गांधी की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने उन्हें एहसान फरामोश बताया और कहा कि इस तरह के व्यक्ति के बारे में लोकप्रिय कहावत है थोथा चना बाजे घना। ईरानी ने पिछले आम चुनाव में गांधी को उनके पारिवारिक गढ़ माने जाने वाली अमेठी में हराया था, लेकिन वह केरल में वायनाड से जीत गए थे। वह वायनाड से भी चुनाव लड़े थे।

एक अन्य केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, अमेठी के लोगों ने आपके पूरे परिवार को इतने मौके दिए हैं। अगर आप अच्छे हैं तो भारत के हर हिस्से के लोग अच्छे हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट किया, उन्हें देखिए। जो व्यक्ति अपनी लोकसभा सीट बचाने के लिए केरल भागा उसने उत्तर भारतीयों की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाया, इसमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने ईमानदारी से उनके परिवार को पीढ़ियों से वोट दिया है...।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, मैं दक्षिण से आता हूं। मैं पश्चिमी राज्य से एक सांसद हूं। मैं उत्तर में पैदा हुआ, शिक्षित हुआ और काम किया। मैंने दुनिया के सामने पूरे भारत का प्रतिनिधित्व किया। भारत एक है। किसी भी क्षेत्र को कमतर नहीं करें। हमें कभी विभाजित न करें। तिरुवनंतपुरम में केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता रमेश चेन्निथला की अगुवाई में 22 दिनों तक चलने वाली ऐश्वर्या यात्रा के समापन पर आयोजित एक सभा में गांधी ने तीन कृषि कानूनों को लेकर केंद्र पर निशाना साधा था और कहा था भाजपा सरकार का उद्देश्य किसानों के बाजार को नष्ट करना है और उन्हें उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिलना है।

कांग्रेस नेता ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कम कीमत के बावजूद बढ़ती ईंधन कीमतों का लेकर केंद्र और राज्य सरकारों पर हमला किया और दावा किया कि दोनों सरकारें देश के सबसे अमीर लोगों को पैसा दे रही हैं। गांधी ने कहा कि उन्होंने केरल से बहुत कुछ सीखा है और यहां लोगों के ज्ञान के बारे में थोड़ा समझ गए हैं।

गांधी ने सभा में कहा कि हाल ही में अमेरिका में कुछ छात्रों के साथ बात करते हुए, उन्होंने कहा कि उन्हें केरल में जाना अच्छा लगता है क्योंकि आप जिस तरह से राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा, हाल ही में, मैं अमेरिका में कुछ छात्रों से बात कर रहा था और मैंने कहा कि मुझे वास्तव में केरल जाना अच्छा लगता है और मुझे वायनाड जाना बहुत पसंद है। यह केवल स्नेह के चलते नहीं है, क्योंकि स्नेह बेशक है, बल्कि इस वजह से कि आप जिस तरह से अपनी राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा था, अगर मैं कहूं तो आप जिस बुद्धिमत्ता के साथ अपनी राजनीति करते हैं। इसलिए मेरे लिए, यह एक सीखने का अनुभव और आनंद है।

## भाजपा समर्थक किसानों के आंदोलन को दबाना चाहते हैं : अजित सिंह



**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के सोरम गांव में भाजपा और रालोद समर्थकों के बीच हुई झड़प के एक दिन बाद मंगलवार को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) प्रमुख अजित सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थक तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध को बलपूर्वक दबाना चाहते हैं। सोरम गांव के दौरे पर आए सिंह ने कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर रहे किसानों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने हर किसान की आवाज दबाने के लिए बल प्रयोग करने की आदत सी बना ली है। उन्होंने कहा, सबसे पहले उन्होंने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे, फिर ठंड में पानी की बौछार की और लाठीचार्ज किया। सरकार ने उसके बाद किसानों का रास्ता रोकने के लिए बैरिकेड भी लगवा दिए। यहां तक कि किसान समुदाय का अपमान करने के लिए प्रदर्शनकारियों को खालिस्तानी और आतंकवादी तक कहा। रालोद नेता ने आरोप लगाया कि दिल्ली में जारी किसान आंदोलन के दौरान 200 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं लेकिन सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है और किसान समुदाय का केवल अपमान कर रही है।

# संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के प्रस्ताव को खारिज करे : विदेश मंत्री

**श्रीलंका के मंत्री ने आगामी प्रस्ताव को आधारहीन और देश के खिलाफ राजनीति से प्रेरित कदम बताया**

**एजेंसी।** कोलंबो

श्रीलंका के विदेश मंत्री ने यूएनएचआरसी के सदस्य देशों से श्रीलंका में मानवाधिकार को लेकर जवाबदेही और सुलह-सफाई पर आगामी प्रस्ताव को खारिज करने की अपील करते हुए इसे देश के खिलाफ राजनीति से प्रेरित कदम बताया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के सत्र को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए विदेश मंत्री दिनेश गुणवर्द्धना ने परिषद से प्रस्ताव को खारिज करने की अपील की। मंत्री ने आगामी दिनों में लाए जाने वाले प्रस्ताव को आधारहीन और श्रीलंका के खिलाफ राजनीति से प्रेरित कदम बताया। गुणवर्द्धना की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब देश ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त मिशेल बाचेलेट की एक रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। इस रिपोर्ट में 2009 में लिट्टे के साथ सशस्त्र संघर्ष के अंतिम चरण के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पाबंदी लगाने और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत प्रक्रिया शुरू करने समेत कई कदम उठाने का आह्वान किया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को यूएनएचआरसी के सत्र में मसौदा प्रस्ताव को पेश किए जाने की संभावना है। मसौदा प्रस्ताव में श्रीलंका में मानवाधिकार की स्थिति पर उच्चायुक्त कार्यालय को रिपोर्ट करने और निगरानी बढ़ाने समेत सुलह-सफाई की प्रक्रिया में प्रगति तथा जवाबदेही के विषय को शामिल किए जाने की संभावना है।

## एनएसई में कनेक्टिविटी बाधा के चलते कारोबार रुका



मुंबई। देश के सबसे बड़े शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को कहा कि कनेक्टिविटी से जुड़े मुद्दों के चलते 1140 बजे से कारोबार बाधित है। एनएसई के वक्तव्य में कहा गया है कि नेट कनेक्टिविटी के लिए वह दो दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की सेवाएं लेता है लेकिन दोनों की सेवाएं ही एक साथ असफल होने से प्रणाली बाधित हुई है। हालांकि, बंबई शेयर बाजार (बीएसई) में दूरसंचार लाइनें काम कर रही है उन पर इसका कोई असर नहीं हुआ। एनएसई ने कहा कि उसके दो सेवा प्रदाताओं के साथ कई दूरसंचार कनेक्शन हैं लेकिन उसे दोनों ही सेवा प्रदाताओं से संदेश प्राप्त हुआ है कि उनके कनेक्शन में कुछ समस्या खड़ी हुई है जिसकी वजह से एनएसई की शेयर कारोबार प्रणाली पर असर पड़ा है। एनएसई प्रवक्ता के हवाले से जारी वक्तव्य में कहा गया है, हम पूरी प्रणाली को जितना जल्दी संभव हो सकेगा बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। कनेक्टिविटी में बाधा खड़ी होने की वजह से सभी वर्गों में 11.40 बजे से काम बंद है। जैसे ही कनेक्टिविटी की बाधा दूर होगी काम शुरू कर दिया जाएगा।

## भाजपा नेता राकेश सिंह मादक पदार्थ मामले में गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा नेता राकेश सिंह को मादक पदार्थ जब्ती मामले में संलिप्तता के आरोप में कोलकाता से करीब 130 किलोमीटर दूर पूर्व बर्दमान जिले के गलसी से मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शहर के बंदरगाह क्षेत्र में भाजपा की प्रदेश समिति के सदस्य के घर में प्रवेश करने से रोकने के आरोप में कोलकाता पुलिस की मादक निरोधक पदार्थ इकाई ने उनके दो बेटों को भी गिरफ्तार किया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजुमो) की राज्य सचिव पामेला गोस्वामी को उनके एक दोस्त और निजी सुरक्षा गार्ड के साथ 19 फरवरी को दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर इलाके से गिरफ्तार किया था।

# राजस्थान के बजट में नया कर नहीं, 910 करोड़ की राहतें दीं

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान** सरकार के वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में किसी नए कर का प्रस्ताव नहीं किया गया है जबकि विभिन्न छूट के जरिए कुल 910 करोड़ रुपये की राहत प्रदान करने की घोषणा की गई है। बजट में 2021-22 में 23,750.04 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे का अनुमान रखा गया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को राज्य विधानसभा में बजट पेश करते हुए यह घोषणा की। गहलोत के पास वित्त विभाग भी है। उन्होंने बजट भाषण में कहा, मुझे अहसास है कि कोरोना महामारी के कारण समाज के सभी वर्गों को आर्थिक हानि हुई है इसलिए बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है बल्कि इस कोरोना काल में लगभग 910 करोड़ रुपये की राहत प्रदान की गई है। बजट में 2021-22 में 23,750.04 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे का अनुमान लगाया गया है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए बजट अनुमानों का संक्षिप्त विवरण पेश करते हुए गहलोत ने कहा कि इस दौरान राजस्व प्राप्तियां 1,84,330.13 करोड़ रुपये, राजस्व व्यय 2,08,080.17 करोड़ रुपये व राजस्व घाटा 23,750.04 करोड़ रुपये रहना अनुमानित है।

# दक्षिण एशिया, हिंद प्रशांत की चुनौतियों का मिलकर सामना करने पर अमेरिका-बांग्लादेश सहमति

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने बांग्लादेश के अपने समकक्ष एके अब्दुल मोमन के साथ आर्थिक, रक्षा और आतंकवाद रोधी सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की और दोनों नेताओं ने दक्षिण एशिया तथा बृहद हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियां का मिलकर सामना को लेकर भी सहमति व्यक्त की।

ब्लिंकन ने मंगलवार को मोमन के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों ने म्यांमा में जारी गतिरोध, रोहिंग्या शरणार्थी संकट के स्थाई समाधान और श्रमिक एवं मानवाधिकारों का सम्मान किए जाने की आवश्यकता पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक बयान में बताया कि ब्लिंकन और मोमन ने आर्थिक, आतंकवाद रोधी कदमों तथा रक्षा सहयोग को गहरा करने और जलवायु परिवर्तन जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने के तरीकों पर भी चर्चा की। प्राइस ने कहा, ब्लिंकन ने 2021 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ के लिए विदेश मंत्री मोमन को शुभकामनाएं दी और दोनों नेताओं ने दक्षिण एशिया तथा बृहद हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने के लिए निकट सहयोग की इच्छा व्यक्त की।

वहीं, ब्लिंकन ने मोमन से बातचीत के बाद ट्वीट किया, विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमन से बात कर अच्छा लगा और उन्हें बांग्लादेश की स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ के लिए शुभकामनाएं दी।

# गुजरात नगर निगम चुनाव में भाजपा ने दर्ज कराई प्रचंड जीत

भाजपा ने छह शहरों के निगमों में सत्ता कायम रखी

**एजेंसी।** अहमदाबाद



**भाजपा** ने गुजरात में छह नगर निगमों के लिए हुए चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। मंगलवार को हुई मतगणना में 576 में से 483 सीटें जीतकर भाजपा ने इन नगर निकायों में अपनी सत्ता बरकरार रखी।सत्तारूढ़ दल ने राज्य के सभी छह नगर निगमों-अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट, जामनगर और भावनगर में सत्ता बरकरार रखी। इन नगर निगमों के चुनाव के लिए मतदान 21 फरवरी को हुआ था। विपक्षी दल कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और वह केवल 55 सीटों पर जीत दर्ज कर पाई है। यहां तक कि कांग्रेस सूरत में अपना खाता खोलने में नाकाम रही।

वहीं, राज्य में नगर निकाय चुनावों में पहली बार उतरी आम आदमी पार्टी (आप) ने 27 सीटों पर जीत हासिल की और ये सभी सीटें उसने सूरत में जीती। आप सूरत नगर निगम में मुख्य विपक्ष के रूप में उभरी। आप ने छहों नगर निगमों में कुल 470 उम्मीदवार उतारे थे। भाजपा ने अहमदाबाद में 192 सीटों में से 159, राजकोट में 72 सीटों में से 68, जामनगर में 64 में से 50 सीटें, भावनगर में 52 सीटों में से 44, वडोदरा में 76 सीटों में से 69 और सूरत में 120 सीटों में से 93 सीटें जीतीं। दूसरी ओर, कांग्रेस ने तीन नगर निगमों में केवल एक अंक में सीटें जीतीं और सूरत में तो उसे एक भी सीट नहीं मिली। कांग्रेस ने अहमदाबाद में 25, राजकोट में चार, जामनगर में 11, भावनगर में आठ और वडोदरा में सात सीटें जीतीं।

पहली बार गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने वाली असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने अहमदाबाद के मुस्लिम बहुल जमालपुर और मकतामपुरा वार्ड में सात सीटें जीतीं। जामनगर में बहुजन समाज पार्टी के तीन उम्मीदवारों ने जीत हासिल की, जबकि एक निर्दलीय उम्मीदवार अहमदाबाद में जीता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जीत को अति विशेष करार दिया और कहा कि दो दशकों से अधिक समय से राज्य की सेवा करने वाली पार्टी के लिए ऐसी जीत हासिल करना उल्लेखनीय है। मोदी ने कहा कि नगर निगमों के चुनाव परिणाम विकास एवं सुशासन की राजनीति में लोगों के अटूट विश्वास को प्रदर्शित करते हैं। मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, धन्यवाद गुजरात। राज्यभर में नगर निगम के चुनाव परिणाम विकास एवं सुशासन की राजनीति में लोगों के अटूट विश्वास को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा के प्रति एक बार फिर विश्वास प्रदर्शित करने के लिए राज्य के लोगों का आभारी हूं। गुजरात की सेवा करना हमेशा सम्मान की बात रही।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के बुराड़ी में व्यक्ति पर हमले में चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अपने पुराने पड़ोसी पर कथित तौर पर हमला करने के मामले में पुलिस ने 38 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने मुख्य आरोपी की पत्नी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी। पुलिस ने बताया कि तीन आरोपी नसीम अहमद, नावेद खान और इमरान उत्तर प्रदेश के अमरोहा और चौथा आरोपी अमित मेहरा दिल्ली के बुराड़ी का निवासी है।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 15 फरवरी को सुबह करीब पौने आठ बजे बुराड़ी के रहने वाले राज कुमार अपनी बेटी को स्कूल छोड़कर आ रहे थे। बुराड़ी के चंदर विहार स्थित राधा कृष्ण मंदिर पहुंचते ही मोटरसाइकिल सवार दो लोग उनके पास आए और वाहन पर पीछे बैठे व्यक्ति ने उनके सिर और हाथ पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि कुमार को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एंटो अल्फोंस ने कहा, जांच के दौरान पुलिस को उस मकान का पता चला, जहां आरोपी घटना को अंजाम देने से पहले रुके थे और घटना के बाद भी वहां आए थे। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपियों को पकड़ा। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अहमद ने मुख्य साजिशकर्ता होने की बात स्वीकार की। पहले वह बुराड़ी में एक इमारत की दूसरी मंजिल पर रहता था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जयललिता की जयंती पर उन्हें किया याद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की जयंती पर उन्हें याद किया। कहा कि जनहित की नीतियों तथा पिछड़ों को सशक्त करने के प्रयासों के लिए उनकी व्यापक सराहना की जाती है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, जयललिता जी की जयंती पर उनका स्मरण। जनकल्याणकारी नीतियों और पिछड़ों को सशक्त करने के प्रयासों के लिए उनकी व्यापक सराहना की जाती है। हमारी नारी शक्ति को सशक्त करने के लिए भी उन्होंने स्मरणीय प्रयास किए। उनके साथ हुए कई संवादों को मैं हमेशा संजो के रखूंगा। तमिलनाडु की राजनीति में अम्मा के नाम से मशहूर रहीं जयललिता का जन्म वर्तमान कर्नाटक के मांड्या जिले के मेलुरकोट गांव में 1948 को हुआ था। वह पांच बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री रही। तमिलनाडु की अन्नाद्रमुक सरकार ने हाल ही में जयललिता की जयंती को बालिका संरक्षण दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया। जयललिता के नेतृत्व में पिछले विधानसभा चुनाव में लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर अन्नाद्रमुक ने इतिहास रच दिया था। पांच दिसंबर 2016 को उनका निधन हो गया था। इस साल अप्रैल-मई में राज्य विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा ने अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

### घर में घुसकर दलित किशोरी से बलात्कार, एक गिरफ्तार

**महोबा (उप्र)।** महोबा जिले के पनवाड़ी क्षेत्र में घर में घुसकर दलित किशोरी से बलात्कार करने का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कुलपहाड़ के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) कालू सिंह ने बुधवार को बताया कि पनवाड़ी थाना क्षेत्र में एक गांव के अनुसूचित वर्ग के एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी युवकों रोहित यादव और कल्लू राजपूत को गिरफ्तार किया गया। पीड़िता के पिता के अनुसार आरोपियों ने मंगलवार को घर में घुसकर उसकी 16 वर्षीय बेटी से बलात्कार किया और मारपीट की। उन्होंने बताया कि रोहित पर बलात्कार करने और कल्लू पर पीड़िता से मारपीट करने का आरोप है। घटना पिछले रविवार की है। सीओ ने बताया कि इससे पहले पीड़ित पक्ष ने 18 फरवरी को भी एक प्राथमिकी दर्ज करवाई थी,जिसमें इन्हीं दोनों आरोपियों पर मारपीट और लड़की से छेड़खानी करने का आरोप लगाया गया था। पनवाड़ी थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनोद कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण करवाया गया है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं, महिला संगठन गुलाबी महिला उत्थान समिति (गुलाबी गैंग) की मुखिया सुमन सिंह चौहान ने कहा,"मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। यदि छेड़छाड़ के दर्ज मामले में गिरफ्तारी हो गई होती तो आरोपी दुष्कर्म की वारदात को अंजाम नहीं दे पाते"।

### सीवानः युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**सीवान, बिहार।** बिहार के सीवान जिले के हरिहरनाथ पुलिस चौकी क्षेत्र में एक युवती के साथ तीन युवकों द्वारा कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हरिहरनाथ पुलिस चौकी प्रभारी राजीव रंजन सिंह ने मंगलवार को बताया कि पीड़िता की सारण जिला मुख्यालय छपरा में मेडिकल जांच कराए जाने के बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, युवती घरेलू विवाद के बाद नाराज होकर रविवार को अपने घर से निकल गई थी। रविवार की शाम साढ़े सात बजे एक ट्रेन से वह यहां उतरी तथा भटकते हुए सोनपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिणी हिस्से के रोड के बगल में एक विद्यालय के समीप पहुंच गई। उन्होंने बताया कि इसी बीच एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और युवती की सहायता करने के नाम पर उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। आरोप है कि दोनों उसे एक गांव में ले गए और वहां उसे एक कार में बिठाकर गांव स्थित एक घर में ले गए जहां से कार चालक सहित तीनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। रात्रि में लगभग साढ़े बारह बजे उसे स्टेशन लाकर छोड़ दिया। घर वापस लौटी युवती ने अपने परिजनों के साथ सोमवार की देर शाम यहां पहुंचकर दुष्कर्म की घटना का बयान करते हुए बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

### अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आ रहे यात्रियों की होगी कोविड स्क्रीनिंग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आ रहे यात्रियों की स्क्रीनिंग और संपर्कों का पता लगाने का फैसला किया है। राज्य के जनसंपर्क विभाग ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राज्य सरकार ने सभी कमिश्नरों और कलेक्टरों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए अन्य राज्यों से विभिन्न माध्यमों से छत्तीसगढ़ आ रहे यात्रियों की कोविड स्क्रीनिंग और कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की व्यवस्था करने का निर्देश जारी किया है। विज्ञप्ति के अनुसार, जारी निर्देश में कहा गया है कि देश में कोरोना संक्रमण प्रभावित व्यक्तियों की संभावित वृद्धि को देखते हुए विभिन्न माध्यमों से अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आ रहे यात्रियों की कोविड स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जाए। रायपुर तथा जगदलपुर (बस्तर) विमानतल पर विशेष रूप से मुबंई और दिल्ली से आने वाले यात्रियों सहित सभी यात्रियों की कोविड स्क्रीनिंग और कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस हिरासत से फरार

**कौशांबी (उप्र)।** कौशांबी के एक गांव में नाबालिग से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक मंगलवार को इलाहाबाद में पुलिस हिरासत से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनंदन ने बताया कि 20 फरवरी को एक मुठभेड़ के बाद आरोपी को एक अन्य व्यक्ति के साथ पकड़ा गया था। मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया था। उसे इलाहाबाद के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार सुबह वह वहां तैनात पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया।एसपी ने बताया कि दोनों कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है। आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गई है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को तीन लोगों ने नाबालिग से कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस के अनुसार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### पेट्रोरसायन क्षेत्र अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** रसायनों और पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में पर्याप्त क्षमता है और ये सरकार के पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री सदानंद गौड़ा ने मंगलवार को यह बात कही। रसायन और उर्वरक मंत्री ने यहां पेट्रोकेमिकल और डाउनस्ट्रीम प्लास्टिक प्रसंस्करण उद्योग में प्रौद्योगिकी नवाचार के लिए 10 वें राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। गौड़ा ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल्द से जल्द पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचने के लक्ष्य को हासिल करने में रसायन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र एक अग्रणी क्षेत्र के रूप में उभर सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत में वैश्विक पेट्रोकेमिकल हब बनने की संभावना है।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 25 फरवरी, 2021



# इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी में बनेंगे 3 देशों के कलस्टर

## प्राधिकरण अधिकारी उद्यमियों को निवेश के लिए करेंगे प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर सात में बनने वाली इलेक्ट्रानिक्स सिटी में ताइवान, जापान व कोरिया तीन देशों के क्लस्टर बनाए जाएंगे ताकि यहां पर अधिक से अधिक निवेश आ सके। इन देशों में प्राधिकरण की टीमें जाएंगी और उद्यमियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक्स सिटी बनाने की घोषणा की है। प्राधिकरण पहले ही यहां पर यह योजना ला रहा था। इसके लिए सेक्टर तय किए थे, लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया है। प्राधिकरण सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि इस सेक्टर में तीन क्लस्टर बनाए जाएंगे। ताइवान, जापान व कोरिया की कंपनियों को इनमें लाया जाएगा। ये क्लस्टर 200-200 एकड़ के बनाए जाएंगे। इसके लिए 150 एकड़ में इलेक्ट्रानिक्स की सामान्य कंपनियां को जमीन आवंटित की जाएगी।

सीईओ ने बताया कि सरकार की मंशा है कि यहां पर 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश हो। इसके लिए प्राधिकरण के अधिकारी तीनों देशों में जाएंगे। साथ ही दूतावासों में मिलेंगे। वहां के उद्यमियों से मिलकर निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। नई पॉलिसी के तहत यहां आने वाली कंपनियों को छूट दी जाएगी। इसमें लैंड सब्सिडी जमीन में छूट बिजली, स्टांप व एसजीएसटी में भी छूट आदि शामिल है।

सरकार की मंशा के अनुरूप यमुना प्राधिकरण सेक्टर-24 में भी इलेक्ट्रानिक्स कंपनियों को जमीन आवंटित करेंगे। इसके लिए जल्द योजना निकाली जाएगी ताकि सरकार के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

### फिल्म सिटी की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट शासन को भेजी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने फिल्म सिटी की ड्राफ्ट रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेज दी। ड्राफ्ट रिपोर्ट में फिल्म सिटी को तीन चरणों में विकसित करने की बात कही गई है। फिल्म सिटी 2028 तक पूरी तरह विकसित होगी। ड्राफ्ट रिपोर्ट में हर कार्य के लिए जगह तय कर दी गई है। इसकी ड्राफ्ट रिपोर्ट सीबीआरई कंपनी ने बनाई है। यमुना प्राधिकरण ने ड्राफ्ट रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद मंगलवार को प्रदेश सरकार को भेज दिया। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के बाद इस दिशा में आगे बढ़ा जाएगा। ड्राफ्ट रिपोर्ट बताती है कि फिल्म सिटी को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा।

## सवारी बैठाने के विवाद में चालक की आंख फोड़ी

**नोएडा।** बीटा टू कोतवाली क्षेत्र स्थित यथार्थ अस्पताल के समीप सवारी बैठाने के विवाद में ऑटो चालक की आंख फोड़ने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक साल पहले हुई घटना में घायल पीड़ित का अभी भी इलाज चल रहा है। एक साल तक जब पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के लडपुरा गांव निवासी जितेंद्र ऑटो चलाता है। करीब एक साल पहले यथार्थ अस्पताल के सामने वह कुछ सवारियों को लेकर आया। सवारी ऑटो से उतरकर एटीएम से रुपये निकालने लगे, तभी सेलक, राजू व अजय उसके पास आए। तीनों ने जितेंद्र को जाति सूचक शब्द कहे और सवारी बैठाने का विरोध किया। पीड़ित ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई।

# जेवर एयरपोर्ट की जद में आने वाले चार स्कूल हटाए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर एयरपोर्ट परियोजना की जद में आए सरकारी स्कूलों को यमुना प्राधिकरण शिफ्ट करेगा। इन स्कूलों में आने वाले खर्च का आकलन प्राधिकरण करेगा। इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जल्द ही यह काम शुरू होगा। जेवर एयरपोर्ट परियोजना के प्रभावित परिवारों को जेवर बांगर में बसाया जाना है। यहां पर विकास कार्य चल रहे हैं।

इस परियोजना में चार स्कूल भी आ रहे हैं। इन स्कूलों को शिक्षा विभाग को बनवाना था। शासन ने आदेश दिया था कि इस परियोजना में आने वाले स्ट्रक्चर को संबंधित विभागों को हटाने का प्रावधान किया था लेकिन, अब शिक्षा विभाग इन स्कूलों को नहीं बनाएगा। यह काम अब प्राधिकरण कराएगा। यमुना प्राधिकरण इन स्कूलों का एस्टीमेट बनवाएगा, इसके बाद काम करेगा। इस परियोजना 4 प्राथमिक विद्यालय आ रहे हैं। इनकी जगह जेवर बांगर में दो बड़े विद्यालय बनाए जाएंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि स्कूल शिफ्टिंग का काम प्राधिकरण करेगा।

### पैसे के लिए तीनों प्राधिकरणों को भेजा पत्र

जेवर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली 1365 हेक्टेयर जमीन के लिए शासन ने 2 हजार करोड़ रुपये दे दिए हैं। अब तीनों प्राधिकरणों को अपनी हिस्सेदारी देनी है। इसके लिए करीब 5 हजार करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी। इसमें नोएडा प्राधिकरण को 1875 करोड़ और ग्रेटर नोएडा-यमुना प्राधिकरण को 625-625 करोड़ रुपये देने होंगे।

## फर्जी तरीके से महिला के नाम पर लिया होम लोन

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित डेल्टा एक सेक्टर में रहने वाली महिला के बेटे का भविष्य इन दिनों जालसाजों के कारण अधर में अटक गया है। ठगों ने महिला के नाम पर फर्जी कागज तैयार कर 16 लाख का होम लोन पास करा लिया। इस बात की जानकारी पीड़ित महिला को तब हुई जब उसने अपने बेटे की पढ़ाई के लिए एजुकेशन लोन के लिए आवेदन किया। मामले में लोन पास करने वाली कंपनी के खिलाफकोर्ट ने केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

पीड़ित वंदना राघव ने अपनी अर्जी में कहा है कि वह डेल्टा एक सेक्टर में रहती है। शहर के अल्फा एक सेक्टर कमर्शियल बेल्ट स्थित कैनफिन होम लोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से सांठगांठ करके एक व्यक्ति द्वारा फर्जी कागज तैयार कर उसके नाम पर 16 लाख का होम लोन पास करा लिया गया है। आरोप है कि लोन देने वाली कंपनी की भी इसमें मिलीभगत है।

# पूर्व जीएम, समेत 5 पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

## करोड़ों रुपए का मुआवजा लेने और भूखंड हड़पने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पूर्व जीएम समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपए का मुआवजा और भूखंड हड़पने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

थाना ईकोटेक -3 के प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार ने बताया, एक सामाजिक संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र भाटी की शिकायत पर ईकोटेक-3 थाना में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पूर्व महाप्रबंधक (जीएम) रविंद्र तोंगड़, मकोड़ा गांव के रहने वाले राजेंद्र सिंह, उनकी पुत्रवधू श्वेता सिंह, मधु सिंह और गीता सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी कर सरकारी जमीन हड़पने तथा करोड़ों रुपए का मुआवजा लेने के संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

### आरोपियों ने साठगांठ कर दिया फर्जीवाड़े का अंजाम

उन्होंने बताया कि तुस्याना गांव की 170 बीघा जमीन इससे पहले चकबंदी के दौरान ग्राम समाज के रूप में दर्ज की गई थी। वर्ष 1989 में सरकार ने टीपीए कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को इलेक्ट्रॉनिक सिटी बसाने के लिए जमीन खरीदने की अनुमति दी थी। लेकिन, शर्तें पूरी नहीं करने पर साल 2006 में अनुमति को निरस्त कर दिया गया था।आरोपियों ने साठगांठ कर उक्त जमीन को अपने और परिवार की तीन महिलाओं के नाम करा लिया। इसके बाद सरकारी अधिग्रहण में करोड़ों का मुआवजा, व्यावसायिक भूखंड और अन्य लाभ प्राप्त किया। इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने वाले जितेंद्र भाटी ने बताया कि तुस्याना गांव में ग्राम समाज की करीब 200 बीघा जमीन है।

बेनामा के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए उन्होंने सूचना के अधिकार (आरटीआई) का इस्तेमाल किया जिससे उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बिना पंजीकरण के चल रहा था अस्पताल, विभाग ने किया सील

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दादरी के नहर बाइपास स्थित एक निजी अस्पताल का पंजीकरण नहीं होने पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अस्पताल को सील कर दिया गया है। इससे अन्य झोला छाप डॉक्टरों में हलचल मच गई है। एक महिला के इलाज में लापरवाही बरतने पर इसकी शिकायत सीएमओ से की गई थी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन के लोग पंजीकरण से संबंधित कागजात नहीं दिखा सके।

बता दें कि दादरी नगर के नहर बाइपास पर स्थित मैक्स केयर अस्पताल में बीते दिनों जारचा निवासी नाजिम की पत्नी का इलाज कराया गया था। इलाज में लापरवाही किए जाने की शिकायत नाजिम ने सीएमओ से की थी। पीड़ित के शिकायत करने पर स्वास्थ्य विभाग ने उक्त अस्पताल को तीन दिन पहले अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया गया था। उसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने नोटिस का जवाब नहीं दिया। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम दादरी नगर स्थित मैक्स केयर अस्पताल पर पहुंची और अस्पताल का पंजीकरण व अन्य दस्तावेज मांगे। स्वास्थ्य विभाग की टीम का नेतृत्व डिप्टी सीएमओ डॉ चंदन सिंह कर रहे थे।

### गर्भवती महिला की हो गई थी मौत

# रोज गांव से यहां आएंगे, दूध-मट्ठा भी लाएंगे

## गाजीपुर बॉर्डर यूपी गेट पर राकेश टिकैत से मिलने पहुंची महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कृषि बिल के विरोध में धरना दे रहे किसानों के बीच अब गांवों से महिलाओं के जत्थे भी पहुंचने शुरू हो चुके हैं। बुधवार को गाजीपुर बॉर्डर धरनास्थल पर पहुंची महिलाओं ने भारतीय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत से मुलाकात की।

इस दौरान महिलाओं ने सरकार के प्रति रोष जताते हुए कहा कि जब तक नए कृषि कानून वापस नहीं होंगे,वह पीछे हटने वाली नहीं हैं। उन्होंने राकेश टिकैत को भरोसा दिलाया कि उनकी एक आवाज पर महिलाएं गाजीपुर बॉर्डर ही नहीं,जहां वे कहेंगे,वहां पहुंचेंगी।

महिलाओं का कहना था कि हम रोज अपने गांव से यहां आएंगे और आंदोलन कर रहे अपने भाइयों और चाचा, ताऊ के लिए दूध, घी और मट्ठा भी लाएंगे। यहीं हलवा भी बनेगा और खीर भी बनेगी। महिलाओं ने कहा कि हरियाणा में तो खट्टर सरकार अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। इस सरकार ने किसानों की राह में गड्ढे खोदे हैं, इस बात को हमारी कई पुश्तें भूलने वाली नहीं हैं। किसान आंदोलन तो होते रहे हैं, पर किसी भी सरकार ने किसानों के साथ ऐसा सलूक नहीं किया, जैसा वर्तमान सरकारें कर रही हैं।



राकेश टिकैत को समर्थन देने पहुंची महिलाएं।

# निगम ने हटाए अवैध कब्जे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

वजीराबाद रोड भौपुरा स्थित सर्विस रोड पर अतिक्रमण और अवैध कब्जों को नगर निगम ने हटा दिया। इस सर्विस रोड पर दुकानदारों ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ था। मोहन नगर जोन प्रभारी शिव कुमार गौतम ने बताया कि लालगेट से लेकर भोपुरा चौक तक सर्विस रोड पर लकड़ी व्यापारियों ने अवैध निर्माण किया हुआ है।

इससे सर्विस रोड पर जाम रहता था और लोगों को परेशानियां होती थी। इस तरह की शिकायत कई बार मिल चुकी थी। शिकायत के चलते आज अवैध निर्माण को हटाया गया है। यहां सर्विस रोड पर ही एक सर्विस स्टेशन बना हुआ था,उसको भी ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी ने उन्हें अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना लगाया जायेगा।



भौपुरा में सर्विस रोड पर हुए अवैध कब्जे को हटवाते निगम अधिकारी।

## नोएडा में कोविड-19 के चार नए केस मिले

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के चार नए मामले सामने आए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि बुधवार सुबह तक कोरोना वायरस से संक्रमित चार नए मरीज मिले हैं। यहां संक्रमितों की कुल संख्या 25,496 है।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में दो मरीज संक्रमण मुक्त हुए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई। उन्होंने बताया कि यहां के विभिन्न अस्पतालों में 59 मरीजों का उपचार चल रहा है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक 25,346 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कोविड से 91 लोगों की मौत हुई है।

# पुलिस ने कई बदमाशों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले में पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान कई कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से देसी तमंचा, चाकू तथा लूट में इस्तेमाल होने वाली मोटरसाइकिल जब्त की।

थाना फेज-2 की प्रभारी निरीक्षक अनीता चौहान ने बताया कि बीती रात सेक्टर-93 के पास से तीन कुख्यात लुटेरों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से दो देसी तमंचा, एक चाकू और लूट में इस्तेमाल की जाने वाली मोटरसाइकिल जब्त की गई। पूछताछ के दौरान इन गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

वहीं थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने बुधवार को एक सूचना के आधार पर उपेंद्र नामक वाहन चोर को गिरफ्तार किया। थाना एक्सप्रेसवे के थानाध्यक्ष यतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह वाहन चोरी की वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक चाकू और चोरी की गई मोटरसाइकिल जब्त की। बदमाश की गिरफ्तारी रायपुर गांव के पास से हुई है।

इसके अलावा थाना सेक्टर-39 की पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक आजाद सिंह तोमर ने बताया कि बीती रात गश्त पर निकली थाना पुलिस ने काशीराम चौराहे के पास से धर्मेंद्र नामक कथित बदमाश को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि धर्मेंद्र लूटपाट की वारदातों को अंजाम देता था।



### देसी तमंचा, चाकू और लूट में इस्तेमाल होने वाली बाइक बरामद

# घटतौली और मिलावटखोरी के खिलाफ तहसील पर हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कादराबाद स्थित एक पेट्रोल पंप पर घटतोली व मिलावटखोरी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जांच की मांग की।

हिंदूवादी नेता प्रविंद्र कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कादराबाद स्थित एक पेट्रोल पंप पर खुलेआम घटतौली व मिलावटखोरी की जा रही है। ग्राहकों की पेट्रोल पंप कर्मचारियों के साथ भी रोजाना कहासुनी हो रही है। घटतौली व मिलावटी डीजल के चलते किसान परेशान हैं। कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है। ग्रामीणों ने मांग रखी कि पेट्रोल पंप की आधुनिक मशीनों से जांच कराते हुए पेट्रोल पंप मालिक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों मे बाबा परमेन्द्र आर्य, राम नारायण आर्य, मनोज चौधरी, वेदपाल सिंह, सुरेश, कल्याण चौधरी आदि उपस्थित थे।

### उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की जांच की मांग

## दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 8वीं तक के छात्रों को नहीं देनी होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आठवीं कक्षा तक के छात्रों के आकलन के लिए बुधवार को सभी सरकारी स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी कर सामान्य परीक्षाएं लेने से मना कर दिया और उनके प्रोजेक्ट और असाइमेंट के आधार पर परिणाम घोषित करने को कहा है। शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी दिशा-निर्देश सरकारी और सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षण सत्र 2020-21 के लिए प्रभावी होगा। इस शिक्षण सत्र में कोविड-19 के कारण स्कूल लंबे समय तक बंद रहे और सारा पठन-पाठन ऑनलाइन हुआ।

दिल्ली में शिक्षा विभाग की अवर निदेशक रीता शर्मा ने बताया, चूंकि प्राथमिक और मिडिल स्तर पर कक्षाओं में कोई पठन-पाठन नहीं हुआ है, ऐसे में सामान्य परीक्षाओं की जगह विषयवार प्रोजेक्ट और असाइनमेंट के माध्यम से तीसरी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों का मूल्यांकन किया जाए। दिशा-निर्देश के अनुसार, तीसरी से पांचवीं कक्षा तक वर्कशीट पर 30 अंक, सर्दियों की छुट्टियों में दिए गए असाइनमेंट पर 30 अंक और एक से 15 मार्च के बीच दिए जाने वाले प्रोजेक्ट और असाइनमेंट पर 40 अंक दिए जाएंगे।

## बैंक के कर्जदार प्रत्याशी नहीं लड़ सकेंगे पंचायत चुनाव

**गाजियाबाद।** पंचायत चुनाव लड़ने वालों को लिए जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने फरमान जारी कर दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में नामांकन दाखिल के साथ ही उम्मीदवारों को पहली बार सहकारी बैंक या सहकारी समिति का नोड्यूज (अदेय प्रमाणपत्र) भी लगाना होगा। यदि नोड्यूज नहीं लगाया तो नामांकन रद्द हो सकता है। डीएम के इस फरमान से चुनाव लड़ने के कई इच्छुकों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल त्रिपाठी का कहना है कि जिलाधिकारी के इस आदेश को ब्लाक भोजपुर, लोनी, रजापुर व मुरादनगर सहित चारो बीडीओ को पत्र जारी कर दिया गया है कि वह नामांकन के समय उम्मीदवारों से सहकारिता का नो ड्यूज लें। चुनाव लड़ने वालों पर पंचायत कर के अलावा अन्य बकाया नहीं होनी चाहिए। इसी धारा के तहत सहकारिता का नोड्यूज भी चुनाव लड़ने वालों को लगाने के कहा गया है।

# मसूरी गंगनहर में कूदी युवती

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नेशनल हाईवे-24 से सटी मसूरी गंगनहर में बुधवार को एक युवती कूद गई। गोताखोरों द्वारा काफी प्रयास के बाद भी न मिलने पर एनडीआरएफ की टीम युवती की हरसंभव में तलाश कर रही है। युवती को दिमागी रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार रियाजुल हसन की 24 वर्षीय पुत्री कौसरजहां सुबह घर से करीब 5 बजे बाहर टहलने के लिए गई थी। इसी बीच किसी ने उसे नहर की तरफ जाते हुए देखा। चश्मदीदों की मानें तो करीब 6 बजे युवती नहर में कूद गई। आनन-फानन में यह सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस व स्थानीय गोताखोरों की सहायता से युवती की काफी देर तक तलाश की गयी। युवती के न मिलने पर पुलिस ने एनडीआरएफ को सूचित किया। जिसके बाद से एनडीआरएफ की टीम लगातार गंगनहर में सर्च ऑपरेशन चला रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक भी युवती का कोई अता पता नहीं चल पाया था।

बता दें कि मंगलवार को भी एक महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते नहर में कूदकर अपनी जान देने का प्रयास किया था। लेकिन स्थानीय गोताखोरों ने नहर में कूदकर महिला को सकुशल बचा लिया था।

# झारखंड के पूर्व राज्यपाल का निजी ई-मेल हैक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

झारखंड के पू प्रभात कुमार का ई-मेल आईडी हैक होने का मामला सामने आया है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राजेश एस ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-39 में रहने वाले झारखंड के पूर्व राज्यपाल तथा पूर्व कैबिनेट सचिव प्रभात कुमार ने थाना सेक्टर-39 में ई-मेल आईडी हैक होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने शिकायत में कहा कि अज्ञात साइबर हैकरों ने उनका निजी ई-मेल हैक कर लिया।

उपायुक्त ने बताया कि पूर्व राज्यपाल को इसकी जानकारी 22 फरवरी को उस समय हुई, जब वे अपना ई-मेल पासवर्ड डालकर खोलने की कोशिश कर रहे थे लेकिन वो ऐसा करने में नाकामयाब रहे। डीसीपी ने बताया कि पूर्व राज्यपाल को यह भी पता चला कि इस ई-मेल के जरिए संदेश भेजकर लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पूर्व राज्यपाल ने आशंका जताई है कि साइबर हैकर उनकी आईडी से राष्ट्र विरोधी गतिविधियां कर सकते हैं।

प्रभात कुमार 1963 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह 1998 से 2000 के बीच कैबिनेट सचिव पद पर रहे और बिहार से अलग झारखंड के गठन के बाद वह इस राज्य के पहले राज्यपाल बने।



### शिकायत के बाद पुलिस ने केस किया दर्ज

### कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर हाईअर्लट जारी

# दूसरे राज्यों से आने वालों को रहना होगा 14 दिन क्वारेंटीन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**महाराष्ट्र** और दिल्ली समेत कई राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद प्रदेश में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस मामले में मेरठ मंडल कमिश्नर की ओर से भी मंडल के सभी सीएमओ और डीएम को पत्र जारी किया गया है। पत्र में कोविड प्रोटेकॉल का पालन करने और टेस्टिंग व कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इस बार कोरोना के नए स्टेन का संक्रमण फैल रहा है, जो तेजी से फैलता है लेकिन पहले के मुकाबले कम घातक है। एक बार फिर से कोरोना संक्रमण बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। दिल्ली में संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद एहतियातन जिले में भी सतर्कता बरती जा रही थी, लेकिन अब शासन स्तर से भी अलर्ट जारी किया गया है। शासन की ओर से जारी किए गए अलर्ट में कहा गया है कि दूसरे राज्यों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को चलते सतर्कता बरतनी जरूरी है।

दूसरे राज्यों, खास तौर पर महाराष्ट्र, केरल और मध्य प्रदेश से आने वालों की निगरानी की जाए। ट्रेन, प्लेन और सड़क मार्ग के जरिए इन राज्यों और बड़े शहरों से आने वालों को अनिवार्य रूप से 14 दिनों तक होम क्वारंटीन रहना होगा। इसके लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को सभी जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं



## रेस्टोरेंट में अवैध शराब परोसने पर 4 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** आबकारी विभाग व गाजियाबाद पुलिस द्वारा अवैध रूप से नशीले पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान बीती रात कौशांबी स्थित एंजेल मॉल में चल रहे एक रेस्टोरेंट में छापेमारी कर अवैध रूप से शराब परोसने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि कौशांबी स्थित एंजेल मॉल में ब्लिंग रेस्टोरेंट में अवैध रूप से हुक्का बार संचालन के साथ साथ अवैध रूप से शराब परोसी जा रही है। इसके बाद आबकारी विभाग व कौशांबी थाना पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की।

# गाजियाबाद को सेफ सिटी का दर्जा दिलाने को लेकर मंथन

## कार्य योजना तैयार करने के लिए नगर निगम और जीडीए को शासन ने सौंपी जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद जिले को सेफ सिटी का दर्जा दिलाने के लिए कार्य योजना पर मंथन शुरू हो गया है। सेफ सिटी का उद्देश्य बाहर से आने वाले निवेशकों को सुरक्षा का माहौल मुहैया कराना है ताकि ज्यादा से ज्यादा उद्यमी अपने उद्योगों को गाजियाबाद में स्थापित कर सके। इस कार्य योजना को तैयार करने की जिम्मेदारी गाजियाबाद नगर निगम व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को उत्तर प्रदेश शासन ने सौंपी है।

इस योजना के तहत गाजियाबाद को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा ताकि कोई अपराधिक घटना शहर में घटित होती है तो उस पर तुरंत एक्शन लिया जा सके। इसके अलावा शहर की सड़कों को साफ-सुथरा और गड्ढा मुक्त बनाने की भी बड़े पैमाने पर योजना है। महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए शहर में जगह-जगह पिंक शौचालय और पिंक बूथ बनवाने की भी योजना शामिल है। इस कार्य योजना पर गाजियाबाद नगर निगम और जीडीए ने काम शुरू कर दिया है। माना जा रहा है बहुत जल्द इस पूरे प्रोजेक्ट की डीपीआर मंडलायुक्त को अगले पखवाड़े तक सौंप दी जाएगी। इस पूरी योजना पर मंडलायुक्त अनीता सी मेश्राम ने अपने 20 फरवरी को गाजियाबाद प्रवास के दौरान उन्होंने जीडीए और नगर निगम अधिकारियों के साथ मैराथन बातचीत की थी। खास बात यह है कि गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का प्रवेश द्वार है इसलिए उत्तर प्रदेश शासन की मंशा है कि बाहर से आने वाले निवेशकों को इस तरह का माहौल दिया जाए ताकि कोई भी उद्यमी जब गाजियाबाद पहुंचे तो उसे सुरक्षा का वातावरण महसूस हो। कारण जब कोई भी निवेशक किसी शहर में निवेश के लिए आता है तो वह सबसे पहले उस शहर की कानून व्यवस्था और सुरक्षित वातावरण की तलाश करता है।



मंडलायुक्त अनीता सी मेश्राम जीडीए मुख्यालय पर अधिकारियों से मंत्रणा करते हुए।

# मशहूर गोल्फर टाइगर वुड्स सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

**एजेंसी।** लॉस एंजिलिस

**मशहूर** गोल्फर टाइगर वुड्स मंगलवार को तड़के यहां एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए और डॉक्टरों को उनके दाहिने पैर में लगी गंभीर चोटों के लिए रॉड्स, स्क्रू और पिनें डालनी पड़ी हैं। वुड्स उस समय एक टीवी शूट के लिए जा रहे थे और कार में अकेले थे जब सड़क के बीच डिवाइडर से उनकी कार टकरा गई और दो लेन पार करते हुए कई बार पलट गई। उन्हें विंडशील्ड से बाहर निकालना पड़ा। अधिकारियों ने मीडिया को यह जानकारी दी।

वुड्स फाउंडेशन ने एक बयान में कहा कि वह अस्पताल में होश में हैं और रिकवर कर रहे हैं। हार्बर यूसीएलए मेडिकल सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनीश महाजन ने कहा कि वुड्स के दाहिने पैर के निचले हिस्से में कई जगह पर हड्डी टूटी है जिन्हें टिबिया की हड्डी में रॉड डालकर जोड़ा गया है। उन्होंने



वुड्स के ट्विटर हैंडिल पर जारी बयान में कहा, पैर और टखने की बाकी चोटों के लिए स्क्रू और पिन डाले गए हैं। बयान में कहा गया कि लंबे ऑपरेशन के बाद सूजन में कमी आई है और वुड्स होश में हैं तथा रिकवर कर रहे हैं। दुर्घटना स्थल के पास रहने वाले किसी व्यक्ति ने 911

## कार की स्पीड का नहीं चल सका पता

अधिकारियों ने कहा कि उनके शरीर से अल्कोहल या किसी अन्य पदार्थ की गंध नहीं आ रही थी। यह भी पता नहीं चल सका है कि कार की रफ्तार क्या थी। शेरीफ के सहायक कार्लोस गोंजालेस ने बताया कि इस घुमावदार सड़क पर हादसे आम बात है। उन्होंने कहा, वुड्स किस्मतवाले हैं कि जिंदा बच गए हैं। वुड्स सप्ताह के आखिर में जेनेसिस इंविटेशनल टूर्नामेंट के लिए लॉस एंजिलिस में थे। उन्हें सोमवार और मंगलवार को डिस्कवरी के गोल्फ टीवी के लिए शूटिंग करनी थी। उन्होंने सोमवार को एक फोटो भी ट्वीट की थी। 15 बार के मेजर चैंपियनशिप



विजेता वुड्स की दिसंबर में कमर की सर्जरी हुई थी जो उनकी 5वीं सर्जरी थी। उन्होंने 2019 में ही गोल्फ कोर्स पर वापसी करके पांचवां मास्टर्स खिताब जीता था। उन्होंने आखिरी बार 20 दिसंबर को फ्लोरिडा में पीएनसी चैंपियनशिप खेली थी जिसमें वह अपने बेटे के साथ उतरे थे। वुड्स तीसरी बार कार से जुड़े हादसे के शिकार हुए हैं। इससे पहले 2009 में तड़के थैंक्सगिविंग के बाद लौटते समय उनकी कार पेड़ से टकरा गई थी।

नंबर डायल करके सहायता बुलाई थी। लॉस एंजिलिस काउंटी के शरीफ के सहायक सबसे पहले वहां पहुंचे। उन्होंने विंडशील्ड के छेद में से वुड्स को देखा जिनका सीटबेल्ट बंधा हुआ था और वह ड्राइवर की सीट पर थे। अब चूंकि यह स्पष्ट हो चुका है कि वह खतरे से बाहर हैं तो अगला सवाल यही है कि क्या वह दोबारा गोल्फ खेल सकेंगे।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जोन रेम ने कहा, उसका शरीर पहले ही काफी कुछ झेल चुका है। मैं उम्मीद करता हूं कि वह जल्दी ठीक होकर अस्पताल से बाहर आए और अपने बच्चों के साथ खेल सके। हादसे में कोई और कार शामिल नहीं थी लिहाजा पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरीफ एलेक्स विलानुएवा ने कहा, उनका एयरबैग खुल गया था और कार के भीतर के हिस्से में उन्हें कुशन मिल गया जिससे वह इस हादसे में बच सके।

## भारतीय गोल्फर जीव, लाहिड़ी ने वुड्स के जल्दी स्वस्थ होने की कामना की

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष गोल्फर जीव मिल्खा सिंह और अनिर्बान लाहिड़ी समेत दुनिया भर के खेल समुदाय और खेलप्रेमियों ने महान गोल्फ खिलाड़ी टाइगर वुड्स के जल्दी स्वस्थ होने की कामना की है। वुड्स लॉस एंजिलिस में एक कार दुर्घटना में घायल हो गए और उनके पैरों का आपरेशन करना पड़ा। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, बराक ओबामा से लेकर महान मुक्केबाज माइक टायसन और विभिन्न क्षेत्रों की जानी मानी हस्तियों ने इस हादसे पर दुख जताया। जीव मिल्खा सिंह ने ट्वीट किया, हम टाइगर वुड्स के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। हमने आपको अतीत में भी अनहोनी को होनी करते देखा है। इससे भी जल्दी उबर जाइए। लाहिड़ी ने लिखा, आपने जिन चुनौतियों का सामना किया है, उनकी कल्पना करना भी कठिन है। आप जल्दी स्वस्थ हो जाइए। गोल्फ जगत हाथ जोड़कर आपके लिए प्रार्थना कर रहा है। वुड्स उस समय एक टीवी शूट के लिए जा रहे थे और कार में अकेले थे जब सड़क के बीच डिवाइडर से उनकी कार टकरा गई और दो लेन पार करते हुए कई बार पलट गई। डॉक्टरों को उनके दाहिने पैर में लगी गंभीर चोटों के लिए रॉड्स, स्क्रू और पिनें डालनी पड़ी हैं।

# पटेल और अश्विन के स्पिन जाल में फंसा इंग्लैंड

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**अक्षर** पटेल और रविचंद्रन अश्विन की बलखाती गेंदों के दम पर भारत ने दूधिया रोशनी में खेल जा रहे तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां इंग्लैंड को पहली पारी में 112 रन पर समेट दिया। अपना दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे पटेल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 38 रन देकर छह विकेट लिए जबकि अश्विन ने 26 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। एक विकेट इशांत शर्मा को मिला जो अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। इंग्लैंड के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे।

भारत को दूसरे सत्र में पांच ओवर खेलने को मिले जिसमें उसके बल्लेबाजों ने पूरी सतर्कता बरतते हुए बिना किसी नुकसान के पांच रन बनाए। रात्रि भोज (डिनर) के समय रोहित शर्मा पांच रन पर खेल रहे थे, जबकि शुभमन गिल को अभी खाता खोलना है। मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पहले दिन से ही काफी टर्न ले रही थी और इस पर अश्विन और पटेल की फिरकी का इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। कलाई की चोट के कारण पहले दो मैचों में नहीं खेल पाने वाले सलामी बल्लेबाज जॉक क्रॉउली (84 गेंदों पर 53) ने प्रवाह मय बल्लेबाजी की और दस चौके लगाए लेकिन स्पिनरों के सामने वह भी बगलें झांकने लगे।

इंग्लैंड के कप्तान जो रूट पर भरोसा था, लेकिन वह भी केवल 17 रन बना पाए। इस मैच से वापसी करने वाले और स्पिनरों के खेलने में सक्षम जॉनी बेयरस्टॉ खाता भी नहीं खोल सके। भारतीय पिचों के अनुभवी बेन स्टोक्स (छह) भी दोहरे अंक में नहीं पहुंचे। इस तरह से भारतीय स्पिनरों ने



### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड पहली पारी**

| | |
|---|---|
| जॉक क्रॉउली पगबाधा बो पटेल | 53 |
| डोम सिब्ली का रोहित बो इशांत | 00 |
| जॉनी बेयरस्टॉ पगबाधा बो पटेल | 00 |
| जो रूट पगबाधा बो अश्विन | 17 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो पटेल | 06 |
| ओली पोप बो अश्विन | 01 |
| बेन फॉक्स बो पटेल | 12 |
| जोफ्रा आर्चर बो पटेल | 11 |
| जैक लीच का पुजारा बो अश्विन | 03 |
| स्टुअर्ट ब्रॉड का बुमराह बो पटेल | 03 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 00 |
| अतिरिक्त | 06 |
| **कुल ( 48.4 ओवर में, सभी आउट )** | **112** |

**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| इशांत | 5-1-26-1 |
| बुमराह | 6-3-19-0 |
| पटेल | 21.4-6-38-6 |
| अश्विन | 16-6-26-3 |

**विकेट पतन :** 1-2, 2-27, 3-74, 4-80, 5-81, 6-81, 7-93, 8-98, 9-105



**112 रन पर सिमटी इंग्लैंड की पारी, केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे**

इंग्लैंड को टॉस जीतने का फायदा नहीं उठाने दिया। अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे इशांत (26 रन देकर एक) ने शानदार शुरुआत की और अच्छी लाइन व लेंथ से की गई गेंद पर डोम सिब्ली (शून्य) को दूसरी स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई।

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने सातवें ओवर में ही अक्षर को गेंद सौंपी और उन्होंने अपनी पहली गेंद पर ही बेयरस्टॉ को पगबाधा आउट कर दिया। क्रॉउली ने इस बीच गुलाबी गेंद से बल्लेबाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ माने जाने वाले सत्र में अधिक से अधिक रन बटोरने की रणनीति अपनाई। उनके कवर ड्राइव की ताकत मोटेरा की तेज आउटफील्ड की हर घास महसूस कर रही थी। लेकिन अश्विन के गेंद थामते ही क्रॉउली और रूट दोनों को परेशानी होने लगी। क्रॉउली को विवादास्पद अंपायर कॉल के कारण जीवनदान मिला लेकिन रूट के मामले में स्थिति स्पष्ट थी। उन्होंने अश्विन की पगबाधा की सफल अपील पर डीआरएस भी गंवाया।

क्रॉउली ने रिवर्स स्वीप का भी सहारा लिया लेकिन अश्विन और अक्षर के सामने उनके प्रयास बेकार गए। अक्षर ने उन्हें सीधी गेंद पर पगबाधा आउट करके पहला सत्र भारत के नाम किया। दूसरे सत्र में भी कहानी में कोई बदलाव नहीं हुआ। अश्विन ने चाय के विश्राम के बाद पहले ओवर में ही ओली पोप (एक) के ऑफ स्टंप की गिल्ली को गिराया तो अक्षर ने अगले ओवर में बेन स्टोक्स (छह) को पगबाधा किया जो दोहरी मानसिकता में गेंद बल्ले से रोकने में नाकाम रहे थे। इसके बाद जोफ्रा आर्चर (11) की बारी थी जो अक्षर की टर्न लेती गेंद पर गच्चा खा गए। चेतेश्वर पुजारा ने जैक लीच (तीन) का दूसरी स्लिप में अपनी दाईं तरफ काफी नीचा कैच लेकर अश्विन को टेस्ट मैचों में 397वां विकेट दिलाया, जबकि पटेल ने स्टुअर्ट ब्रॉड (तीन) के रूप में पारी का अपना पांचवां विकेट लिया। बुमराह ने डीप स्क्वायर लेग पर कैच लेकर इसमें अपना योगदान दिया। पटेल ने बेन फॉक्स (12) को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया। चार मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। इंग्लैंड ने चेन्नई में पहला टेस्ट मैच 227 रन से जीता था तो भारत ने उसी स्थान पर दूसरा मैच 317 रन से जीतकर श्रृंखला बराबर की थी।

## इशांत को 100वें टेस्ट की उपलब्धि मैच में राष्ट्रपति और गृहमंत्री ने किया सम्मानित

**अहमदाबाद।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और गृहमंत्री अमित शाह ने यहां बुधवार को उनके 100वें टेस्ट की उपलब्धि के लिए सम्मानित किया जिसके बाद टीम के साथी खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पूर्व कप्तान कपिल देव के बाद 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 32 वर्षीय इशांत दूसरे भारतीय तेज गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दिनारात्रि तीसरा टेस्ट शुरू होने से पहले इस तेज गेंदबाज को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राष्ट्रपति कोविंद ने एक स्मृति चिन्ह और शाह ने 100वीं टेस्ट की स्मरणीय कैप सौंपी।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया जिसके बाद जब भारतीय टीम मैदान में उतरी तो कप्तान विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ी देश के क्रिकेट में उनके इतने लंबे समय से योगदान को सम्मानित करने के लिए एक पंक्ति में खड़े हो गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ट्वीट किया, इशांत शर्मा को यहां अहमदाबाद में खेल शुरू होने से पहले भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और भारत के गृहमंत्री अमित शाह ने सम्मानित किया। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम के उद्‌घाटन के दौरान खेलमंत्री किरेन रिजिजू और बीसीसीआई सचिव जय शाह भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत बनाम बांग्लादेश सड़क सुरक्षा विश्व सीरिज 5 मार्च से

**मुंबई।** इंडिया लीजैंड्स का सामना सड़क सुरक्षा विश्व क्रिकेट सीरिज के पहले मैच में पांच मार्च को रायपुर में बांग्लादेश लीजैंड्स से होगा। ये मैच शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर खेले जाएंगे। इंग्लैंड लीजैंड्स का सामना सात मार्च को बांग्लादेश लीजैंड्स से होगा। पहला सेमीफाइनल 17 मार्च को और दूसरा 19 मार्च को होगा। फाइनल 21 मार्च को खेला जाएगा। करीब 65000 की क्षमता वाले इस स्टेडियम में 50 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश दिया जाएगा। सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, ब्रायन लारा, मुथैया मुरलीधरन और छह क्रिकेट देशों (भारत, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश) के खिलाड़ी इससे जुड़े हैं। इसका आयोजन सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए किया गया है। पहला सत्र 11 मार्च 2020 से हो रहा था जो कोरोना महामारी के कारण रद्द करना पड़ा।

### लगातार दूसरे साल अंडर-19 यूरोपीय चैंपियनशिप रद्द

**नियोन (स्विटजरलैंड)।** सालाना अंडर-19 महिला और पुरुष फुटबॉल यूरोपीय चैंपियनशिप लगातार दूसरे साल रद्द कर दी गई। युएफा ने कहा कि कोरोना के बीच सरकार के नियमों के मद्देनजर यह फैसला लेना पड़ा। युएफा ने कहा, इस टूर्नामेंट के लिए टीमों की यात्रा और उनके रहने का बंदोबस्त कर पाना कठिन था। इसमें पुरुष टूर्नामेंट में 50 से ज्यादा देशों को भाग लेना था जबकि आठ टीमों का फाइनल 30 जून से रोमानिया में होना था। महिला क्वालीफायर अप्रैल में खेले जाने थे, जबकि फाइनल बेलारूस में जुलाई में होना था।

### कोको गॉ एडीलेड अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में

**एडीलेड।** अमेरिका की 16 वर्षीय खिलाड़ी कोको गॉ ने बुधवार को यहां एडीलेड अंतराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पेत्रा मार्टिच पर जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। गॉ ने छठी वरीयता प्राप्त मार्टिच को 5-7, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। वह हाल में समाप्त हुए आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पांचवीं वरीय एलिना स्वितोलिना से हार गई थी। अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना अमेरिका की शेल्बी रोजर्स से होगा। अन्य मैचों में दूसरी वरीय बेलिंडा बेनसिच ने मिसाकी डोई पर जीत दर्ज की। स्टोर्म सैंडर्स ने सातवीं वरीय युलिया पुतिनतसेवा को हराकर उलटफेर किया। जिल टेक्मैन और अनास्तासिया सेवास्तोवा ने भी अपने मुकाबले जीत लिए।

### लाइट्स को लेकर चिंतित, खिलाड़ियों को तेजी से ढलना होगा

**अहमदाबाद।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने चिंता जताई कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर लाइट्स से दृश्यता पर असर पड़ सकता है और खिलाड़ियों को जल्दी ही खुद को इसके अनुरूप ढालना होगा। दुनिया के इस सबसे बड़े नव सज्जित क्रिकेट स्टेडियम में पारंपरिक फ्लडलाइट नहीं है बल्कि छत के परिमाप में ही एलईडी लाइट्स फिट की गई है। यह दुबई के अंतराष्ट्रीय स्टेडियम के रिंग आफ फायर की तरह है जिससे फील्डिंग करने वाली टीम को दिक्कत आ सकती है। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले टॉस के समय कहा, यहां माहौल काफी रोमांचक है। मैं सीटों के रंग से ज्यादा लाइट्स को लेकर चिंतित हूं। उन्होंने कहा, ऐसी लाइट्स में गेंद को देखना मुश्किल होता है। इसी तरह के स्टेडियम में हमने दुबई में भी खेला है। इसके अनुरूप जल्दी ढलना होगा। दुबई में पिछले साल आईपीएल के दौरान इस तरह की लाइट में कई आसान कैच भी फील्डरों से छूटे थे।

### अंपायर के टोपी लेने से इनकार करने से अफरीदी नाखुश

**कराची।** पाकिस्तान के आलराउंडर शाहिद अफरीदी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के उस नियम से नाखुश हैं जो कोविड-19 महामारी के कारण अंपायरों को मैच के दौरान खिलाड़ियों की टोपी लेने से रोकता है। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में मुल्तान सुल्तान्स की तरफ से खेल रहे अफरीदी पेशावर जाल्मी के खिलाफ मैच के दौरान तब नाखुश दिखे जब उनके गेंदबाजी के लिए आने पर अंपायर ने उनकी टोपी लेने से इनकार कर दिया। अफरीदी ने बुधवार को ट्वीट किया, प्रिय आईसीसी हैरान हूं कि अंपायरों को गेंदबाजों की टोपी लेने की अनुमति क्यों नहीं दी गई।

# गूलिया ने स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में सोफिया को हराया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**ज्योति** गूलिया (51 किलो) ने बुल्गारिया के सोफिया में चल रहे 72वें स्ट्रांजा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में दो बार की विश्व चैंपियन कजाखस्तान की नाजिम काइजेबी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि भारत के तीन मुक्केबाज दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। विश्व युवा चैंपियन 2017 गूलिया ने 2014 और 2016 की सीनियर विश्व चैंपियनशिप विजेता काइजेबी को 3-2 से मात दी। हरियाणा की यह मुक्केबाज 2019 की राष्ट्रीय चैंपियन भी है। अब उसका सामना रोमानिया की पेरिजोक लाकरामियोआरा से होगा।

भारत की भाग्यवती कचारी ने रूस की अन्ना गालिमोवा को 5-0 से हराकर 75 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पुरुष वर्ग में नवीन बूरा ने आर्मेनिया के आर्मेन एम को हराकर 69 किलोवर्ग के अंतिम आठ में प्रवेश किया। वहीं नवीन कुमार (91 किलो) फ्रांस के विलफ्राइड फ्लोरेंटिन से 5-0 से हार गए, जबकि अंकित खताना (75 किलो) को बेलारूस के विक्टर डी ने 3-2 से हराया। लाइट हैवीवेट (81 किलो) में सचिन कुमार को आर्मेनिया के गोर एन ने 5-0 से मात दी। टूर्नामेंट में 30 देशों के मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। भारत ने अपनी 12 सदस्यीय टीम भेजी है।

## भारत करेगा अगले महीने घुड़सवारी विश्वकप क्वालीफायर की मेजबानी

**नई दिल्ली।** भारत घुड़सवारी टेंट पेगिंग टूर्नामेंट के लिए 11 से 14 मार्च तक ग्रेटर नोएडा में विश्वकप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय घुड़सवारी महासंघ और इक्विलिब्रियो स्पोर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप मिलकर किया जाएगा जो देश में इस खेल के आयोजन की निजी फर्म है। मेजबान भारत सहित सात देशों के इस टूर्नामेंट में भाग लेने की उम्मीद है जिसमें रूस, अमेरिका, बेलारूस, पाकिस्तान, सूडान और बहरीन शामिल हैं। इन सात टीमों में से शीर्ष दो टीमें विश्वकप के लिए क्वालीफाई करेंगी जो दक्षिण अफ्रीका में 2023 में होना है।

# निशानेबाजी विश्वकप के लिए पृथकवास अवधि छोटी और सुविधाजनक होगी: रिजिजू

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**अगले** महीने होने वाले निशानेबाजी विश्वकप में भाग लेने के लिए निशानेबाजों को प्रेरित करने के लिए खेलमंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को वादा किया कि टूर्नामेंट में पृथकवास की अवधि छोटी और सुविधाजनक होगी। आईएसएसएफ संयुक्त विश्वकप दिल्ली में 18 से 29 मार्च के बीच होगा, जिसमें ब्रिटेन और ब्राजील समेत 40 देशों के निशानेबाज भाग ले रहे हैं।

रिजिजू ने मोटेरा स्टेडियम के दौरे के बाद कहा, मैं पहले ही आश्वासन दे चुका हूं कि भारत में अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का आयोजन ऐसे होगा कि



कोरोना प्रोटोकॉल के पालन के साथ खिलाड़ियों को लंबे समय तक पृथकवास में नहीं रहना होगा। हाल ही में मंत्रालय से अनुरोध किया गया था कि 14 दिन के कड़े पृथकवास से निशानेबाजों को रियायत दी जाए और विदेश से आने वाले दल को प्राथमिकता के आधार पर टीका लगाया जाए। रिजिजू ने कहा कि टीकाकरण स्वास्थ्य मंत्रालय के कार्यक्षेत्र में आता है, लेकिन वे यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रतियोगियों को असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ी भी 14-15 दिन पृथकवास में रह गए तो उन्हें असुविधा होगी। इसलिए, हम ऐसी योजना बना रहे हैं कि बाहर से आने वाले दल का रवानगी से पहले और पहुंचने पर कोरोना टेस्ट हो। हम इसे ऐसे अंजाम देंगे कि उन्हें असुविधा नहीं हो। टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को टीका देने की प्रक्रिया के बारे में रिजिजू ने कहा कि फिलहाल सरकार की प्राथमिकता कोरोना योद्धा हैं। उन्होंने कहा, इसके बारे में फैसला स्वास्थ्य मंत्रालय लेगा और पहले ही तय हो चुका है कि प्राथमिकता कोरोना योद्धा होंगे।

# बजरंग, विनेश की निगाहें माटियो में अच्छे प्रदर्शन पर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**स्टार** भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट रोम में चार से सात मार्च तक होने वाले माटियो पेलिकोन से प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में वापसी करेंगे जिसके लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने बुधवार को 34 सदस्यीय टीम की घोषणा की। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके इन दोनों पहलवानों ने पिछले साल दिसंबर में सर्बिया के बेलग्रेड में हुए विश्वकप में नहीं खेलने का फैसला किया था और अब उनकी कोशिश अंतराष्ट्रीय रैंकिंग सीरीज के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने पर लगी होगी।

भारत की फ्रीस्टाइल टीम में 2019 विश्व कांस्य पदक विजेता दीपक पूनिया, रवि कुमार और नरसिंह यादव शामिल हैं। नरसिंह ने चार साल के डोपिंग प्रतिबंध के बाद पिछले साल दिसंबर में मैट पर वापसी की थी। ग्रीको रोमन वर्ग में अर्जुन हालाकुर्की (55 किग्रा) और गुरप्रीत सिंह (77 किग्रा) शामिल हैं। अगले साल टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र महिला पहलवान विनेश के अलावा रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक और दिसंबर में विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली अंशु मलिक महिला वर्ग में चुनौती पेश करेंगी।

**टीमें**

**फ्रीस्टाइल :** रवि कुमार (57 किग्रा), पंकज (57 किग्रा), बजरंग (65 किग्रा), रोहित (65 किग्रा), विशाल कालीरमन (70 किग्रा), संदीप सिंह मान (74 किग्रा), नरसिंह यादव (74 किग्रा), जितेंद्र (74 किग्रा), राहुल राठी (79 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा), परवीन चाहर (86 किग्रा), प्रवीण (92 किग्रा), सत्यव्रत कादियान (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा)।

**ग्रीको रोमन:** अर्जुन हलाकुर्की (55 किग्रा), मनीष (60 किग्रा), नीरज (63 किग्रा), गौरव दुहन (67 किग्रा), कुलदीप मलिक (72 किग्रा), गुरप्रीत सिंह (77 किग्रा), हरप्रीत सिंह (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), दीपांशु (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)।

**महिला:** मीनाक्षी (50 किग्रा), विनेश (53 किग्रा), नंदिनी बाजीराव सलोखे (53 किग्रा), अंशु (57 किग्रा), सरिता (59 किग्रा), सोनम (62 किग्रा), साक्षी मलिक (62 किग्रा), निशा (65 किग्रा), अनीता (68 किग्रा), किरण (76 किग्रा)।

# आल इंग्लैंड ड्रॉ : सिंधु की राह आसान, साइना को कठिन ड्रॉ

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मौजूदा** विश्व चैंपियन पीवी सिंधु को प्रतिष्ठित आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में आसान ड्रॉ मिला है, जबकि साइना नेहवाल को कठिन प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ना पड़ेगा। टूर्नामेंट 17 से 21 मार्च के बीच बर्मिंघम में खेला जाएगा। स्विस ओपन के बाद आल इंग्लैंड ओपन 2021 इस साल का दूसरा टूर्नामेंट होगा, जिसमें टोक्यो ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए रैंकिंग अंक मिलेंगे।

बैडमिंटन विश्व महासंघ द्वारा मंगलवार को जारी ड्रॉ के अनुसार ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधु पहले दौर में मलेशिया की सोनिया चिया से खेलेगी। शुरुआती दौर के मुकाबले जीतने पर क्वार्टर फाइनल में उसका सामना जापान की अकाने यामागुची





और सेमीफाइनल में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। मारिन को टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता मिली है, जबकि सिंधु को पांचवीं वरीयता दी गई है। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को पहले दौर में डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट से खेलना है। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पारुपल्ली कश्यप को पहले ही मैच में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंतो मोमोता का सामना करना है। किदाम्बी श्रीकांत पहले दौर में इंडोनेशिया के टॉमी सुगिआर्तो से खेलेंगे, जबकि विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता बी साइ प्रणीत फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव का सामना करेंगे। भारतीय खिलाड़ी तीन मार्च से शुरू हो रहे स्विस ओपन में भी भाग लेंगे। साइना और श्रीकांत को टोक्यो ओलंपिक में जगह बनाने के लिए और समय मिलेगा क्योंकि बीडब्ल्यूएफ ने क्वालीफिकेशन की अवधि बढ़ा दी है।

## आल इंग्लैंड ओपन के ड्रॉ

**महिला एकल :** पीवी सिंधु बनाम सोनिया चिया (मलेशिया), साइना नेहवाल बनाम मिया ब्लिचफेल्ट (डेनमार्क)

**पुरुष एकल :** किदाम्बी श्रीकांत बनाम टॉमी सुगिआर्तो (इंडोनेशिया), पारुपल्ली कश्यप बनाम केंतो मोमोता (जापान), लक्ष्य सेन बनाम के वांगचारेन (थाईलैंड), एच एस प्रणय बनाम लियू डारेन (मलेशिया), समीर वर्मा बनाम वाय कोल्हो (ब्राजील), बी साइ प्रणीत बनाम टोमा जूनियर पोपोव (फ्रांस)

**पुरुष युगल :** सात्विक साइराज रंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम इलोइ एडम और जूलियन मायो (फ्रांस), एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला बनाम ओंग यू सिन और टियो ई यि (मलेशिया)

**महिला युगल :** अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी बनाम बी एमसाई और एन एमसाई (थाईलैंड), मेघना जे और पूर्विषा राम बनाम अलेक्जेंड्रे बोए और मेटे पाउलसेन (डेनमार्क), अश्विनी भट और शिखा गौतम बनाम सी बिर्च और लॉरेन स्मिथ (इंग्लैंड)

**मिश्रित युगल :** ध्रुव कपिला और मेघना जे बनाम प्रवीण जोर्डन और मेलाती ओ (इंडोनेशिया), सात्विक साइराज रंकिरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा बनाम युकी कानेको और मिसाकी मत्सुतोमो (जापान), प्रणव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी बनाम मैक्स फ्लिन और जेसिका पुग (इंग्लैंड)



चित्तौड़ हिल पर स्थित उम्मेद भवन पैलेस, जो कि नीले शहर जोधपुर से दिखता है, 1943 में बनकर तैयार हुआ था। 26 एकड़ के क्षेत्र में निर्मित, यह दुनिया के सबसे बड़े निजी आवासों में से एक है, जिसमें 347 कमरे हैं।

# भारत में घूमने लायक सभी सुविधाओं से लैस रॉयल पैलेसेज

भारत का इतिहास महाराजाओं के भव्य जीवन और उनके असाधारण कारनामों से भरा हुआ है। हालांकि, रॉयल्स के वे दिन आज से बहुत पहले गुजर चुके हैं, लेकिन उनकी जीवनशैली के ज्वलंत अवशेष अभी भी कई लुभावने महलों और विरासत इमारतों के रूप में बने हुए हैं, जिन्हें लक्जरी होटल और रहने के विकल्प के रूप में बदल दिया गया है। आइए जानते हैं भारत के सबसे आश्चर्यजनक शाही महलों के बारे में जो भव्य जीवन शैली के साथ-साथ रीगल जीवन के सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं की एक अभूतपूर्व झलक प्रदान करते हैं।

### उम्मेद भवन पैलेस, जोधपुर

चित्तौड़ हिल पर स्थित उम्मेद भवन पैलेस, जो कि नीले शहर जोधपुर से दिखता है, 1943 में बनकर तैयार हुआ था। 26 एकड़ के क्षेत्र में निर्मित, यह दुनिया के सबसे बड़े निजी आवासों में से एक है, जिसमें 347 कमरे हैं। वर्तमान में यह महाराजा गज सिंह के स्वामित्व में है, जिसमें भरवां तेंदुओं की प्रदर्शनी, क्लासिक कारें हैं, जिनका इस्तेमाल महाराजाओं द्वारा किया गया था। महल का एक हिस्सा (लगभग 64 कमरे) हेरिटेज होटल में बदल दिया गया है जिसे ताज होटल्स द्वारा प्रबंधित किया जाता है। पैलेस को तीन कार्यात्मक भागों में विभाजित किया गया है शाही परिवार का निवास, एक लक्जरी ताज पैलेस होटल और जोधपुर रॉयल परिवार के 20 वीं शताब्दी के इतिहास पर केंद्रित एक संग्रहालय।

जोधपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन और जोधपुर हवाई अड्डा प्रत्येक 15 मिनट की ड्राइव की दूरी पर स्थित है। सिटी सेंटर के लैंडमार्क घंटाघर (क्लॉक टॉवर) से कार द्वारा लगभग 15 मिनट लगते हैं। होटल के विस्तृत घास के मैदानों के बीच एक लंबे आउटडोर लैंप पूल के साथ, वहां सुंदर भूमिगत जोडियाक पूल है, जो पूरे वर्ष सुखद आनंद प्रदान करता है। यहां पर आउटडोर मनोरंजन महल के विशाल घास के लॉन पर होता है। अंदर, इसके केंद्र में एक बड़े बिलियर्ड टेबल के साथ एक गेम रूम भी है, साथ ही एक तरफ से शतरंज खेलने के लिए एक टेबल और लाउंजिंग के लिए कुछ स्पॉट भी हैं। स्टार सुविधाओं में से एक जीवा स्पा है, जिसमें योग और ध्यान निर्देश के साथ-साथ सभी प्रकार के सौंदर्य उपचार और पारंपरिक आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध हैं। पैलेस में एक ऐतिहासिक संग्रहालय भी है जिसमें ऐतिहासिक यादगार, राजस्थानी कला, और महाराजा की क्लासिक कारों का संग्रह है।

### मैसूर पैलेस

मैसूर पैलेस एक ऐतिहासिक महल है और भारतीय राज्य कर्नाटक के मैसूर में शाही निवास है। यह वाडियार राजवंश और मैसूर साम्राज्य की सीट का आधिकारिक निवास है। मैसूर पैलेस, जिसे अम्बा विलास पैलेस भी कहा जाता है, भारत में सबसे शानदार और सबसे बड़े महलों में से एक है। पैलेस 14 वीं शताब्दी में बनाया गया था और रखरखाव के उद्देश्य से बहुत बार इसका नवीनीकरण और पुनर्निर्माण किया गया है। पैलेस भारत के सबसे बेहतरीन स्मारकों में से एक है और अपने भारी पर्यटक आकर्षण के लिए जाना जाता है। महाराजा जयचामाराजेंद्र वाडियार के शासनकाल के दौरान लगभग 1930 (वर्तमान सार्वजनिक दरबार हॉल विंग सहित) में महल का विस्तार किया गया था। हालांकि निर्माण 1912 में पूरा हो गया था, लेकिन किले का सुंदरीकरण जारी रहा और इसके निवासियों को धीरे-धीरे महल से दूर नए विस्तार में ले जाया गया।

**मैसूर पैलेस में देखने लायक चीजें:** मैसूर पैलेस में और उसके आस-पास देखने के लिए कई आकर्षक चीजें हैं, जिनमें से प्रत्येक मैसूर साम्राज्य की संपत्ति और भव्यता की गवाही देता है। जैसे- गोम्बे थोट्टी या गुड़िया मंडप, पारंपरिक गुड़िया का एक संग्रह, गोल्डन हॉवर्ड, महाराजा की हाथी सीट 85 किलोग्राम सोने से बनी है और कलान मंटप या विवाह मंडप, एक अष्टकोणीय आकार का हॉल जिसमें ग्लास छत है। मैसूर का निकटतम प्रमुख हवाई अड्डा नया बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो लगभग 170 किलोमीटर दूर है। बैंगलोर भारत के सभी प्रमुख शहरों से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। बैंगलोर से मैसूर पहुंचने के लिए सड़क मार्ग से लगभग तीन घंटे लगते हैं। आप केएसआरटीसी बस, ट्रेन या बैंगलोर से टैक्सी ले सकते हैं।

### सिटी पैलेस जयपुर, राजस्थान

जयपुर के पुराने शहर के दिल में जयपुर का शानदार सिटी पैलेस स्थित है। आंगन और बगीचों के इस विशाल परिसर में राजस्थानी और मुगल शैलियों का मिश्रण है। सिटी पैलेस राजपूत राजा महाराजा सवाई जयसिंह द्वारा 1732 में बनवाया गया था। मुबारक महल, आर्मरी, चंद्र महल और दीवान-ए-आम, विशिष्ट रूप से डिजाइन किए गए मोर गेटवे और संग्रहालयों और दीर्घाओं को देखना आप मिस नहीं कर सकते हैं। सिटी पैलेस में कई गतिविधियां, कार्यक्रम और उत्सव भी होते हैं। इसमें अब महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय है और यह जयपुर राजपरिवार का घर बना हुआ है। जयपुर के शाही परिवार को भगवान राम का वंशज कहा जाता है।

सिटी पैलेस परिसर में मुबारक महल (स्वागत का महल) और महारानी का महल (रानी का महल) शामिल हैं। मुबारक महल में अब महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय है और शाही वेशभूषा, नाजुक पश्मीना (कश्मीरी) शॉल, बनारस की सिल्क की साड़ियां, और सांगेरी रंग के प्रिंट और लोक कढ़ाई वाले अन्य परिधानों का विशाल संग्रह प्रदर्शित करता है। महाराजा सवाई माधोसिंह प्रथम के कपड़े भी प्रदर्शन पर हैं। सिटी पैलेस को शहर के साथ शानदार कनेक्टिविटी है और आप बस, टैक्सी या ऑटो रिक्शा द्वारा अपने प्रारंभिक बिंदु के आधार पर इस जगह तक पहुंच सकते हैं। यह महल जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 12.8 किमी और जयपुर रेलवे स्टेशन से 3.9 किमी दूर है।

### लेक पैलेस उदयपुर, राजस्थान

महाराजा जगत सिंह द्वितीय के नाम पर पहले जग निवास के नाम से प्रसिद्ध यह महल उदयपुर में पिछोला झील के चार द्वीपों में से एक है। 1963 में महाराजा भागवत सिंह ने जग निवास को उदयपुर के पहले लक्जरी होटल में बदल दिया और 1971 में अपने प्रबंधन को ताज ग्रुप ऑफ होटल्स, रिसॉर्ट्स एंड पैलेसेज में स्थानांतरित कर दिया। बहुत प्रसिद्ध जेम्स बॉन्ड फिल्म 'ऑक्टोपसी' को इस खूबसूरत परिसर में फिल्माया गया था।

18 वीं शताब्दी में निर्मित, लेक पैलेस, सुंदर झील पिचोला के बीच स्थित है। कभी शाही मेवाड़ राजवंश के शीतकालीन महल के रूप में इस्तेमाल किया जाने वाला यह महल अब यह एक शानदार सफेद संगमरमर का होटल है, जिसे ताज समूह द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इसमें 83 कमरे और सुइट हैं। यह दुनिया के सबसे रोमांटिक और शाही होटलों में माना जाता है। 24 घंटे की रूम सर्विस के साथ, ताज लेक पैलेस तीन सुरुचिपूर्ण रेस्तरां और एक सुंदर बार अमृत सागर प्रदान करता है, जिसमें वाइन और शराब के बड़े चयन के साथ तपस और सिगार उपलब्ध हैं। झरोका मुख्य रेस्तरां है और सुबह से देर रात तक यूरोपीय, एशियाई और भारतीय भोजन प्रदान करता है। नील कमल केवल भोजन के समय में खुलता है। यहां एक मौसमी छत वाला रेस्तरां है भैरो, जो यूरोपीय भोजन परोसता है। इसके अलावा, यहां पर एक सुंदर आउटडोर आंगन पूल ट्रेडमिल और एक कॉम्पैक्ट फिटनेस सेंटर है। लेक पैलेस में एक शानदार स्पा, जीवा, सभी सौंदर्य उपचार पेश करता है। निःशुल्क पार्किंग किनारे पर उपलब्ध है, लेकिन ध्यान दें कि केवल 10 कारों के लिए जगह है।

### फलकनुमा पैलेस हैदराबाद, तेलंगाना

फलकनुमा पैलेस या ताज फलकनुमा पैलेस चारमीनार के पास स्थित एक बड़ा और शानदार महल है। हैदराबाद रियासत के निजाम के स्वामित्व में, फलकनुमा पैलेस को 2010 में अल्ट्रा-लक्स होटल में बदल दिया गया और ताज होटल्स द्वारा प्रबंधित किया गया। यह हैदराबाद निजाम की भव्यता का अनुभव करने के लिए मेहमानों को आमंत्रित करता है। मोतियों के शहर के नजदीक एक 609.6 मीटर (2,000 फीट) की ऊंची पहाड़ी पर स्थित, यह होटल वेनिस के झूमर, रोमन स्तंभों, संगमरमर की सीढ़ियों, आंतरिक मूर्तियों, कलाकृतियों और उत्तम काल के सामानों की विशेषता के लिए प्रसिद्ध है। जापानी, मुगल और राजस्थानी उद्यान इसकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। प्रभावशाली रूप से, महल में एक विशाल पुस्तकालय भी है, जो इस्लाम के पवित्र ग्रंथ कुरान के सबसे दुर्लभ संस्करणों में से एक है।

यह सर वकार-उल-उमरा द्वारा बनाया गया था और बाद में पैगा परिवार और निजाम से संबंधित था। यह अब एक लक्जरी होटल है और जनता के लिए खुला है। यहां एक आउटडोर पूल और बच्चों का पूल है। अन्य मनोरंजक सुविधाओं में 24-घंटे हेल्थ क्लब शामिल हैं। मेहमान ऑन-साइट स्पा सेवाओं का आनंद ले सकते हैं। सेवाओं में गहरे ऊतक मालिश, गर्म पत्थर की मालिश, स्पोर्ट्स मालिश और स्वीडिश मालिश शामिल हैं। आयुर्वेदिक सहित कई उपचार भी प्रदान किए जाते हैं। इंडियन एयरलाइंस हैदराबाद को भारत के सभी प्रमुख शहरों से जोड़ता है। निकटतम हवाई अड्डा बेगमपेट हवाई अड्डा, सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से 5 किमी और हैदराबाद के पुराने शहर से 15 किमी दूर है। निकटतम रेलवे स्टेशन बेगमपेट स्टेशन, हैदराबाद स्टेशन और सिकंदराबाद स्टेशन हैं।









## खाना-खजाना

# एक बार जरूर ट्राई करें ब्रेड परांठा



नाश्ते के बारे में सोचते ही आपके सामने सबसे पहले ताजी ब्रेड की तस्वीर आती है। ब्रेड से बहुत कुछ बनाया जा सकता है। कुछ अंडे अपनी पसंद के हर्ब डालकर आप एक बहुत ही बढ़िया सैंडविच बना सकते हैं, लेकिन क्या हो अगर हम आपको बताएं, कि आप ब्रेकफास्ट के लिए एक बेहतरीन स्नैक तैयार कर सकते हैं। जैसा कि आप सभी को मालूम है कि ब्रेड एक बहुमुखी सामग्री है और इसके साथ कुछ भी बनाना बहुत आसान है। ब्रेड बेस्ड स्नैक्स झटपट तैयार हो जाते हैं, अगर आपके पास समय कम है, तो आप ब्रेड से तैयार होने वाले इसे परांठे को बनाकर ट्राई कर सकते हैं।

इस लजीज ब्रेड परांठे की रेसिपी को मुंबई बेस्ड फूड ब्लॉगर और यूट्यूबर अल्पा मोदी ने अपने यूट्यूब चैनल समर्थिंग इज कुकिंग विद अल्पा पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में अल्पा ने बहुत ही अच्छे तरीके से गाइड किया है कि हम बचे हुए ब्रेड के टुकड़ों का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं। यह एक फटाफट तैयार होने वाला परांठा है। वैसे तो यह दिखने में उत्तपम और पैनकेक जैसा लगता है और खाने में भी बहुत ही टेस्टी लगता है। इस बनाने के लिए आपको एक मुट्ठी ब्रेड के अलावा लाल मिर्च पाउडर, नमक, गरम मसाला, गेंहू का आटा, दही, टमाटर, बीन्स, प्याज, गाजर, हरी मिर्च और हरा धनिया चाहिए होता है। सबसे पहले ब्रेड को ब्लेंडर में डालकर पीस लें, इसके बाद बाकी सारी चीजों को इसमें डालकर एक अच्छा पेस्ट बना लें। इस बात का ध्यान रखें बैटर न तो ज्यादा पतला हो और न ही ज्यादा गाढ़ा। इस बैटर को नॉनस्टिप तवे पर फैलाकर इसे तैयार करें। बच्चों को भी यह खूब पसंद आएगा और आप चाहे तो इसे बच्चों के टिफिन में भी पैक कर सकते हैं।

**ब्रेड से बहुत कुछ बनाया जा सकता है। ब्रेड एक बहुमुखी सामग्री है। इसके साथ कुछ भी बनाना बहुत आसान है।**

# घर पर कैसे बनाएं बाजार जैसे मोजेरेला चीज



हम पिज्जा को इतना पसंद क्यों करते हैं? क्या पिज्जा क्रस्ट या फिर टॉपिंग? नहीं, असल में चीज ही वह सामग्री है, जो पिज्जा को एक फेवरेट डिश बनाती है। काफी लोगों के लिए यह एक कम्फर्ट फूड है, गूई और रिच चीज आपके स्वाद के साथ आपकी भूख को भी बढ़ाता है। वैसे तो बाजार में आपको कई प्रकार के चीज उपलब्ध हैं, लेकिन मोजेरेला चीज वह है जो मुख्य रूप से पिज्जा को गार्निश करने के लिए उपयोग किया जाता है। बहुत से लोग घर पर पिज्जा तैयार करना पसंद करते हैं क्योंकि इसे बनाना काफी आसान है। अगर आप घर का बना खाना पसंद करते हैं, तो आप घर पर बेहद आराम से पिज्जा चीज भी बना सकते हैं।

यह पिज्जा चीज, बाजार में मिलने वाले मोजारेला चीज जितना ही अच्छा है। इसे घर पर बनाना काफी आसान है और एक बार आप जब यह नुस्खा देखेंगे, तो आप आश्चर्य करेंगे कि अब तक आप स्टोर-खरीदी गई मोजेरेला चीज का उपयोग क्यों कर रहे थे? इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ दो ही चीजों की जरूरत होती है। फुल फैट वाले दूध को हल्का गर्म करके गैस बंद कर दें और इसमें सफेद सिरका डालें। इसे लगातार चलाते रहें, जल्द ही दूध से पानी अलग और पनीर अलग होते हुए दिखाई देने लगेगा। थोड़ी देर बाद छलनी की मदद से इसका पानी निकालें और पनीर अलग कर लें। इसे तब तक अच्छी तरह से निचोड़ें जब तक सारा पानी निकल न जाए, याद रहे पनीर में पानी की एक बूंद भी न रहे, यह पूरी तरह सूख जाए। अगले स्टेप में पनीर को कुछ मिनटों के लिए गर्म पानी में डालें, फिर निचोड़ें। इससे चीज में खिंचाव और स्मूदनेस आती है।

# हिल स्टेशन ही नहीं सबसे ऊंचा क्रिकेट मैदान है स्टेशन चैनल

**शिमला से 44 किलोमीटर और सोलन से 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चैल अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए खास तौर पर जाना जाता है। चैल पैलेस की वास्तुकला भी बहुत विख्यात है।**

**हिमाचल** प्रदेश का मशहूर हिल स्टेशन चैल अत्यन्त खूबसूरत स्थल है। शिमला से 44 किलोमीटर और सोलन से 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चैल अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए खास तौर पर जाना जाता है। चैल पैलेस की वास्तुकला भी बहुत विख्यात है। यहां के महल को एंग्लो-नेपाली युद्ध में पूर्व सहायता के लिए अंग्रेजों द्वारा उन्हें आवंटित भूमि पर ब्रिटिश राज के दौरान पटियाला के महाराजा द्वारा समर रिट्रीट के रूप में बनाया गया था। यहां एक क्रिकेट मैदान और पोलो मैदान है। यह महल पटियाला के पूर्ववर्ती शाही परिवार के स्वामित्व में था। माना जाता है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचा क्रिकेट मैदान है। चैल निचले हिमालय के अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है। सोलन के जुंगा, कुफरी और अश्वनी खड्ड यहां के अच्छे ट्रेकिंग पॉइंट हैं। यहां कई इको कैंप आयोजित किए जाते हैं।

चैल 2,250 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।



यह स्थान चिर देवदार और विशाल देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है। चैल की एक और विशेषता यह है कि शिमला, सोलन और कसौली को रात में भी यहां से देखा जा सकता है। चैल गर्मियों में सुखद और सर्दियों में खूब ठंडा होता है। चैल का मिलिट्री स्कूल, राष्ट्रीय सैन्य स्कूल देश के पांच राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों में से एक है। यह पटियाला के महाराजा द्वारा बनाई गई प्राचीन इमारतों में से है। चैल अभयारण्य भी देखने लायक जगह है। यह लगभग 10,854.36 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। चैल अभयारण्य में 'घोरावल', 'कक्कड़', 'सांभर', 'लाल जंगल का फव्वारा' और 'खालिज' और 'चीयर' तीतर हैं। यहां माखन जैसी दिखने वाली पोस्ट खुरीन में बनाई गई हैं।

हिमाचल प्रदेश में चैल और सोलन के बीच एक छोटा-सा गांव साधुपुल भी देखने लायक है। यह अश्विनी नदी के ऊपर बने एक छोटे से पुल स्थल के पास एक नदी भोजनालय है। साधुपुल में एक वाटर पार्क और कैफे 30 जून 2017 को खोला गया था। देवदार के घने जंगलों से घिरा, खूबसूरत चैल क्रिकेट मैदान दुनिया का सबसे ऊंचा क्रिकेट ग्राउंड है। इसे 1893 में बनाया गया था। चैल महाराजा भूपिंदर सिंह की ग्रीष्मकालीन राजधानी था। इसका उपयोग चैल मिलिट्री स्कूल द्वारा स्कूल के खेल के मैदान के रूप में किया जाता है। मैदान के एक कोने में एक ऐतिहासिक पेड़ है जिस पर मिलिट्री स्कूल ने एक ट्री हाउस बनाया है। चैल गुरुद्वारा भी इस जगह के मुख्य आकर्षणों में से एक है, यह महाराजा द्वारा बनाई जाने वाली पहली इमारत थी और उसके बाद महल का निर्माण किया गया था। गुरुद्वारा इंडो-वेस्टर्न शैली में 1907 में, 22 फीट (6.7 मीटर) में बनाया गया था। ऊंची लकड़ी की छत इसकी मुख्य और मुख्य विशेषता है। काली का टिब्बा एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जिसे काली देवी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह दुनिया भर से तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को आकर्षित करता है।

**कैसे पहुंचें :** चैल चंडीगढ़, दिल्ली और शिमला से सड़क द्वारा अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। निकटतम हवाई अड्डे चंडीगढ़ और शिमला में हैं। रेल से आना चाहते हैं तो कालका-शिमला रेलवे, नैरोगेज लाइन अच्छी है। इस विश्व धरोहर स्थल पर टॉय ट्रेन भी चलती है। चैल का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन कंडाघाट है।